


राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# जागरण मोर्चा

www.jagranmorcha.com

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद में प्रसारित

जन-जन की आवाज़

लखनऊ वर्ष : 05 अंक : 67 रविवार 19 अप्रैल 2026 बैशाख शुक्ल तृतीया विक्रम संवत 2083 पृष्ठ : 12 मूल्य : 05 रूपया




## महिला आरक्षण बिल पर पीएम मोदी बोले- 'अटकाना-भटकाना इनकी नीति'

**एजेंसी समाचार**

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री मोदी ने आज महिला आरक्षण पर देश को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि कांग्रेस की राजनीति हमेशा अटकाने और भटकाने की रही है। साथ ही उन्होंने आरोप लगाया कि महिला आरक्षण बिल को रोकने के लिए विपक्ष ने भ्रम फैलाया और महिलाओं के अधिकारों के रास्ते में बाधा डाली। पीएम ने भरोसा दिलाया कि सरकार नारी शक्ति को उनका हक दिलाने के लिए प्रतिबद्ध है और आगे हर अड़चन दूर की जाएगी।



महिला आरक्षण बिल को लेकर देश की राजनीति गरमा गई है। इस मुद्दे पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विपक्ष, खासकर कांग्रेस पर जोरदार हमला बोला। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की नीति रही है कि देश को हमेशा अटकाना और भटकाना है। इस बार भी उसने महिला आरक्षण को रोकने के लिए झूठ का सहारा लिया। पीएम ने इसे नारी शक्ति के साथ अन्याय बताते हुए कहा कि विपक्ष ने महिलाओं के अधिकारों को आगे बढ़ने से रोका है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि महिला आरक्षण बिल को लेकर कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों ने जनता को गुमराह किया। उन्होंने आरोप लगाया कि कभी सीटों की संख्या तो कभी परिसीमन को मुद्दा बनाकर बिल का विरोध किया गया। पीएम मोदी ने कहा कि अगर यह बिल पास हो जाता तो हर राज्य में महिलाओं की भागीदारी बढ़ती और लोकतंत्र मजबूत होता।

पीएम मोदी ने कांग्रेस पर आरोप लगाया कि वह हमेशा महिलाओं के अधिकारों के खिलाफ रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस नहीं चाहती कि महिलाएं राजनीति में आगे बढ़ें, क्योंकि इससे उनकी परिवारवादी राजनीति कमजोर होगी। उन्होंने दावा किया कि महिला आरक्षण का विरोध करने वाले दलों का असली चेहरा देश के सामने आ गया है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि कांग्रेस और उसके सहयोगी परिसीमन को लेकर झूठ फैला रहे हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि प्रस्तावित व्यवस्था में सभी राज्यों की सीटें समान अनुपात में बढ़तीं। पीएम ने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने बांटो और राज करो की नीति अपनाकर लोगों को भ्रमित किया और राज्यों के बीच मतभेद पैदा करने की कोशिश की।

## दिल्ली में गिरफ्तार आतंकियों के मंसूबे: राम मंदिर और संसद थे निशाना, हो चुकी थी रेकी; टॉय कार से करते धमाका

**एजेंसी समाचार**

**ग्रेटर नोएडा।** दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने महाराष्ट्र, ओडिशा और बिहार से जिन चार ह्यकट्टरपंथीह्ल युवकों को गिरफ्तार किया है वह आतंकी गतिविधियों की साजिश रच रहे थे। कुछ संवेदनशील जगहों को निशाना बनाने के लिए उनकी रेकी की थी और एन्क्रिप्टेड ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के जरिए अन्य लोगों को भर्ती करने की कोशिश कर रहे थे।



स्पेशल सेल के एक अधिकारी ने बताया कि अभियान के दौरान एक इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी) और उससे जुड़ा सामान जब्त किया गया। उन्होंने आरोप लगाया कि दो आरोपी भीड़भाड़ वाली जगहों को निशाना बनाने के लिए आईईडी युक्त रिमोट संचालित टॉय कार को तैयार कर रहे थे। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा कि ये कथित तौर पर काले झंडे लेकर चलने वाले 'खुरासान के लश्कर' की अवधारणा से भी प्रेरित थे, जिसका इस्तेमाल उन्होंने दूसरों को कट्टरपंथी बनाने के अपने दुष्प्रचार के हिस्से के तौर पर किया।

उन्होंने कहा कि आरोपी बंद और एन्क्रिप्टेड सोशल मीडिया समूहों पर सक्रिय थे, जहां जिहाद, कट्टरपंथी सोच और हथियारों से जुड़ी सामग्री साझा की जाती थी।

## होर्मुज में IRGC सैनिकों की गोलीबारी, भारतीय जहाजों को लौटना पड़ा; भारत में ईरानी राजदूत तलब

**एजेंसी समाचार**

**काहिरा/नई दिल्ली।** होर्मुज जलडमरूमध्य में एक बार फिर तनाव चरम पर पहुंच गया है। ईरान की ओर से कथित गोलीबारी के बाद भारतीय जहाजों को अपना रास्ता बदलकर लौटना पड़ा। यह घटना ऐसे समय सामने आई है जब कुछ ही दिन पहले इस अहम समुद्री मार्ग को अस्थायी रूप से खोला गया था। इस पूरे घटनाक्रम ने वैश्विक तेल सप्लाई, समुद्री सुरक्षा और क्षेत्रीय स्थिरता को लेकर गंभीर चिंता खड़ी कर दी है।

जानकारी के अनुसार, दो भारतीय जहाज जग अर्नव और सन्मार हेराल्ड इस घटना में शामिल थे। इनमें से जग अर्नव, जो लगभग 20 लाख बैरल इराकी कच्चा तेल लेकर जा रहा था, पर फायरिंग की गई। दूसरा जहाज पास में मौजूद था, लेकिन उसे निशाना नहीं



बनाया गया। घटना के बाद दोनों जहाजों ने होर्मुज जलडमरूमध्य से वापस लौटने का फैसला लिया।

मामले में भारत ने सख्त रुख अपनाया है। सरकारी सूत्रों के मुताबिक, इस घटना को लेकर भारत ने ईरान के राजदूत को तलब किया है और कड़ी आपत्ति दर्ज कराई है। सूत्रों के अनुसार, दो भारतीय झंडे वाले जहाजों पर फायरिंग की खबर के बाद भारत ने इस मामले को गंभीरता से लिया है। सरकार ने ईरान से इस घटना पर स्पष्टीकरण मांगा है और समुद्री सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की है।

# केंद्र सरकार ने दो फीसदी बढ़ाया महंगाई भत्ता, 50 लाख कर्मचारियों और 69 लाख पेंशनरों को मिलेगा फायदा




**एजेंसी समाचार**

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने देश के लाखों कर्मचारियों और पेंशनरों को बड़ी राहत देते हुए महंगाई भत्ते (डीए) में 2 प्रतिशत की बढ़ोतरी को मंजूरी दे दी है। इस फैसले के बाद अब डीए 58 प्रतिशत से बढ़कर 60 प्रतिशत हो गया है। निर्णय के अनुसार, यह बढ़ोतरी 1 जनवरी 2026 से प्रभावी होगी। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कैबिनेट बैठक के बाद इसकी जानकारी दी।

इस फैसले का सीधा लाभ देश के करोड़ों लोगों को मिलेगा। सरकार की इस घोषणा से लगभग 50 लाख केंद्रीय कर्मचारियों के साथ-साथ 69 लाख पेंशनरों और पारिवारिक पेंशनभोगियों को फायदा होगा। इससे उनकी मासिक आय में बढ़ोतरी होगी और महंगाई के बीच उन्हें आर्थिक राहत मिलेगी। डीए बढ़ने से कर्मचारियों की मासिक सैलरी और पेंशन में सीधा इजाफा होगा। यह बढ़ोतरी 7वें वेतन आयोग के तहत आने वाले सभी कर्मचारियों और पेंशनरों पर लागू होगी।

महंगाई भत्ता (डीए) का मुख्य उद्देश्य कर्मचारियों और पेंशनरों की आय को महंगाई के प्रभाव से बचाना है। यह बेसिक सैलरी के प्रतिशत के रूप में तय किया जाता है और हर साल दो बार संशोधित किया जाता है। डीए की गणना औद्योगिक श्रमिकों के उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (उढक-क्ह) के आधार पर की जाती है, जिसे श्रम मंत्रालय के तहत लेबर ब्यूरो हर महीने जारी करता है।

पिछली बार केंद्र सरकार ने दीवाली पर कर्मचारियों के महंगाई भत्ते एवं पेंशनरों की महंगाई राहत में तीन फीसदी की बढ़ोतरी की थी। उस समय (अक्तूबर में) डीए को 55% से बढ़ाकर 58% किया गया था, जो 1 जुलाई 2025 से प्रभावी हुआ था। उस बढ़ोतरी का एरियर भी कर्मचारियों और पेंशनर्स को दिया गया था, जिससे उन्हें अतिरिक्त लाभ मिला था।

## पश्चिम एशिया संकट: 14 जहाजों को ईरानी सेना ने होर्मुज में रोका,एक पर सीधी फायरिंग

**एजेंसी समाचार**

**तेहरान।** भारत आ रहे कच्चे तेल और गैस से लदे 14 जहाजों को ईरानी सेना ने होर्मुज में रोक लिया। इस दौरान हुई गोलीबारी में एक भारतीय जहाज क्षतिग्रस्त हुआ है, जबकि सिर्फ एक टैंकर सुरक्षित निकलने में कामयाब रहा।

दुनिया के सबसे संवेदनशील समुद्री मार्ग होर्मुज में तनाव चरम पर पहुंच गया है। खबर आई है कि ईरानी रिवोल्यूशनरी गार्ड्स (आईआरजीसी) ने भारत आ रहे 14 मालवाहक जहाजों के एक बड़े काफिले को बलपूर्वक रोक दिया है। सूत्रों के मुताबिक, इस कार्रवाई के दौरान ईरानी गनबोट्स ने दो जहाजों पर सीधी फायरिंग की, जिससे एक भारतीय टैंकर का शीशा टूट गया।

न्यूज एजेंसी पीटीआई के मुताबिक, यह घटना ओमान से करीब 37 किलोमीटर उत्तर-पूर्व में केशम और लारक द्वीपों के बीच घटित हुई। दावा किया जा रहा है कि जहाजों का बेड़ा अपनी लय में



बढ़ रहा था, तभी दो ईरानी गनबोट्स ने उन्हें घेर लिया और बिना किसी पूर्व चेतावनी के गोलीबारी शुरू कर दी। जिस जहाज पर हमला किया गया, वह कच्चे तेल से लदा था। हमले के बाद 13 जहाजों को अपना सफर बीच में ही छोड़कर फारस की खाड़ी के अलग-अलग ठिकानों पर वापस लौटने के लिए मजबूर होना पड़ा।

हालांकि, इस तनावपूर्ण घेराबंदी के बीच एक राहत भरी खबर यह रही कि हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड के लिए कच्चा तेल लेकर आ रहा एक भारतीय जहाज सुरक्षित तरीके से होर्मुज पार करने में सफल रहा। वह अब भारत की ओर बढ़ रहा है। वहीं, बाकी 13 जहाज फिलहाल लारक द्वीप के दक्षिण में फंसे हुए हैं।

रोक गए 14 जहाजों में से सात पर भारतीय तिरंगा लहरा रहा है, जबकि बाकी जहाज लाइबेरिया, मार्शल आइलैंड्स और वियतनाम के हैं। इनमें 6 जहाज कच्चे तेल, 3 एलपीजी गैस और 4 उर्वरक से लदे हैं। भारत सरकार इन जहाजों और चालक दल की सुरक्षित वापसी के लिए लगातार ईरानी अधिकारियों के संपर्क में है।

बता दें कि अमेरिका और ईरान के बीच चल रहा युद्धविराम अगले हफ्ते समाप्त होने वाला है। ईरान ने स्पष्ट कर दिया है कि जब तक उसकी बंदरगाहों की अमेरिकी घेराबंदी जारी रहेगी, वह होर्मुज पर अपना सख्त नियंत्रण बनाए रखेगा। दुनिया के कुल तेल व्यापार का पांचवां हिस्सा इसी रास्ते से गुजरता है।

## 'बिजली की तरह करो हमला', ईरान के सुप्रीम लीडर मोजतबा खामेनेई का सेना को बड़ा संदेश

**एजेंसी समाचार**

तेहरान। ईरान के सुप्रीम लीडर मोजतबा खामेनेई ने आर्मी डे पर सेना की तारीफ करते हुए बिजली की तरह वार करने का संदेश दिया। उन्होंने 40 दिन के युद्ध को बड़ी जीत बताया और सेना की तकनीकी ताकत, ड्रोन और नौसेना की भूमिका को सराहा। उन्होंने शहीद सैनिकों को श्रद्धांजलि भी दी।

ईरान में आर्मी डे के मौके पर सुप्रीम लीडर मोजतबा खामेनेई ने सेना को लेकर बड़ा और सख्त संदेश दिया है। उन्होंने हाल ही में हुए 40 दिन के युद्ध के दौरान सेना की भूमिका की सराहना करते हुए कहा कि ईरान की सेना ने दुश्मनों के खिलाफ साहसिक रक्षा की और उन्हें करारा जवाब दिया। यह उनका सुप्रीम लीडर बनने के बाद पहला आर्मी डे संबोधन था, जिससे इस बयान को और ज्यादा अहम माना जा रहा है।

मोजतबा खामेनेई ने अपने संदेश में कहा कि ईरान की सेना को अब और मजबूत बनाना जरूरी है और उसे बिजली की तरह वार करने की क्षमता हासिल करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि



हालिया युद्ध ने दुश्मनों की कमजोरी और हार को उजागर कर दिया है। उन्होंने यह भी बताया कि सेना की ताकत बढ़ाने के लिए जल्द ही नए कदम उठाए जाएंगे।

सुप्रीम लीडर ने खास तौर पर सेना की तकनीकी ताकत, ड्रोन क्षमता और नौसेना की भूमिका को सराहा। उन्होंने कहा कि ईरान के ड्रोन दुश्मनों पर बिजली की तरह हमला करते हैं और नौसेना किसी भी समय दुश्मनों को हराने के लिए तैयार है। उन्होंने संकेत दिया कि आने वाले समय में इन क्षेत्रों को और मजबूत किया जाएगा।

उन्होंने हाल ही में खत्म हुए 40 दिन के युद्ध का जिक्र करते हुए कहा कि ईरान की सेना और रिवोल्यूशनरी गार्ड ने मिलकर दुश्मनों को भारी नुकसान पहुंचाया। यह युद्ध 8 अप्रैल को युद्धविराम के साथ खत्म हुआ था। उन्होंने इसे एक बड़ी जीत बताते हुए कहा कि इसने ईरान की सैन्य ताकत को साबित किया है।

मोजतबा खामेनेई ने इस मौके पर युद्ध में जान गंवाने वाले कमांडरों और सैनिकों को श्रद्धांजलि भी दी। उन्होंने कहा कि इन सैनिकों के बलिदान की वजह से ही देश सुरक्षित है। उन्होंने कई पुराने और हालिया सैन्य नेताओं का नाम लेकर उन्हें याद किया और उनके योगदान को देश के लिए अहम बताया।

सुप्रीम लीडर ने कहा कि अब कमजोरी का दौर खत्म हो चुका है और ईरान अपनी सैन्य ताकत को और आगे बढ़ाएगा। उन्होंने संकेत दिया कि जल्द ही नई रणनीतियां लागू की जाएंगी, जिनमें ड्रोन और समुद्री ताकत को और बढ़ाना शामिल हो सकता है।




# पुलिस मुठभेड़ में दो पशु तस्कर गिरफ्तार, एक फरार

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बरेली।** शीशगढ़ थाना क्षेत्र में शनिवार तड़के पुलिस और पशु तस्करों के बीच हुई मुठभेड़ में दो बदमाशों को गोली लगने के बाद गिरफ्तार कर लिया गया, जबकि उनका एक साथी अंधेरे और जंगल का फायदा उठाकर फरार हो गया। घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया और पुलिस ने सर्च ऑपरेशन तेज कर दिया है।
तीन अप्रैल को ग्राम बरगवां निवासी ओमकार ने किच्छा नदी किनारे संरक्षित पशु के अवशेष मिलने की सूचना दी थी। इस मामले में शीशगढ़ थाने में मुकदमा दर्ज कर पुलिस लगातार पशु तस्करों की तलाश में जुटी थी। संदिग्धों की गतिविधियों पर नजर रखी जा रही थी और कई टीमों को लगाया गया था।
शनिवार सुबह करीब पांच बजे इंस्पेक्टर जितेंद्र सिंह पुलिस टीम के साथ पनवड़िया पुल के पास गश्त कर रहे थे। तभी तीन संदिग्धों ने पुलिस को देखते ही फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने घेराबंदी कर दोनों आरोपियों को गोली मारकर दबोच लिया। मुठभेड़ में अब्दुल रहमान (35) निवासी धौराटांडा, भोजीपुरा के बाएं पैर में और दानिश कुरैशी (26) निवासी धौराटांडा, भोजीपुरा के दाहिने पैर में गोली लगी। दोनों को घायल अवस्था में सीएचसी बहेड़ी भेजा गया, जहां उनका इलाज चल रहा है।
पुलिस के मुताबिक अब्दुल रहमान से एक तमंचा, दो खोखा, एक जिंदा कारतूस और 1260 रुपये नकद बरामद हुए। वहीं दानिश के पास से एक तमंचा, कारतूस, 1550 रुपये नकद और पशु वध के उपकरण मिले हैं। मुठभेड़ के दौरान तीसरा आरोपी आरिफ निवासी किच्छा घने जंगल का फायदा उठाकर फरार हो गया। पुलिस उसकी तलाश में कॉम्बिंग ऑपरेशन चला रही है और जल्द गिरफ्तारी का दावा कर रही है।

# खतौनी घोटाले में कानूनगो सस्पेंड

## 100 बीघा जमीन कब्जाने वाले भूमाफिया पर भी लगेगा गुंडा एक्ट, तहसील दिवस में डीएम का सख्त एक्शन

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बरेली।** शनिवार को फरीदपुर तहसील में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी ने जनशिकायतों पर कड़ा रुख अपनाते हुए भ्रष्टाचार और लापरवाही पर सख्त कार्रवाई की। खतौनी में गलत अंश निर्धारण के मामले में कानूनगो ताहिर अली को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया, जबकि ग्राम समाज की जमीन पर कब्जा करने वाले व्यक्ति के खिलाफ भूमाफिया घोषित कर गुंडा एक्ट में कार्रवाई के निर्देश दिए गए।
संपूर्ण समाधान दिवस में कुल 71 शिकायतें दर्ज हुईं, जिनमें से आठ का मौके पर ही निस्तारण किया गया। किसान कृष्णपाल गंगवार की शिकायत पर जांच में पाया गया कि कानूनगो ताहिर अली ने खतौनी में गलत अंश निर्धारण किया था। मामले की पुष्टि होते ही जिलाधिकारी ने बिना देरी के कानूनगो को निलंबित कर दिया। जनसुनवाई के दौरान राजस्व विभाग से जुड़ी शिकायतों की अधिक संख्या पर डीएम ने नाराजगी जताई। उन्होंने अधिकारियों को सख्त चेतावनी देते हुए कहा कि यदि अगले तहसील दिवस तक सुधार नहीं हुआ तो संबंधित कर्मचारियों और अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### 100 बीघा जमीन पर कब्जा, माफिया पर शिकंजा

नदिया कल्याणपुर गांव में ग्राम समाज की करीब 100 बीघा जमीन पर कब्जे का मामला सामने आया। शिकायत पर डीएम ने फरीदपुर पुलिस और तहसील प्रशासन को फटकार लगाई और कब्जा करने वाले व्यक्ति को भूमाफिया घोषित करते हुए उसके खिलाफ गुंडा एक्ट के तहत कार्रवाई के निर्देश दिए। सुनवाई के दौरान सभागार में चार बार बिजली जाने से जनसुनवाई प्रभावित हुई। इस पर डीएम ने कड़ी नाराजगी जताते हुए विद्युत विभाग के अधिशासी अभियंता को मौके पर तलब किया।
जनरेटर चलने के बावजूद बार-बार बिजली गुल होने पर उन्होंने लापरवाही पर सख्त आपत्ति दर्ज कराई।

### शिक्षा विभाग भी निशाने पर

डीएम ने खंड शिक्षा अधिकारी फरीदपुर शीशपाल को भी फटकार लगाई। शाहपुर बनियान गांव के उच्च प्राथमिक विद्यालय में वरिष्ठ सहायक अध्यापक अनुज कुमार को नियमानुसार प्रभारी प्रधानाध्यापक का चार्ज न दिलाने के मामले में कार्रवाई के निर्देश दिए गए। डीएम ने दो टूक कहा कि जनसमस्याओं के समाधान में लापरवाही किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं की जाएगी और शिकायतों का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करना सभी विभागों की जिम्मेदारी है।

# एक क्लिक में खातों पर डाका, लग्जरी कार में बैठकर चलाते थे साइबर गैंग, 5 ठग गिरफ्तार

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बरेली।** कैंट थाना क्षेत्र में पुलिस ने एक बड़े हाईटेक इंटरस्टेट साइबर ठगी गैंग का पर्दाफाश करते हुए पांच शातिर आरोपियों को गिरफ्तार किया है। यह गिरोह मोबाइल पर एपीके फाइल भेजकर देशभर के लोगों के बैंक खाते चंद सेकंड में खाली कर देता था। पुलिस की कार्रवाई से साइबर अपराध के संगठित नेटवर्क की कई परतें खुलकर सामने आई हैं।
सीओ हाईवे शिवम आशुतोष सिंह ने बताया कि 17 अप्रैल 2026 को प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार धीर टीम के साथ गश्त पर थे। तभी सूचना मिली कि कृष्णा कॉलोनी के पास एक काली स्कॉर्पियो (क्ष45 ह 1535) में बैठा गैंग रियल टाइम में साइबर फ्रॉड कर रहा है। पुलिस ने घेराबंदी कर एक ही झटके में पूरे गिरोह को दबोच लिया। गिरफ्तार आरोपियों में शकिब अली, राजकुमार, डॉक्टर सचेंद्र कुमार, आशीष सिंह और बब्लू उर्फ माधोराम शामिल हैं।

### एपीके फाइल से मोबाइल हैक, ओटीपी तक पहुंच

गिरोह का तरीका बेहद खतरनाक था। आरोपी लोगों के मोबाइल पर संदेश के जरिए 'एसएमएस लिस्नर एपीके' फाइल भेजते थे। जैसे ही कोई इसे डाउनलोड करता, उसका मोबाइल पूरी तरह इनके नियंत्रण में आ जाता। इसके बाद आरोपी बैंक ओटीपी, पासवर्ड और इंटरनेट बैंकिंग की जानकारी हासिल कर लेते और रकम को कई खातों में स्थानांतरित कर तुरंत नकदी निकाल लेते। पुलिस जांच में सामने आया कि एक बैंक खाते पर 199 शिकायतें, दूसरे पर 143 और कई खातों पर 50 से ज्यादा शिकायतें दर्ज थीं। ये सभी देशभर में हुए साइबर ठगी मामलों से जुड़ी थीं। इससे स्पष्ट हो गया कि गिरोह का नेटवर्क राष्ट्रीय स्तर पर फैला हुआ था।

### चीन कनेक्शन और तिहाड़ से मिली ट्रेनिंग

पूछताछ में खुलासा हुआ कि गैंग का सरगना सुमित (लखनऊ निवासी) चीन के साइबर ठगों से जुड़ा हुआ है। शुरुआती दौर में यह नेटवर्क तिहाड़ जेल से ऑपरेट होता था, जहां से आरोपियों को ठगी के नए-नए तरीके सिखाए गए। गिरोह में शामिल डॉक्टर सचेंद्र ने पहले क्लिनिक और मेडिकल स्टोर चलाया, लेकिन असफल रहने पर साइबर अपराध की राह पकड़ ली। वहीं आशीष सिंह ने दिल्ली में कपड़ों का कारोबार किया, घाटा होने के बाद वह भी इस गैंग से जुड़ गया।

### कमीशन सिस्टम: करोड़ों की ठगी, तय हिस्सेदारी

इस गैंग में कमीशन का पूरा सिस्टम तय था। डॉक्टर सचेंद्र को 15 प्रतिशत, बब्लू को 2 प्रतिशत और अन्य सदस्यों को 1-1 प्रतिशत हिस्सा मिलता था। पुलिस ने आरोपियों के पास से लैपटॉप, 7 मोबाइल, 2 तमंचे, 4 कारतूस, 3 चेकबुक, 11 आईडी, कई एटीएम कार्ड और स्कॉर्पियो समेत अहम दस्तावेज बरामद किए हैं। सीओ हाईवे शिवम आशुतोष सिंह का कहना है कि गिरोह के अन्य सदस्यों और नेटवर्क की तलाश जारी है। जल्द ही और बड़े खुलासे हो सकते हैं।

# पुरानी रंजिश में अधेड़ की गोली मारकर हत्या, गांव में दहशत

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बरेली।** भमोरा थाना क्षेत्र के भीकमपुर गांव में शनिवार सुबह पुरानी रंजिश ने खूनी मोड़ ले लिया। खेत पर शौच के लिए गए कल्लू उर्फ कल्याण की घात लगाकर बैठे हमलावरों ने गोली मारकर हत्या कर दी। वारदात से पूरे गांव में दहशत फैल गई।
परिजनों के मुताबिक, कल्याण सुबह खेत की ओर गया था, तभी पहले से घात लगाए हमलावरों ने उसे निशाना बनाते हुए ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। गोली लगते ही वह जमीन पर गिर पड़ा और मौके पर ही उसकी मौत हो गई। इस दौरान आरोपी पक्ष के जुगेंद्र नाम के व्यक्ति के हाथ में भी गोली लगने की बात सामने आई है।

### पुरानी दुश्मनी बनी जानलेवा वजह

मृतक के भाई धर्मपाल ने बताया कि गांव के कुछ लोगों से उनकी पुरानी रंजिश चल रही थी। दो साल पहले भी आरोपियों ने उनके भाई महेंद्र के साथ मारपीट की थी। चार दिन पहले फिर दोनों पक्ष आमने-सामने आए थे और मामला थाने तक पहुंचा था। शुक्रवार को इस विवाद में समझौता होना था, लेकिन उससे पहले ही हत्या की वारदात हो गई। ग्रामीणों के अनुसार, मृतक कल्याण पर भी कई मुकदमे दर्ज थे और उसके खिलाफ गुंडा एक्ट के तहत कार्रवाई हो चुकी थी। हालांकि परिजन इसे पुरानी रंजिश में की गई साजिशन हत्या बता रहे हैं।

### मौके पर पहुंची पुलिस, जांच शुरू

घटना की सूचना मिलते ही सीओ नितिन कुमार और प्रभारी निरीक्षक पवन कुमार सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।
घटना के बाद मृतक के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। उन्होंने पुलिस पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि पहले से चल रहे विवाद के बावजूद समय रहते कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई, जिससे यह खौफनाक वारदात हो गई। पुलिस का कहना है कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश की जा रही है।

# ड्रग माफिया अकरम पर एसएसपी का हंटर, एक साल तक नहीं मिलेगी रिहाई

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बरेली।** मादक पदार्थ तस्करी के बड़े नेटवर्क पर शिकंजा कसते हुए एसएसपी अनुराग आर्य ने फतेहगंज पश्चिमी निवासी कुख्यात तस्कर अकरम के खिलाफ सख्त कार्रवाई की है। पिट एनडीपीएस एक्ट के तहत उसकी निरोधक अवधि एक वर्ष के लिए बढ़ा दी गई है। अब अकरम एक साल तक जेल से बाहर नहीं आ सकेगा।
अकरम को 2 जुलाई 2025 को इज्जतनगर पुलिस ने उसके पांच साथियों आसिफ, हारुन, जावेद, राशिद और आदेश तिवारी के साथ गिरफ्तार किया था। उस समय पुलिस ने उनके कब्जे से 3 किलो 526 ग्राम स्मैक बरामद की थी, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब सात करोड़ रुपये आंकी गई थी। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने 1.46 लाख रुपये नकद, सात मोबाइल फोन, स्मैक बनाने के उपकरण भी जब्त किए थे। इसके साथ ही तस्करी में इस्तेमाल की जा रही एक स्कूटी और मारुति स्विफ्ट कार भी बरामद की गई थी। इस मामले में एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर अकरम को जेल भेज दिया गया था, जहां वह तभी से निरुद्ध है।
लगातार अपराध में लिप्त रहा अकरम पुलिस के अनुसार अकरम पर पूर्व में भी कई मामले दर्ज हैं। वर्ष 2018 में उसे ऊधम सिंह नगर पुलिस ने 252 ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार किया था, जिसका मामला अभी न्यायालय में विचाराधीन है। इसके अलावा जुलाई 2024 में फतेहगंज पश्चिमी पुलिस ने पंकज नामक आरोपी से 211 ग्राम स्मैक बरामद की थी। पूछताछ में पंकज ने यह स्मैक अकरम से खरीदने की बात कबूली थी। इस मामले में आरोप पत्र दाखिल हो चुका है और फरवरी 2025 से न्यायालय में सुनवाई चल रही है।
पुलिस जांच में सामने आया है कि अकरम बरेली और आसपास के क्षेत्रों में स्मैक तस्करी के एक संगठित गिरोह का सरगना है। उसके साथ आसिफ, हारुन, जावेद, राशिद और आदेश तिवारी जैसे सहयोगी लंबे समय से इस अवैध कारोबार में सक्रिय थे। एसएसपी अनुराग आर्य ने बताया कि मादक पदार्थ तस्करों के खिलाफ इसी तरह की सख्त कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। अपराधियों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा और समाज को नशा मुक्त बनाने के लिए अभियान तेज किया जाएगा।

# कलेक्ट्रेट गेट पर बजरंग दल का जोरदार प्रदर्शन

- जमकर नारेबाजी, राष्ट्रपति को भेजा ज्ञापन

जागरण मोर्चा कार्यालय






**बरेली।** देशभर में उठ रहे सामाजिक और धार्मिक मुद्दों को लेकर शनिवार को कलेक्ट्रेट परिसर के बाहर बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने जोरदार प्रदर्शन कर प्रशासन की नींद उड़ा दी। गेट पर जुटे कार्यकर्ताओं ने जमकर नारेबाजी की और विभिन्न घटनाओं को लेकर आक्रोश जताते हुए सख्त कार्रवाई की मांग उठाई।
प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने हाथों में बैनर-पोस्टर लेकर केंद्र और प्रशासन का ध्यान खींचने की कोशिश की। उनका कहना था कि देश में कुछ घटनाएं लगातार सामाजिक ताने-बाने को कमजोर कर रही हैं, जिन पर समय रहते लगाम लगाना जरूरी है। ज्ञापन में बजरंग दल ने अवैध धर्मांतरण, महिलाओं के कथित शोषण और जमीन कब्जाने के मामलों का हवाला देते हुए गंभीर चिंता जताई। कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि ऐसे मामलों में ढिलाई बरती जा रही है, जिससे समाज में असंतोष बढ़ रहा है।
कार्यकर्ताओं ने सरकारी और सार्वजनिक जमीनों पर कथित अवैध कब्जों का मुद्दा भी जोर-शोर से उठाया। उन्होंने चेतावनी भरे लहजे में कहा कि यदि इन मामलों में तत्काल कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन और तेज किया जाएगा। ज्ञापन में जनजातीय और संवेदनशील क्षेत्रों की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भी सवाल उठाए गए। कार्यकर्ताओं ने मांग की कि ऐसे इलाकों में विशेष निगरानी और मजबूत सुरक्षा इंतजाम किए जाएं, ताकि किसी भी अप्रिय घटना को रोका जा सके।

### सख्त कानून और त्वरित कार्रवाई की मांग

बजरंग दल ने जबरन धर्मांतरण और अन्य आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए कड़े कानून बनाने की मांग की। साथ ही प्रशासन से ऐसे तत्वों की पहचान कर उनके खिलाफ तुरंत और प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने की अपील की। प्रदर्शन के बाद कार्यकर्ताओं ने जिलाधिकारी के माध्यम से राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन सौंपा। अंत में उन्होंने साफ कहा कि देश की एकता और सामाजिक सौहार्द बनाए रखने के लिए प्रशासन को अब निर्णायक भूमिका निभानी ही होगी।

### हाईवे पर चलती कार में लगी आग

**बरेली।** फतेहगंज पश्चिमी क्षेत्र में शनिवार दोपहर एक कार में अचानक आग लग गई, जिसमें बैठा परिवार बाल-बाल बच गया। जानकारी के अनुसार संभल के सिरसी निवासी नदीम असगर अपनी पत्नी चांदवी व एक साल के बेटे को लेकर सेंथल में शादी समारोह में शामिल होने जा रहे थे। जब नदीम असगर कार लेकर पिपरिया मोड़ पर पहुंचे तो उसकी कार में अचानक आग लग गई।
धुआं निकलता देख नदीम ने कार सड़क किनारे रोकी और आनन-फानन खिड़की खोलकर पत्नी-बच्चे को उतार लिया। कार में लगी आग देखकर आसपास खेतों में काम कर रहे लोग दौड़कर मौके पर पहुंचे और किसी तरह डिग्गी खोलकर सामान बाहर निकाला, तब तक आग बहुत तेजी से भड़क गई थी। सूचना पर फायर ब्रिगेड व फतेहगंज पश्चिमी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और आग बुझाई लेकिन तब तक कार पूरी तरह जल गई थी।

# शॉर्ट सर्किट से पेंट फैक्ट्री में लगी भीषण आग

- एक घंटे तक चला रेस्क्यू, मची अफरा-तफरी

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बरेली।** सीबीगंज थाना क्षेत्र के परसाखेड़ा औद्योगिक क्षेत्र में शनिवार सुबह अंकुर पेंट फैक्टरी के गोदाम में भीषण आग भड़क उठी। करीब 11 बजे लगी इस आग ने कुछ ही पलों में विकराल रूप ले लिया और पूरे इलाके में धुएं का गुबार छा गया।
प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि आग शॉर्ट सर्किट के कारण लगी। गोदाम में बड़ी संख्या में पेंट से भरे ड्रम रखे होने के कारण आग तेजी से फैलती चली गई। देखते ही देखते लपटें ऊंची उठने लगीं और आसपास की फैक्ट्रियों में अफरा-तफरी मच गई।
घटना की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की गाड़ियां मौके पर पहुंच गईं। साथ ही बीएल एग्रो ऑयल की फायर टीम ने भी मोर्चा संभाला। कर्मचारियों ने तुरंत राहत कार्य शुरू कर दिया और करीब आधे घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया। हालांकि पूरी तरह नियंत्रण पाने के लिए लगभग एक घंटे तक लगातार अभियान चलाना पड़ा।

### रेस्क्यू टीम ने संभाला मोर्चा

बीएल एग्रो इंडस्ट्रीज लिमिटेड के अग्नि सुरक्षा मैनेजर जय नारायण सिंह के नेतृत्व में बचाव अभियान चलाया गया। टीम में सीनियर सुपरवाइजर शोभित कुमार सिंह, प्रमोद कुमार, प्रमोद कुमार यादव, लीडिंग फायरमैन प्रवीण कुमार यादव और कर्मवीर सिंह शामिल रहे। फायरमैन कृष्णा यादव, हिमांशु, आनंद, मनीष शर्मा, विशाल, देवेश कुमार और टिंकू समेत अन्य कर्मचारियों ने भी सक्रिय भूमिका निभाई।

### नुकसान का आकलन जारी, टली बड़ी अनहोनी

आग की इस घटना में फिलहाल किसी जनहानि की सूचना नहीं है, लेकिन गोदाम में रखे सामान को काफी नुकसान पहुंचा है। नुकसान का सही आकलन किया जा रहा है। समय रहते आग पर काबू पा लेने से बड़ा हादसा टल गया, लेकिन इस घटना ने औद्योगिक क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल जरूर खड़े कर दिए हैं।

# किराए के मकान में फंदे पर लटका मिला युवक का शव

- तीन साल पहले मुस्लिम बन किया था निकाह

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** कैंट थाना क्षेत्र के नकटिया इलाके में शनिवार सुबह एक युवक का शव घर के अंदर फंदे से लटका मिलने से सनसनी फैल गई। घटना से कुछ घंटे पहले ही युवक का अपनी पत्नी से विवाद हुआ था, जिसके बाद पत्नी मायके चली गई थी। पुलिस मामले को संदिग्ध मानते हुए हर पहलू से जांच में जुट गई है।
मृतक की पहचान इमरान उर्फ विनय पुत्र शंकरलाल प्रजापति के रूप में हुई है। वह मूल रूप से बारादरी थाना क्षेत्र के जोगी नवादा का रहने वाला था और वर्तमान में नकटिया स्थित मारिया मीट फैक्टरी के पास किराये पर रह रहा था। बताया जा रहा है कि उसने करीब तीन साल पहले मुस्लिम धर्म अपनाकर मुस्कान नाम की युवती से शादी की थी। दोनों के दो बच्चे भी हैं। इमरान रिक्शा चलाकर परिवार का पालन-पोषण करता था।
पत्नी मुस्कान के मुताबिक, शुक्रवार रात इमरान घर नहीं लौटा था। शनिवार सुबह जब वह घर आया तो दोनों के बीच कहासुनी हुई, जो मारपीट तक पहुंच गई। विवाद के बाद मुस्कान अपने मायके चली गई थी। रात करीब साढ़े 12 बजे मुस्कान अपने परिजनों के साथ वापस लौटी तो घर का मुख्य दरवाजा अंदर से बंद मिला। इस पर उसका भाई जाहिद गेट के ऊपर से कूदकर अंदर गया और दरवाजा खोला।
परिजनों ने जब कमरे का दरवाजा खोला तो अंदर का नजारा देख दंग रह गए। इमरान छत के कुंडे से रस्सी और चुन्नी के सहारे फंदे पर लटका हुआ था। घटना की सूचना तत्काल पुलिस को दी गई। कैंट इंस्पेक्टर संजय धीर ने बताया कि सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और फील्ड यूनिट ने भी जांच की।
शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। कमरे की कुंडी अंदर से बंद नहीं थी, जिससे मामले में अन्य संभावनाओं की भी जांच की जा रही है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## आवश्यकता है

उत्तर प्रदेश के तेजी से बढ़ते अखबार जागरण मोर्चा को मुरादाबाद मंडल और जिला रामपुर में रिपोर्टरों और एजेंसी के लिए लोगों की आवश्यकता है। इसके अतिरिक्त विज्ञापन के लिए संपर्क करें।

मोबाइल नंबर
7906815587, 9758444242


## जिले में आज

- मिस्टन गंज स्थित अग्रवाल धर्मशाला में दुर्गा माता की पूजा अर्चना 7 :00 बजे।
- जनपद के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर जन आरोग्य मेला सुबह 8 :00 बजे।

## एक नजर

### चाइनीज मांझे की चेकिंग के लिए अभियान चलाया

**रामपुर**। पुलिस अधीक्षक सोमेद्र मीणा के निर्देशन में घटनाओं एवं दुर्घटनाओं की रोकथाम के उद्देश्य से चाइनीज मांझे की चेकिंग के लिए सघन अभियान चलाया गया।अभियान के दौरान आमजन एवं दुकानदारों को सख्त हिदायत दी गई कि चाइनीज मांझे की बिक्री पूर्णत: प्रतिबंधित है। उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध विधिक कार्रवाई की जाएगी।चाइनीज मांझा अत्यंत खतरनाक होता है, जिससे दोपहिया वाहन चालकों एवं राहगीरों के गले कटने जैसी गंभीर दुर्घटनाएं हो सकती हैं। इसके अतिरिक्त यह विद्युत तारों में उलझकर विद्युत आपूर्ति बाधित कर सकता है तथा पक्षियों के लिए भी घातक सिद्ध होता है। पुलिस द्वारा सभी से अपील अपील की गयी कि चाइनीज मांझे का प्रयोग न करें और सुरक्षित विकल्पों का ही उपयोग करें।

### मोहल्ला ठोटर में निर्माण कार्यों को अध्यक्ष ने किया चेक

**रामपुर**। पालिका अध्यक्ष सना खानम ने वार्ड संख्या 27 के मोहल्ला ठोटर में निर्माणाधीन सड़क का निरीक्षण किया। अंगूरी बाग चमेली वाली मस्जिद के निकट नवनिर्मित सड़क को भी देखा। उन्होंने सड़क की गुणवत्ता और मानकों को पूर्ण करने के लिए निर्माण विभाग के अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए। तमाम मोहल्लेवासियों ने जनहित में कराए गये निर्माण कार्य को सराहा और वे निर्माण कार्य से संतुष्ट थे। चक्की वाली गली में कूड़ा घर के स्थान पर नलकूप बनाकर पालिका द्वारा प्रशासनिक कार्य किया गया है। जिससे तमाम क्षेत्रवासी खुश है जल्द कि पानी की निर्बाध आपूर्ति दी जाएगी। इस मौके स्टेनो विल्सन कुमार, मुख्य सफाई एवं खाद्य निरीक्षक दिलशाद हसन, सफाई निरीक्षक मुकेश आदि उपस्थित रहे।



निर्माण कार्य के बारे में जानकारी लेतीं पालिकाध्यक्ष।



टांडा रोड पर ट्राली में लगती आग। -जागरण मोर्चा



सैफनी में तेज आंधी आने से गिरा मकान। -जागरण मोर्चा



कचहरी परिसर में चैंबर पर गिरा पेड़। -जागरण मोर्चा



सराए गेट स्थित मकान की दीवार पर गिरा पेड़। -जागरण मोर्चा

# आंधी-तूफान से बिजली ठप, ट्राली में लगी आग

## फैमिली चौराहे समेत अन्य स्थानों पर गिरे पेड़, उखड़े होर्डिंग्स- टूटे बिजली के तार, रात 11:30 बजे आया तेज तूफान

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर**। तेज आंधी-तूफान आने से पूरे शहर में रातभर अंधेरा छाया रहा। हवा आने से जगह-जगह उखड़कर पेड़ गिर गए। साथ ही कई स्थानों पर बिजली के खंभे भी उखड़ गए। टांडा रोड लालपुर पुल पर ट्रैक्टर ट्राली खंभे से टकरा गई। जिससे ट्रैक्टर में आग लग गई। आग लगने की सूचना मिलने पर दमकल कर्मियों ने बिजली कर्मियों ने आग पर काबू पाया।

रात करीब 11:30 बजे तेज तूफान आया। तूफान आने पर रास्ते में चल रहे लोग रुक गए। साथ ही पेड़, बिजली के तार और दीवारों पर लगे बोर्ड भी गिर गए।बोर्ड के रास्ते में चल रहे लोग हादसा होने के शिकार होने से बच गए। इसके अलावा लोगों के घरों पर छतों पर पड़ी टीनशेड हवा में उड़ गई। तेज हवा आने से पूरे की बिजली ठप हो गई। हवा रूकने के बाद बिजली कर्मियों ने तारों को सही करने के लिए पेट्रोलिंग शुरू की। तो कहीं लाइन पर पेड़, बिजली के खंभे दीवार पर गिरे मिले। इसको सही करने के लिए कर्मियों को कई-कई घंटे लग। रात भर बिजली नहीं आने पर लोग बेचैन रहे।

बिजली नहीं आने पर बिजली कर्मियों के रात भर फोन बोलते रहे। फोन नहीं उठने पर लोग बिजलीघर पहुंच गए। उन्होंने बिजली आने के बारे में पूछा। तो लाइनों पर पेड़-गिर गए। रातभर लोगों ने बिजली नही आने पर परेशान रहे।इसके अलावा सराय गेट में बाबा लक्ष्मण दास की समाधि में स्थित पीपल का पेड़ समाधि के बराबर निवास करने वाले राधेश्याम कश्यप के मकान पर गिरा गया। जिससे छत पर उनका टीनशेड क्षतिग्रस्त हो गया। दीवारों में दरार आ गयी।



फैमिली चौराहे के डिवाइडर पर गिरा पेड़। -जागरण मोर्चा

### तूफान से नूर महल की दीवार भी क्षतिग्रस्त

तेज तूफान आने से नूरमहल की दीवार भी क्षतिग्रस्त हो गई। इसकी नवाबज़ादा हमज़ा मियां ने फेसबुक पर पोस्ट की है। एक सदी से भी ज़्यादा समय तक यह मजबूती से खड़ा रहा, अपनी छाया में पीढ़ियों को गुजरते हुए देखता रहा। हर रामपुरी को याद है मेरे दादा, मिक्की मियां का इस पेड़ के नीचे बैठकर लोगों से मिलना। मेरी दादी आज भी अब्बा के बचपन के उन पिकनिक की कहानियां सुनाती हैं, जो इसी पेड़ की छांव में गुज़रीं। मेरी अपनी भी यादें इससे जुड़ी हैं। बचपन की गर्मियों में इसकी शाखाओं पर चढ़ना, ।

## छत गिरने से किशोरी घायल, पेड़-होर्डिंग उखड़ने से बिजली लाइन टूटी

**सैफनी**। शुक्रवार रात आई आंधी- तूफान में कहर बनकर टूटा। कई स्थानों पर पेड़ और होर्डिंग उखड़ने से बिजली लाइन ध्वस्त हो गईं, एक घर की छत गिरने से मलबे में दबी एक किशोरी गंभीर रूप से घायल हो गई। थाना क्षेत्र के ग्राम भजनपुरा निवासी रहीस अहमद गाड़ी चला कर परिवार का पालन पोषण करते है। देर रात आई आंधी तूफान में मकान की छत अचानक भरभराकर गिर गई। उस समय घर में मौजूद उनकी 14 वर्षीय बेटी शुमायला मलबे के नीचे दब गई, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। वहीं कमरों में रखा सारा दबाकर सामान नष्ट हो गया । हादसे के तुरंत बाद परिवार में चीख-पुकार मच गई। आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और कड़ी मशक्कत के बाद किशोरी को मलबे से बाहर निकाला। प्राथमिक उपचार के बाद उसकी हालत गंभीर देखते हुए उसे तुरंत टीएमयू डेंटल अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसका इलाज चल रहा है।

डॉक्टरों के अनुसार किशोरी की हालत नाजुक बनी हुई है और उसे आईसीयू में रखा गया है। ग्रामीणों का कहना है कि आंधी-तूफान काफी तेज था, जिससे कई कच्चे और जर्जर मकानों को नुकसान पहुंचा है। वहीं छतों रखें सोलर पैनल और दुकानों आगे लगें टीनशेड भी उड़ गए।

शुक्रवार को आई तेज आंधी में शाहबाद से सैफनी आ रही 33 केवी लाइन के पोल टूटने से सैफनी बिजली घर से जुड़े नगर समेत दर्जनों गांव की बिजली आपूर्ति गुल हो गई। लोगों को अंधेरे में ही रात काटनी पड़ी। बिजली आपूर्ति शनिवार दोपहर के बाद सुचारू कराई गई। जिसके बाद उपभोक्ताओं ने राहत की सांस ली।

### कचहरी में क्षतिग्रस्त हुए अधिवक्ताओं के चैंबर

शुक्रवार को तेज आंधी आने से कचहरी परिसर में बने अधिवक्ताओं के चैंबर क्षतिग्रस्त हो गए। चैंबर क्षतिग्रस्त होने पर अधिवक्ताओं और वादकारियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। इसके अलावा चैंबरों पर पेड़ गिर गए। वहीं दूसरी ओर तहसील सदर में भी बने चैंबर हवा में उठ गए। यहां पर कुर्सियां, मेज भी क्षतिग्रस्त हो गई।

## सड़क हादसे में बाइक सवार की मौत से परिवार में मचा कोहराम

जागरण मोर्चा, कार्यालय




**धमोरा**। रामपुर-बरेली हाईवे पर बाइक सवार युवक की बाइक रोड पर खड़ी डीसीएम में जाकर घुस गई। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसके चलते घायल को समय से उपचार न मिलने के कारण युवक की मौके पर ही मौत हो गई।

हादसा शहजादनगर थाना क्षेत्र के शंकरपुर स्थिति ईस्ट बेस्ट स्कूल के सामने शनिवार की दोपहर का है। बरेली जिले के जगतपुर गांव निवासी 30 वर्षीय अर्जुन पुत्र प्रदीप किसी काम से बाइक से सवार होकर रामपुर आया था। जिसके चलते वह अपना काम निपटा कर शनिवार की दोपहर लौटा तो हादसे का शिकार हो गया। बताया जा रहा है। कि अर्जुन की बाइक रामपुर से बरेली की ओर आते वक्त जैसे ही शहजादनगर क्षेत्र के शंकरपुर स्थित ईस्ट वेस्ट स्कूल के सामने पहुंची तो पहले से रात्रि में हुए एक हादसे में क्षतिग्रस्त डीसीएम खड़ी थी। जिससे रात्रि में हुए हादसे से रोड पर पड़े मोबिल से अर्जुन की बाइक फिसल गई।अनियंत्रित होकर रोड किनारे खड़ी डीसीएम में जाकर टकरा गई। जिससे बाइक सवार अर्जुन गंभीर रूप से घायल हो गया। देखते ही देखते समय से उपचार न मिलने के कारण उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक के कब्जे में लेकर हादसे की जानकारी परिजनों को दे दी। सूचना मिलते ही परिजन भी घटनास्थल की और दौड़ पड़े जैसे ही परिजन आधे रास्ते पहुंचे। तब तक घायल अर्जुन की मौत हो चुकी थी। जैसे ही मौत की सूचना परिवार के लोगों को लगी तो परिवार में कोहराम मच गया। रोते बिलखते परिजन भी जिला अस्पताल पहुंचे। शहजादनगर पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी में रखवा दिया।

## कुंदनपुर में तेंदुए ने फार्म हाउस से कुत्ते को उठाया

- सुबह 5 बजे खेतों के बीच दिखा तेंदुआ

जागरण मोर्चा कार्यालय

**मसवासी**। कुंदनपुर के भूड़िया फार्म हाउस में शनिवार तड़के उस वक्त हड़कंप मच गया, जब एक खूंखार तेंदुए ने दबे पांव दस्तक देते हुए एक कुत्ते को अपना शिकार बना लिया। सुबह करीब 5 बजे हुई इस घटना ने पूरे गांव को खौफ के साए में धकेल दिया है।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, भोर की हल्की रोशनी में खेतों की ओर जा रहे लोगों ने तेंदुए को गांव के आसपास मंडराते देखा। इससे पहले कि कोई कुछ समझ पाता, उसने बिजली की तेजी से हमला कर एक कुत्ते को दबोचा और उसे उठाकर जंगल की ओर गायब हो गया। कुछ ही पलों में सन्नाटा छा गया। सुबह जब किसान गेहूं की कटाई के लिए खेतों में पहुंचे, तो खून के निशान और तेंदुए के ताजा पदचिन्ह देखकर उनके होश उड़ गए। घटना की खबर आग की तरह फैल गई और देखते ही देखते पूरे इलाके में डर का माहौल बन गया। लोग अब घरों से बाहर निकलने में भी खौफ महसूस कर रहे हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि तेंदुए की यह कोई पहली वारदात नहीं है। इससे पहले भी कई बार वह कुत्तों को अपना शिकार बना चुका है, लेकिन वन विभाग हर बार सिर्फ कागजी खानापूर्ति कर मामले को ठंडे बस्ते में डाल देता है। इस बार भी सूचना देने के बावजूद कोई अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचा, जिससे लोगों में भारी आक्रोश है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही तेंदुए को पकड़ने के लिए कांबिंग अभियान नहीं चलाया गया और इलाके में पिंजरा नहीं लगाया गया, तो कोई बड़ा हादसा हो सकता है। बच्चों और बुजुर्गों की सुरक्षा को लेकर परिवारों में चिंता साफ नजर आ रही है। उधर, वन दरोगा कुलवीर सिंह ने मामले की जानकारी होने की बात कही है, लेकिन अब तक वन विभाग की निष्क्रियता पर सवाल खड़े हो रहे हैं। अब बड़ा सवाल यही है क्या प्रशासन किसी अनहोनी का इंतजार कर रहा है, या वक्त रहते तेंदुए के आतंक पर लगाम कसी जाएगी।

## शाहबाद में ई- रिक्शा पलटने से सम्भल के रीठ निवासी वृद्ध की मौत



**शाहबाद**। साली की बेटी की गौद भराई की रस्म में शामिल होकर घर लौट रहे बुजुर्ग की ई-रिक्शा पलटने से प्लाईवुड में दबकर लौट हो गई। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

जिला संभल के रीठ निवासी अमर सिंह (60) गुरुवार को साली की बेटी की गौद भराई की रस्म में शामिल होने बरेली जनपद सीनौना गांव गए हुए थे, रस्म खत्म होने के बाद शुक्रवार शाम अमर सिंह ने अपने घर रीठ लौटने के लिए शाहबाद से ई रिक्शा में सवार हो गए। ई रिक्शा के ऊपर प्लाईवुड रखा हुआ था, जैसे ही ई रिक्शा शाहबाद थाना क्षेत्र के गुलड़िया गांव से रीठ जाने वाले रास्ते पर पहुंचा, अनियंत्रित होकर पलट गया। ई रिक्शा पलटते ही यात्री अमर सिंह प्लाईवुड के नीचे दब गए। हादसे के बाद ई रिक्शा चालक मौके से फरार हो गया। आसपास के लोगों द्वारा पुलिस को सूचना दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस अमर सिंह को सीएचसी शाहबाद लेकर पहुंची,जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मृतक का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम को भेज दिया। उधर पुलिस ने शुक्रवार देर रात तक मृतक की शिनाख्त करने की कोशिश करती रही, लेकिन बॉडी की शिनाख्त नहीं हो सकी हालांकि शनिवार सुबह मृतक की शिनाख्त सम्भल जनपद के रीठ निवासी अमर सिंह के रूप में हुई।

## बदमाशों ने तमंचे के बल पर महिला से की लूटपाट, पुलिस ने शुरू की जांच

**सैफनी**। बेटी के घर आई महिला कार्यक्रम में शामिल होकर बेटी के देवर के साथ बाइक पर सवार होकर घर वापस लौट रही महिला के साथ बाइक सवार बदमाशों ने तमंचे के बल पर जेवर और मोबाइल लूटकर घायल कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच शुरू कर दी।

थाना क्षेत्र दनियापुर निवासी मेहताब जहां नगर के मझरा मोहल्ला निवासी बेटी यहां आयोजित मीलाद शरीफ कार्यक्रम में शामिल होने आई थीं। शुक्रवार रात करीब 10:30 बजे वह अपनी बेटी के देवर समीर के साथ बाइक से गांव लौट रही थीं। तभी पीछे से आए दो नकाबपोश बाइक सवार बदमाशों ने उनकी बाइक के आगे अपनी बाइक लगाकर उन्हें रोक लिया।

पीड़ित महिला का आरोप है कि बदमाशों ने तमंचा दिखाकर महिला के कानों के कुंडल,नाक की लोंग और दो अंगूठियां लूट लीं। साथ ही समीर का मोबाइल फोन और मोटरसाइकिल की चाबी भी छीनकर फरार हो गए। जहां मोबाइल और गाड़ी की चाबी कुछ दूर डाल दी। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और छानबीन शुरू कर दी। थाना प्रभारी अजय मिश्रा ने बताया कि मामले में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और आरोपियों की तलाश की जा रही है।



लूट की घटना के बाद मौजूद घर पर ग्रामीणों की भीड़। -जागरण मोर्चा

## महिला और उसके पिता से मारपीट का आरोप, चार पर केस दर्ज

**शाहबाद**। थाना क्षेत्र के मंगोली गांव में एक महिला ने मारपीट और गाली-गलौज का आरोप लगाते हुए तीन लोगों पर केस दर्ज कराया है। सीमा की तहरीर के अनुसार बीती 16 अप्रैल की रात साढ़े दस बजे बजे उसके पिता कल्लू सोने के लिए घेर पर जा रहे थे। इसी दौरान रोहित, सुशील, कल्लुआ और ऋषभ निवासीगण मंगोली ने उसे और उसके पिता को रोककर बिना किसी बात के गालियां देना शुरू कर दिया।

सीमा का आरोप है कि जब उन्होंने गाली-गलौज करने से मना किया, तो आरोपियों ने लाठी-डंडों और लात-घूसों से उसपर और उसके पिता पर हमला कर दिया। इस मारपीट में उनके पिता कल्लू के शरीर पर चोटें आई हैं। सीमा की तहरीर पर पुलिस ने संबंधित धाराओं में केस दर्ज करते हुए आगे की कार्रवाई शुरू कर दी।

चेतावनी — निदेशालय स्तर की रिपोर्ट में आपरेशन कम होने की हुई पुष्टि

## जिला अस्पताल में आपरेशन कम होने पर सर्जन को थमाया नोटिस

- हर माह 50 से 51 आपरेशन होते हैं, इस हिसाब से एक साल में करीब 600 आपरेशन होते हैं

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर**। जिला अस्पताल के दो नेत्र रोग सर्जन को निदेशालय से मिले आदेश अनुसार अस्पताल प्रशासन ने नोटिस थमाया है। नोटिस में साफ तौर पर लिखा है कि लक्ष्य के सापेक्ष आपरेशन कम हो रहे हैं। इसको लेकर मुख्य चिकित्सा अधीक्षक ने दोनों सर्जनों से काफी नाराजगी जताते हुए कार्य में सुधार लाने की चेतावनी दी है।



जिला अस्पताल। -जागरण मोर्चा

जिला अस्पताल में हर माह औसतन 50 से 51 आपरेशन होते हैं। इस हिसाब से एक साल में करीब 600 आपरेशन होते हैं। इन सभी का रिकार्ड अस्पताल में मौजूद रहता है। जिनकी यहां पर हर माह समीक्षा होती है। इसके बाद इनकी रिपोर्ट निदेशालय भेजी जाती है। वहीं से आपरेशन कम होने की पुष्टि की गई है। नोटिस में साफ-साफ लिखा है कि लक्ष्य के सापेक्ष आपरेशन कम हो रहे हैं। जबकि जिला अस्पताल में आपरेशन के लिए दो सर्जनों की नियुक्ति है। जिसमें डॉ.शम्मी कपूर, डॉ.पंकज गोस्वामी है दोनों सर्जन को अस्पताल प्रशासन से निदेशालय का आदेश लगाकर नोटिस थमाया है।

नोटिस में दोनों सर्जन को चेतावनी दी कि कार्यप्रणाली में सुधार लाए। नोटिस जारी होने पर अन्य चिकित्सकों में खलबली मची हुई है।

मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ.बीसी सक्सेना ने बताया कि लक्ष्य के सापेक्ष आपरेशन कम हुए हैं इस मामले में दोनों नेत्र रोग सर्जन को नोटिस जारी किया है।

# सम्पूर्ण समाधान दिवस : जिलाधिकारी ने सुनीं 32 शिकायतें, 7 का मौके पर निस्तारण

## डीएम ने फरियादियों की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुनते हुए अधिकारियों को दी सख्त हिदायत

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** तहसील बिलासपुर परिसर में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक की अध्यक्षता में किया गया। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान विभिन्न विभागों से संबंधित 32 शिकायती आई। जिनमें से 7 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कराया गया। सम्पूर्ण समाधान दिवस में विद्युत, राजस्व, पेंशन, पूर्ति विभाग, पुलिस, विकास विभाग, आधार कार्ड आदि से संबंधित शिकायतों को लेकर फरियादी आए।



सम्पूर्ण समाधान दिवस में शिकायतें सुनते डीएम-एसपी। -जागरण मोर्चा

जिलाधिकारी ने फरियादियों की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिकायतों का निर्धारित समय सीमा के अंतर्गत गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराया जाए। शिकायतों के निस्तारण में किसी प्रकार की लापरवाही या हीलाहवाली न बरती जाए।

सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान ग्राम फजलपुर में खाद के गड्ढे की भूमि पर अवैध कब्जे की शिकायत प्राप्त होने पर जिलाधिकारी ने जिला स्तरीय अधिकारी, एसएचओ बिलासपुर एवं राजस्व टीम को संयुक्त रूप से स्थलीय जांच कर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। इस दौरान ग्राम खजुरिया निवासी एक दिव्यांग द्वारा ट्राइसाइकिल की मांग किए जाने पर जिलाधिकारी ने खण्ड विकास अधिकारी एवं जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी को आवश्यक कार्यवाही करते हुए ट्राइसाइकिल उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी द्वारा पूर्व में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों के निस्तारण की स्थिति की भी समीक्षा करते हुए संबंधित रजिस्टर का अवलोकन किया गया।

पुलिस अधीक्षक सोमेन्द्र मीणा ने भी पुलिस विभाग से संबंधित शिकायतों को सुनते हुए थाना प्रभारियों को निर्देशित किया कि फरियादियों की शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण कराया जाए।

### सदर में 20, मिलक में 14, स्वार में 10, शाहबाद में 9, टांडा में आई 16 शिकायतें

तहसील मिलक में मुख्य विकास अधिकारी गुलाब चन्द्र की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें 14 शिकायतें आई। जिसमें से 4 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया। तहसील स्वार में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व संदीप कुमार वर्मा की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें 10 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें से 2 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया। तहसील शाहबाद में उपजिलाधिकारी शाहबाद की अध्यक्षता में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में 9 शिकायतें में से 2 शिकायतों का मौके पर निस्तारण, टांडा में उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें कुल 16 शिकायतों में से 5 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया। तहसील सदर में उपजिलाधिकारी सदर की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें 20 शिकायतों में से 2 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया।

## सार संक्षेप

### बैंककर्मियों ने फीता बांधकर किया कार्य

**रामपुर।** यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक, यूनियन स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के एसोसिएशन के बैनर तले बैंक कर्मियों ने काली पट्टी बांधकर कार्य किया। क्षेत्रीय सचिव धनराज ने कहा कि यूएफबीयू के अनुसार शनिवार को काला फीता बांधकर कार्य किया। अपने-अपने क्षेत्र/शाखा के सभी साथियों एवं पदाधिकारियों को आंदोलन के कार्यक्रमों के प्रति जागरूक हो। एकजुटता और सक्रिय सहभागिता ही इस आंदोलन को सफल बनाएगी। इस अवसर पर तरुण राज सक्सेना अध्यक्ष, सचिव उत्कर्षा सिंह, शिवानी अपूर्वा जैन, निशा, यशी, रेनू, वंशिका, राधिका, चांदनी, विनय सिंह, विनय गिल, अरविंद यादव, खुशबू, कपिल गंगवार, अनिल पाल, देवेंद्र सिंह, रितेश त्रिवेदी ने विरोध जताया।



फीता बांधकर विरोध जताती बैंककर्मी।

### बाल विवाह एवं नारी शक्ति वंदन अधिनियम पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**रामपुर।** जनपद में जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी के निर्देशानुसार एवं जिला प्रोबेशन अधिकारी इरा आर्या के मार्गदर्शन में रजा डिग्री कॉलेज में बाल विवाह एवं नारी शक्ति वंदन अधिनियम विषयक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं को बाल विवाह के दुष्परिणामों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्हें इसके प्रति सजग रहने के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही नारी शक्ति वंदन अधिनियम के प्रावधानों एवं महिलाओं के अधिकारों पर प्रकाश डालते हुए छात्राओं को सशक्त बनने के लिए जागरूक किया। इस अवसर पर महिला कल्याण विभाग की ओर से डिस्ट्रिक्ट मिशन कोऑर्डिनेटर ज्योति शर्मा एवं जेंडर स्पेशलिस्ट अंजू शर्मा द्वारा विभागीय योजनाओं की जानकारी साझा की गई। बताया कि सरकार द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं के सशक्तिकरण हेतु विभिन्न योजनाएं संचालित की जा रही हैं, जिनका लाभ उठाकर वे अपने भविष्य को सुदृढ़ बना सकती हैं। कार्यक्रम में कॉलेज की प्रिंसिपल, समस्त स्टाफ एवं बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित रहीं। सभी ने ऐसे जागरूकता कार्यक्रमों की सराहना करते हुए इसे समाज में सकारात्मक बदलाव की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया।

### अन्य जनपदों में भूसे के परिवहन पर प्रभावी रोक लगाने के निर्देश

**रामपुर।** प्रदेश सरकार द्वारा संचालित निराश्रित गोवंश संरक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत जनपद में संचालित स्थायी एवं अस्थायी गो-आश्रय स्थलों के लिए वित्तीय वर्ष 2026-27 में भूसे की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए टेंडर प्रक्रिया संचालित की जा रही है। गोवंशों के भरण-पोषण में भूसा प्रमुख आहार होने के कारण इसके पर्याप्त भंडारण पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।पशुधन मंत्री की अध्यक्षता में आयोजित समीक्षा बैठक में यह निर्णय लिया गया कि अप्रैल माह में गेहूं की फसल की कटाई के साथ भूसे की उपलब्धता बढ़ने पर टेंडर प्रक्रिया पूर्ण होते ही पर्याप्त मात्रा में भूसे का क्रय कर सुरक्षित भंडारण किया जाएगा, ताकि गो-आश्रय स्थलों में संरक्षित गोवंशों के भरण-पोषण में किसी प्रकार की बाधा न उत्पन्न हो। जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी ने बताया कि यह संज्ञान में आया है कि भूसे का उपयोग अन्य व्यावसायिक इकाइयों में भी होने के कारण जनपद में उत्पादित भूसा अन्य जनपदों एवं प्रदेशों में परिवहन किया जा रहा है। इससे स्थानीय स्तर पर भूसे की कमी की स्थिति उत्पन्न हो सकती है, जिससे गोवंशों के भरण-पोषण पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की आशंका है। जिलाधिकारी ने स्थिति को दृष्टिगत रखते हुए जनपद की सीमा से बाहर भूसे के परिवहन पर प्रभावी रोक लगाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि समन्वय स्थापित कर निराश्रित गोवंशों के भरण-पोषण की आवश्यकताओं को प्राथमिकता देते हुए भूसे के बाहरी परिवहन पर प्रतिबंध सुनिश्चित करने के लिए तत्काल आवश्यक कार्यवाही करें।

## एक जनपद-एक उत्पाद योजना के तहत रोजगार के अवसर बढ़ाने की पहल

**रामपुर।** उपायुक्त उद्योग अनुराग यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि उत्तर प्रदेश शासन द्वारा बेरोजगारों को रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से एक जनपद-एक उत्पाद मार्जिन मनी योजना संचालित की जा रही है। वित्तीय वर्ष 2026-27 हेतु जनपद रामपुर को योजना का लक्ष्य प्राप्त हो चुका है।

सरकार का प्रमुख उद्देश्य अधिक से अधिक लोगों को स्वरोजगार के माध्यम से आत्मनिर्भर बनाना है। उन्होंने बताया कि इस योजना के तहत जनपद के लिए जरी-पैचवर्क, एप्लिक वर्क एवं मैंथा उत्पाद को चयनित किया गया है। योजना के तहत उद्योग, सेवा एवं व्यवसाय स्थापित करने के लिए ऋण पर अनुदान की व्यवस्था की गई है। 25 लाख रुपये तक के ऋण पर 25 प्रतिशत तथा 1.50 करोड़ रुपये तक के ऋण पर अधिकतम 20 लाख रुपये तक का अनुदान प्रदान किया जाएगा। उपायुक्त उद्योग ने बताया कि इच्छुक अभ्यर्थी योजना का लाभ लेने के लिए पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त जानकारी के लिए जिला उद्योग प्रोत्साहन एवं उद्यमिता विकास केंद्र, रोशनबाग में किसी भी कार्य दिवस में संपर्क किया जा सकता है।उन्होंने अधिक से अधिक युवाओं से इस योजना का लाभ उठाकर स्वरोजगार स्थापित करने की अपील की।

## जिलाधिकारी ने बिलासपुर मंडी में स्थापित गेहूं खरीद केंद्रों का किया निरीक्षण

- जनपद में 114 गेहूं क्रय केन्द्र संचालित, 15 और होंगे स्थापित

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** जनपद में गेहूं खरीद प्रक्रिया को पारदर्शी, सुचारू एवं किसान हितैषी बनाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी ने सम्पूर्ण समाधान दिवस के पश्चात नवीन मंडी बिलासपुर में स्थापित विभिन्न गेहूं क्रय केन्द्रों का निरीक्षण किया।



गेहूं क्रय केंद्र का निरीक्षण करते डीएम। -जागरण मोर्चा

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने बारदाना की उपलब्धता, तौल व्यवस्था, खरीद प्रक्रिया तथा किसानों को उपलब्ध कराई जा रही मूलभूत सुविधाओं के संबंध में जानकारी प्राप्त की। इस दौरान उन्होंने मंडी में आ रहे गेहूं की गुणवत्ता को परखा तथा मंडी में स्थापित क्रय केंद्रों की व्यवस्था सही पाई गई।जिलाधिकारी ने जिला खाद्य एवं विपणन अधिकारी प्रिंस चौधरी को निर्देशित किया कि जिन किसानों की फार्मर आईडी नहीं बनी है, उनकी फार्मर आईडी क्रय केन्द्र पर ही तत्काल बनवाना सुनिश्चित किया जाए।

जिलाधिकारी ने मौके पर उपस्थित किसानों से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं। इस दौरान जिलाधिकारी ने नवीन मंडी परिसर में संचालित गेहूं क्रय केन्द्रों की संख्या के संबंध में जानकारी प्राप्त की। जिला खाद्य एवं विपणन अधिकारी ने बताया कि नवीन मंडी परिसर बिलासपुर में 11 गेहूं क्रय केन्द्र स्थापित किए गए हैं। इसके अतिरिक्त जनपद स्तर पर वर्तमान में 114 गेहूं क्रय केन्द्र संचालित हैं तथा 15 नए क्रय केन्द्र और स्थापित किए जा रहे हैं। सभी क्रय केन्द्रों पर पर्याप्त मात्रा में बारदाना उपलब्ध है। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि गेहूं खरीद प्रक्रिया में पारदर्शिता बनाए रखते हुए किसानों को किसी भी प्रकार की समस्या न होने दी जाए और सभी व्यवस्था सुचारू रूप से संचालित की जाएं।

## सीडीओ ने पीएम श्री प्राथमिक विद्यालय खाताकला प्रथम एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मिलक का किया निरीक्षण

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** मुख्य विकास अधिकारी गुलाब चंद्र ने पीएम श्री प्राथमिक विद्यालय खाताकला (प्रथम) एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मिलक का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।निरीक्षण के दौरान पीएम श्री प्राथमिक विद्यालय में प्रधानाध्यापक, सहायक अध्यापक एवं शिक्षामित्र उपस्थित मिले। विद्यालय में मिड-डे मील के अंतर्गत बच्चों को निर्धारित मीनू के अनुसार भोजन वितरित किया जा रहा था। मुख्य विकास अधिकारी ने बच्चों की शैक्षिक गुणवत्ता का आकलन किया, जो संतोषजनक एवं अच्छा पाया गया। उन्होंने निर्देशित किया कि सभी विद्यार्थियों को शासन द्वारा प्रदान की जाने वाली सुविधाओं का शत-प्रतिशत निःशुल्क वितरण सुनिश्चित किया जाए तथा मिड-डे मील का संचालन निर्धारित मानकों के अनुरूप किया जाए।



मिलक सीएचसी का निरीक्षण करते सीडीओ। -जागरण मोर्चा

मुख्य विकास अधिकारी ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मिलक का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. बासित अली अपने समस्त स्टाफ एवं अन्य चिकित्सकों के साथ ड्यूटी पर उपस्थित पाए गए। मुख्य विकास अधिकारी ने उपस्थिति पंजिका का अवलोकन कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।निरीक्षण में पाया कि मरीजों को परामर्श हेतु दिए जाने वाले पर्चे ऑनलाइन माध्यम से बनाए जा रहे हैं। इस व्यवस्था पर संतोष व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि ऑनलाइन प्रणाली से मरीजों के अभिलेखों का बेहतर प्रबंधन एवं पारदर्शिता सुनिश्चित होती है।मुख्य विकास अधिकारी ने अस्पताल में उपस्थित मरीजों से वार्ता कर उन्हें उपलब्ध कराई जा रही स्वास्थ्य सेवाओं एवं दवाओं की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने प्रभारी चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित किया कि अस्पताल परिसर में साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखा जाए तथा शासन द्वारा संचालित सभी जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम पात्र व्यक्ति तक पहुंचाना सुनिश्चित किया जाए।

## शाहबाद तहसील में समाधान दिवस में एसडीएम ने सुनी जनसमस्याएं

**शाहबाद।** शनिवार को शाहबाद तहसील के सभागार में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। सम्पूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता एसडीएम आशुतोष कुमार ने की। एसडीएम आशुतोष कुमार ने लोगो की जनसमस्याओं को सुनते हुए उनके तुरंत निस्तारण के निर्देश दिए।

शाहबाद के सम्पूर्ण समाधान में कुल 9 शिकायती पत्र आए जिनमें से 2 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया जबकि बची हुई शिकायतों को निस्तारण करने के लिए संबंधित विभागों को भेज दिया गया। एसडीएम आशुतोष कुमार ने कहा कि लोगों की जनसमस्याओं का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण समय से करने के निर्देश दिए गए है। इस मौके पर तहसीलदार अमित कुमार, नायब तहसीलदार हरीश जोशी, बीडीओ धीरेन्द्र सिंह चौहान आदि रहे।

## बीच सड़क में गड्ढा लोगों के लिए बना रहा हादसों का कारण

- रोज गिर रहे राहगीर, जिम्मेदार खामोश, ग्रामीणों में आक्रोश

जागरण मोर्चा कार्यालय

**मिलक।** क्षेत्र के निपनिया में मुख्य सड़क के बीचों-बीच बना गहरा गड्ढा लोगों के लिए बड़ी मुसीबत बन गया है। हालात ऐसे हैं कि रोजाना राहगीर इस गड्ढे में गिरकर चोटिल हो रहे हैं, लेकिन प्रशासन अब तक पूरी तरह मौन बना हुआ है।

ग्रामीणों का कहना है कि यह गड्ढा कई दिनों से बना हुआ है और लगातार बड़ा होता जा रहा है। बारिश और आवागमन के कारण इसकी स्थिति और भी खतरनाक हो गई है। खासकर



सड़क के बीच में हो रखा गड़ढा।

रात के समय यह गड्ढा दिखाई नहीं देता, जिससे दुर्घटनाओं का खतरा कई गुना बढ़ जाता है।लोगों के मुताबिक, बाइक और साइकिल सवार सबसे ज्यादा इस गड्ढे का शिकार हो रहे हैं। कई लोग चोटिल हो चुके हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है ग्रामीणों ने बताया कि कई बार संबंधित विभाग को शिकायत दी जा चुकी है, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। लोगों में प्रशासन की लापरवाही को लेकर गहरा रोष है।गड्ढे की गहराई और उसकी स्थिति को देखते हुए आशंका जताई जा रही है कि यदि जल्द मरम्मत नहीं कराई गई तो कोई बड़ा हादसा हो सकता है। इस पूरे मामले में जिम्मेदार अधिकारी चुप्पी साधे हुए हैं। न तो गड्ढे की मरम्मत की गई है और न ही कोई चेतावनी संकेत लगाए गए हैं।ग्रामीणों ने प्रशासन से तत्काल गड्ढे को भरवाने और सड़क की मरम्मत कराने की मांग की है, ताकि लोगों को राहत मिल सके और हादसों पर रोक लग सके।

## प्रमोद गंगवार को बिलासपुर विस अध्यक्ष बनने पर सपाइयों ने किया स्वागत

जागरण मोर्चा कार्यालय

**मिलक।** समाजवादी पार्टी ने मिशन 2027 की तैयारियों के तहत मिलक के पूर्व ब्लॉक प्रमुख प्रमोद गंगवार को बड़ी जिम्मेदारी सौंपी है। पार्टी ने उन्हें 36-बिलासपुर विधानसभा का अध्यक्ष मनोनीत किया है। मनोनयन की खबर मिलते ही समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई।

मनोनीत होने के बाद प्रमोद गंगवार को पार्टी कार्यकर्ताओं ने धनेली उत्तरी स्थित आवास पर पहुंचकर उनको फूल-मालाएं पहनाकर मुबारकबाद दी। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया। सभी ने एकजुट होकर 2027 में जनपद की सभी विधानसभा



सीटों पर सपा का परचम लहराने का संकल्प लिया।प्रमोद गंगवार जमीनी पकड़ और संगठनात्मक अनुभव के चलते पार्टी ने बिलासपुर जैसी महत्वपूर्ण सीट की कमान उन्हें सौंपी है। सपा जिलाध्यक्ष अजय कुमार सागर द्वारा जारी सूची में प्रमोद गंगवार का नाम बिलासपुर विस अध्यक्ष के रूप में घोषित किया गया। सपा ने 2027 के विधानसभा चुनाव में जिले की पांचों सीटों पर जीत का लक्ष्य रखा है। इसके लिए बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत किया जा रहा है।

नवनियुक्त विस अध्यक्ष प्रमोद गंगवार से पार्टी की पीडीए नीति को घर-घर पहुंचाने और कमजोर-वंचित वर्गों को जोड़ने की उम्मीद की जा रही है इस अवसर पर गन्ना समिति के पूर्व अध्यक्ष कृष्णपाल गंगवार, पूर्व प्रधान फैसल खान, पूर्व सभासद इकरार हुसैन,मोहम्मद असलम,हाजी सईदुल रहमान, नन्हे कादरी,अजय सिंघल,अकरम खान, शाकिर कुरैशी, सफदर अल्वी, मोहम्मद असर अली पवन यादव,मोहम्मद जावेद आदि थे।

**क्रीड़ा** — उत्तर प्रदेश लखनऊ के निर्देशन में खेलो इंडिया एथलेटिक सेंटर संचालित

## खेल किट मिलने पर खिले प्रशिक्षणार्थियों के चेहरे



प्रशिक्षार्थियों के संग खड़े अतिथि, प्रभारी क्रीड़ा अधिकारी। -जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** भारत सरकार, उत्तर प्रदेश सरकार के समन्वय से एक जनपद एक खेल योजना के अंतर्गत खेल निदेशालय उत्तर प्रदेश लखनऊ के निर्देशन में खेलो इंडिया एथलेटिक सेंटर संचालित है। खेलो इंडिया एथलेटिक सेंटर के प्रशिक्षार्थियों को खेल किट उपकरण का वितरण वरिष्ठ कोषाधिकारी रणजीत सिंह, राजेंद्र सिंह रावत ओलंपियन के द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। जिससे खिलाड़ियों के चेहरे खिल उठे।

मुख्य अतिथि ने अपने सम्बोधन में कहा कि खिलाड़ियों को वर्तमान में अच्छी सुविधाएं खेल मैदान खेल किट, उपकरण और खेल प्रशिक्षक मिल रहें है। खेलो इंडिया सेंटर बहुत ही सरहानीय प्लेटफार्म है। इससे खिलाड़ियों को आगे बढ़ने का अवसर मिलेगा। उन्होंने कहा ग्रामीण अंचल से आने वाले बालक बालिका खिलाड़ियों के लिए एक बहुत ही अच्छा अवसर है। इस अवसर को भविष्य निर्माण के लिए तैयारी करना चाहिए। इस अवसर पर खेलो इंडिया प्रशिक्षक सौरभ कुमार हॉकी प्रशिक्षक फरहत अली खान, खेमपाल आदि मौजूद रहे।

### प्रशिक्षण में 30 प्रशिक्षार्थी है शामिल

प्रभारी क्रीड़ा अधिकारी संतोष कुमार ने बताया कि खेलो इंडिया एथलेटिक सेंटर मे आने बाले 15 बालक 15 बालिकाएं कुल 30 ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र से आने वाले प्रशिक्षार्थी प्रशिक्षक सौरभ कुमार के निर्देशन में अनुशासित रहते हुए प्रशिक्षण प्राप्त कर रहें। एथलेटिक्स खिलाड़ियों के लिए एक सुनहरा अवसर है जनपद रामपुर में खिलाड़ियों के लिए सिंथेटिक रनिंग ट्रेक प्रस्तावित है शीघ्र ही जनपद के एथलेटिक्स खिलाड़ी सिंथेटिक रनिंग ट्रेक पर फर्राटा दौड़ भरेंगे।

## भाजपा कार्यालय पर हुआ कार्यक्रम का आयोजन

# संगोष्ठी: बाबा साहब के विचारों को आत्मसात करने का संकल्प लिया

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** राम विहार स्थित भारतीय जनता पार्टी कार्यालय में शनिवार को डॉ. भीमराव अंबेडकर विधानसभा की संगोष्ठी का आयोजन किया। कार्यक्रम में समाज के विभिन्न वर्गों के प्रतिनिधियों, पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और बाबा साहेब के विचारों को आत्मसात करने का संकल्प लिया।



कार्यक्रम के दौरान मौजूद भाजपाई। -जागरण मोर्चा

मुख्य अतिथि सूर्य प्रकाश पाल ने संबोधन में कहा कि डॉ. भीमराव अंबेडकर जी ने समाज के अंतिम व्यक्ति तक न्याय और समान अवसर पहुंचाने का मार्ग दिखाया। आज जरूरत है कि हम उनके विचारों को केवल याद न करें, बल्कि उन्हें अपने व्यवहार और नीतियों में उतारें। प्रदेश सरकार और केंद्र सरकार बाबा साहेब के सपनों को साकार करने के लिए निरंतर कार्य कर रही हैं।वहीं सुनीता सिंह सैनी ने कहा कि बाबा साहब ने महिलाओं को जो अधिकार और सम्मान दिलाया, वह आज के भारत की सबसे बड़ी ताकत है। महिलाओं का सशक्तिकरण ही समाज के समग्र विकास की कुंजी है और सरकार इस दिशा में कई महत्वपूर्ण कदम उठा रही है।संगोष्ठी के दौरान उपस्थित वक्ताओं ने बाबा साहब के जीवन, उनके संघर्षों एवं संविधान निर्माण में उनके योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यक्रम में सामाजिक समरसता, समानता एवं अधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ाने पर विशेष जोर दिया गया।अंत में आयोजकों द्वारा सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया गया और बाबा साहेब के आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया गया। इस कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष विवेक रुहेला, पारुल गुप्ता, रघुवीर सिंह जाटव, प्रमोद आहूजा, राजीव मांगलिक, अनुज सक्सेना, ऋषभ ठाकुर, बाकर खान, विक्रम सिंह, पूजा शर्मा, चेतराम आदि उपस्थित रहे।

### चमरौआ विधानसभा में अंबेडकर जयंती पर संगोष्ठी का आयोजन

**रामपुर।** चमरौआ विधानसभा क्षेत्र के रोशन चाइल्ड अकैडमी ग्राम दिलपुरा में बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में उपस्थित वक्ताओं ने बाबा साहब के विचारों, उनके संघर्ष और समाज के प्रति उनके योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं एवं क्षेत्रीय नागरिकों की सहभागिता रही।मुख्य अतिथि राजा वर्मा ने कहा कि डॉ. भीमराव अंबेडकर जी ने भारत को एक सशक्त संविधान देकर समाज के हर वर्ग को समान अधिकार दिलाने का कार्य किया। उनका जीवन हमें सामाजिक समरसता, शिक्षा और समानता के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। आज हमें उनके विचारों को आत्मसात कर समाज में अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक न्याय पहुंचाने का संकल्प लेना चाहिए। कार्यक्रम के संयोजक मोहन कुमार लोधी ने कहा कि बाबा साहब का पूरा जीवन समाज के वंचित और शोषित वर्ग के उत्थान के लिए समर्पित रहा। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी लोगों ने बाबा साहब के आदर्शों को अपनाने और समाज में समानता एवं भाईचारे को बढ़ावा देने का संकल्प लिया।इस कार्यक्रम में जिला महामंत्री रविंद्र सिंह रवि अनुसूचित मोर्चे के जिला अध्यक्ष रघुवीर सिंह सागर सर सरवन सिंह सागर अतर सिंह सागर भूकंप सागर रवि सागर विनोद सागर चंचल सागर कुलदीप सिंह पन्नू अजय सैनी राजू सागर राम सिंह सागर आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।कार्यक्रम का संयोजन पूर्व विधानसभा प्रत्याशी मोहन कुमार लोधी द्वारा किया गया।

# शाहबाद में अधिवक्ताओं ने न्यायालय में न्यायिक मजिस्ट्रेट का किया स्वागत

**शाहबाद।** नगर की तहसील कोर्ट में स्थित ग्राम न्यायालय में न्यायिक मजिस्ट्रेट शशिप्रभा चौधरी के मातृत्व अवकाश पर चले जाने के पश्चात से ही न्यायालय रिक्त चल रहा था जिसमें लगभग तीन माह से सभी न्यायिक कार्यों की गति लगभग थम ही गई थी।

इस सन्दर्भ में सिविल एवं न्यायिक बार एसोसिएशन शाहबाद की ओर से जिला एवं सत्र न्यायाधीश महोदय जनपद रामपुर को पत्र लिखकर न्यायिक अधिकारी की मांग की गई थी परन्तु उस समय व्यवस्था न होने के कारण उक्त न्यायालय को एक लिंक मजिस्ट्रेट के अधीन कर दिया गया था परन्तु अब उच्च न्यायालय इलाहाबाद से जनपद में कुछ नये मजिस्ट्रेट आने के पश्चात ग्राम न्यायालय शाहबाद में भी स्थायी मजिस्ट्रेट को पदासीन कर दिया गया है। न्यायिक मजिस्ट्रेट अभिषेक सिंह को ग्राम न्यायालय शाहबाद का चार्ज मिला है। न्यायिक मजिस्ट्रेट की ज्वाइनिंग के पश्चात सिविल एवं न्यायिक बार एसोसिएशन शाहबाद के अध्यक्ष एडवोकेट सैयद शाह आलम, वरिष्ठ उपाध्यक्ष एडवोकेट रिंकू कुमार यादव, मीडिया प्रभारी एडवोकेट अभिषेक शर्मा व सहयोगी रितिक कुमार एवं रेखा रानी शर्मा ने न्यायिक मजिस्ट्रेट अभिषेक सिंह का पुष्प मालाओं से स्वागत किया। इस अवसर पर अधिवक्तागण व न्यायिक मजिस्ट्रेट के मध्य विभिन्न कानूनी मुद्दों पर परिचर्चा हुई।



न्यायिक मजिस्ट्रेट का स्वागत करते अधिवक्ता। -जागरण मोर्चा

# बाबा साहब के आदर्शों को अपनाने और भाईचारे को बढ़ावा देने का संकल्प लिया

- चमरौआ विधानसभा में अंबेडकर जयंती पर संगोष्ठी का आयोजन

जागरण मोर्चा कार्यालय

रामपुर। चमरौआ विधानसभा क्षेत्र के रोशन चाइल्ड एकेडमी ग्राम दिलपुरा में बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में उपस्थित वक्ताओं ने बाबा साहब के विचारों, उनके संघर्ष और समाज के प्रति उनके योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं एवं क्षेत्रीय नागरिकों की सहभागिता रही।

मुख्य अतिथि राजा वर्मा ने कहा कि डॉ. भीमराव अंबेडकर जी ने भारत को एक सशक्त संविधान देकर समाज के हर वर्ग को समान अधिकार दिलाने का कार्य किया।

उनका जीवन हमें सामाजिक समरसता, शिक्षा और समानता के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। आज हमें उनके विचारों को आत्मसात कर समाज में अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक न्याय पहुंचाने का संकल्प लेना चाहिए। कार्यक्रम के संयोजक मोहन कुमार लोधी ने कहा कि बाबा साहब का पूरा जीवन समाज के वंचित और शोषित वर्ग के उत्थान के लिए समर्पित रहा। भारतीय जनता पार्टी उनके आदर्शों पर चलते हुए समाज के हर वर्ग के विकास के लिए निरंतर कार्य कर रही है। हमें उनके बताए मार्ग पर चलकर एक समरस और सशक्त भारत के निर्माण में योगदान देना चाहिए।कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी लोगों ने बाबा साहब के आदर्शों को अपनाने और समाज में समानता एवं भाईचारे को बढ़ावा देने का संकल्प लिया।इस कार्यक्रम में जिला महामंत्री रविंद्र सिंह रवि अनुसूचित मोर्चे के जिला अध्यक्ष रघुवीर सिंह सागर, सरवन सिंह सागर अतर सिंह सागर भूकंप सागर रवि सागर विनोद सागर चंचल सागर कुलदीप सिंह पन्नू अजय सैनी राजू सागर राम सिंह सागर आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।कार्यक्रम का संयोजन पूर्व विधानसभा प्रत्याशी मोहन कुमार लोधी द्वारा किया गया।

### शाहबाद रामपुर रोड पर अनियंत्रित होकर बाइक फिसली, मां- बेटा जख्मी

**शाहबाद।** शनिवार को रामपुर रोड स्थित रामगंगा पुल के पास बाइक अनियंत्रित होकर फिसल गई। हादसे में बाइक सवार मां- बेटा घायल हो गए। शाहबाद थाना क्षेत्र के जयडोली गांव निवासी विमला अपने बेटे दीपक के साथ पस्तोर गांव में अपने मायके गई थीं। मायके से वापस लौटते वक्त रामगंगा पुल के पास उनकी बाइक अनियंत्रित हो गई, हादसे में मां-बेटा सड़क पर गिरकर घायल हो गए। यह देखकर मौके पर राहगीरों की भीड़ जमा हो गई। दीपक ने फोन पर अपने परिजनों को हादसे की जानकारी दी। सूचना मिलने पर परिजन मौके पर पहुंचे और घायलों को लेकर सीएचसी शाहबाद गए। डॉक्टरों ने दोनों घायलों को प्राथमिक उपचार दिया। विमला की हालत गंभीर होने के कारण उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है।



# शिक्षक एक कुशल शिल्पकारों की भांति विद्यार्थियों के स्वर्णिम भविष्य का निर्माण कर रहे: डॉ. नावेद

- सभी प्रतिभागियों को भी स्मृति चिन्ह एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** सेंट पॉल्स स्कूल में समुद्री जैव विविधता के बचाव की चुनौतियां और समाधान विषय पर एक जनपद स्तरीय संगोष्ठी का आयोजन किया। संगोष्ठी में जनपद के सीबीएसई विद्यालय के छात्र छात्राओं ने इस विषय पर अपने विचारों एवं सुझावों को व्यक्त किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वल , स्वागत गीत और स्वागत नृत्य के माध्यम से किया। तत्पश्चात विद्यालय के प्रधानाचार्य मनोज पाठक ने स्वागत भाषण के माध्यम से कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की और मुख्य अथिति डॉ नावेद बहार खान पूर्व उच्च शिक्षा निदेशक उत्तर प्रदेश एवं डॉ वंदना शर्मा प्रोफेसर राजकीय रज़ा स्नातकोत्तर महाविद्यालय का परिचय सम्मानित सदन से करवाया । साथ ही समस्त प्रतिभागी विद्यार्थी और उनको मार्गदर्शित करने वाले शिक्षकों एवं प्रधानाचार्यों का भी अभिवादन किया । विद्यालय की अध्यापिका अर्पिता श्रीवास्तव ने कार्यक्रम के विषय की प्रासंगिकता प्रस्तुत की और भविष्य के सन्दर्भ में इस विषय की उपयोगिता पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. नावेद बहार खान ने कहा कि सेंट पॉल्स स्कूल विगत कई वर्षों से इस प्रकार के आयोजन करके शिक्षा जगत को निरंतर जागरूक करने का प्रयास कर रहा है। शिक्षक एक कुशल शिल्पकारों की भांति विद्यार्थियों के स्वर्णिम भविष्य का निर्माण कर रहे है।





छात्र-छात्राओ के साथ मौजूद अतिथि। -जागरण मोर्चा

विद्यालय के निदेशक डॉ. अरुण दयाल ने कहा कि जैव विविधता एक ऐसा विषय है जो सम्पूर्ण जगत को सामूहिक रूप से जोड़ता है। विद्यालय की गत वर्ष की विज्ञान वर्ग की टॉपर जाह्नवी ठाकुर को 95.4 प्रतिशत अंक लाने के लिए सम्मानित किया गया । इसके साथ ही सभी प्रतिभागियों को भी स्मृति चिन्ह एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया।इस अवसर पर विद्यालय के उप प्रधानाचार्य सुधीर कुमार सिंह , शहला जरताज ,रीना अग्रवाल , शोभा रानी , मदीहा नासिर खान , आमना सईद सहित समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। कार्यक्रम का संचालन उमा अग्रवाल ने किया तथा कार्यक्रम के अंत में विद्यालय की अध्यापिका प्रीति टंडन ने सभी का आभार व्यक्त किया ।

### भीषण गर्मी को देखते हुए स्कूलों के समय में किया जाए बदलाव

**रामपुर।** भीषण गर्मी एवं लू के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ द्वारा जिलाधिकारी को एक ज्ञापन प्रेषित किया। यह ज्ञापन जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के माध्यम से भेजा गया। जिसमें वर्तमान मौसम की गंभीर स्थिति को ध्यान में रखते हुए विद्यालयों के समय में परिवर्तन की मांग की गई है। ज्ञापन में कहा गया है कि जनपद में तापमान लगातार 40 डिग्री सेल्सियस से ऊपर बना हुआ है, जिससे आम जनजीवन के साथ-साथ परिषदीय विद्यालयों में अध्ययनरत छोटे बच्चों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। वर्तमान में विद्यालयों का समय प्रातः 8 बजे से अपराह्न 2 बजे तक संचालित हो रहा है, जो इस भीषण गर्मी में बच्चों के लिए अत्यंत कष्टदायक सिद्ध हो रहा है।संघ ने मांग की है कि विद्यार्थियों के स्वास्थ्य एवं सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए जनपद के समस्त परिषदीय विद्यालयों का समय परिवर्तित कर प्रातः 7 :30 बजे से दोपहर 12 :30 बजे तक किया जाए, जिससे बच्चों को लू एवं अत्यधिक गर्मी के दुष्प्रभाव से बचाया जा सके।

# अग्निवीर भर्ती के लिए करियर काउंसलिंग कार्यशाला आयोजित

अग्निपथ योजना

**रामपुर।** जिला सेवायोजन कार्यालय के तत्वावधान में राजकीय आश्रम पद्धति इण्टर कॉलेज एवं रामलीला पब्लिक इंटर कॉलेज में अग्निपथ योजना के अंतर्गत भारतीय वायु सेना में अग्निवीर भर्ती प्रक्रिया से संबंधित करियर काउंसलिंग कार्यशाला का आयोजन किया गया।कार्यक्रम का शुभारम्भ प्रभारी जिला सेवायोजन अधिकारी मनोज कुमार द्वारा किया गया। इस अवसर पर आर्य विद्यालय इंटर कॉलेज, मिलक के प्रधानाचार्य दीपक कुमार सक्सेना तथा 3 वायु सैनिक चयन केन्द्र, वायुसेना स्टेशन, कानपुर से आए विशेषज्ञों, अमरेन्द्र कुमार जायसवाल, दुर्गेश कुमार सिंह एवं प्रणव शुक्ला ने छात्र-छात्राओं को अग्निपथ योजना के अंतर्गत भारतीय वायु सेना में अग्निवीर के रूप में भर्ती प्रक्रिया, पात्रता, चयन प्रक्रिया एवं आवेदन की जानकारी प्रदान की।विशेषज्ञों द्वारा अग्निवीर के रूप में चयनित अभ्यर्थियों को मिलने वाले वेतन, भत्तों एवं अन्य सुविधाओं के बारे में भी विस्तार से बताया। साथ ही विद्यार्थियों का मनोबल बढ़ाते हुए उन्हें अपने करियर के लिए सही विषय चयन करने की सलाह दी गई, जिससे उन्हें भविष्य में रोजगार के बेहतर अवसर प्राप्त हो सकें।कार्यशाला में कुल 122 छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग कर करियर काउंसलिंग का लाभ उठाया।

परेशानी — टांडा जाने वाले लोग जौहर यूनिवर्सिटी आलियागंज होकर गुजर रहे हैं

# जुलाई तक बंद रहेगा अटारिया का पुल

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** रामपुर-स्वार रोड स्थित अटरिया चौकी से एपीजे अब्दुल कलाम गेस्ट हाउस की ओर जाने वाले पुल पर लोगों को आवाजाही जुलाई तक बंद रहेगी। इस पुल पर निर्माण कार्य की मरम्मत में दरारों का भरना, सतह को वाटरप्रूफ बनाने का कार्य कराया जा रहा है। पुल बंद होने पर टांडा जाने वाले लोग जौहर यूनिवर्सिटी आलियागंज होकर गुजर रहे हैं।

मोहल्ला चिरान स्थित लोक निर्माण विभाग कार्यालय द्वारा अटरिया पुल का कार्य कराया जा रहा है। विभागीय अधिकारियों के अनुसार 4.5 किलोमीटर में मेस्टिक कार्य 3.40 करोड़ रुपये की लागत से कराया जा रहा है। पुल की मरम्मत कराए जाने के लिए विभागीय अधिकारियों ने इसका प्रस्ताव बनाकर शासन को भेजा गया था। शासन की स्वीकृति मिलने के बाद मार्च में कार्य शुरू कराया गया। मौजूदा समय में पुल पर कार्य निर्माणाधीन है। सहायक अभियंता भव्य निधि ने बताया कि अटरिया पुल पर तीन माह तक कार्य जारी रहेगा।



चौकी अटरिया पुल पर कार्य करते मजदूर।

### बिलासपुर में लगाए दुकानों पर लाल निशान

**रामपुर।** बिलासपुर के आबादी वाले क्षेत्र में लोक निर्माण विभाग और राजस्व विभाग की टीम ने दुकानों, मकानों पर लाल निशान लगाए हैं। यह मकान चौड़ीकरण की जद में आ रहे हैं। उधर लाल निशाल लगने पर लोगों में खलबली मची रही।दो दिन का अल्टीमेटम दिया गया है। राज्यमंत्री क्षेत्र में लोक निर्माण विभाग द्वारा आबादी वाले क्षेत्र में चौड़ीकरण कराया जाना है। वर्तमान में सड़क की सात मीटर चौड़ाई है इसको बढ़ाकर 10 मीटर कराई जानी है। चौड़ीकरण कराए जाने में लोगों की दुकान और मकान जद में आ रहे हैं। शनिवार को सहायक अभियंता राजीव गंगवार, गुरमीत सिंह, नायब तहसीलदार , लेखपाल समेत टीम ने दुकानों-मकानों पर लाल निशान लगाए। लाल निशान लगाने के बाद सभी को दो दिन का समय भी दिया है। विभागीय अधिकारियों की इस कार्रवाई से अन्य लोगों में खलबली मची रही। एक्सईएन केवी सिंह ने बताया कि आबादी वाले क्षेत्र में सड़क का चौड़ीकरण कराया जाना है। इसकी जद में दुकान, मकान आ रहे हैं सभी पर लाल निशान लगाए गए हैं।

## सार संक्षेप



कार्यक्रम में मौजूद छात्र। -जागरण मोर्चा

### सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में मनाई भगवान परशुराम जयंती

**मिलक।** शनिवार नगर के प्रतिष्ठित विद्यालय सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, मिलक के वंदना सत्र में भगवान परशुराम की जयंती धूमधाम के साथ मनाई। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाचार्य आनंदपाल सिंह जी एवं कार्यक्रम के मुख्य वक्ता श्रीमान सोनू पांडेय जी ने संयुक्त रूप से मां शारदे के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित व माल्यार्पण कर किया। मुख्य वक्ता सोनू पांडेय ने भगवान परशुराम के जीवन चरित्र पर प्रकाश डालते हुए बताया कि भगवान परशुराम की जयंती हिंदू धर्म के महत्वपूर्ण त्योहारों में से एक है। यह दिन भगवान विष्णु के छठे अवतार भगवान परशुराम के जन्मोत्सव के रूप में मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि भगवान परशुराम की जयंती प्रतिवर्ष वैशाख मास की शुक्ल पक्ष की तृतीया को मनाई जाती है। वे ब्राह्मण कुल में जन्मे थे, लेकिन उनमें क्षत्रिय के गुण थे। कार्यक्रम के अंत में प्रधानाचार्य आनंदपाल सिंह ने कहा कि भगवान सभी के होते हैं, सभी को भगवान की पूजा पाठ और कार्यक्रम मनाने चाहिए।इस अवसर पर विद्यालय के पूर्व आचार्य सत्य प्रकाश गंगवार जी ने कहा कि सभी छात्र-छात्राओं को जो संस्कार विद्यालय में दिए जाते हैं, छात्र-छात्राएं उन संस्कारों को अपने जीवन में उतारें। संस्कारों का जीवन तथा समाज में अति महत्व है। कार्यक्रम का संचालन हिंदी के आचार्य कौशल उपाध्याय जी ने किया।

### संयम पथ की ओर बढ़े रामपुर के श्रीयांश कुमार जैन

**रामपुर।** जैन धर्म की त्याग, तप और आत्मकल्याण की महान परंपरा को आगे बढ़ाते हुए जैन समाज के वरिष्ठ सदस्य श्रीयांश कुमार जैन अब सांसारिक जीवन का परित्याग कर मोक्ष मार्ग की ओर अग्रसर होने जा रहे हैं। स्वर्गीय मनोहर लाल जैन के सुपुत्र श्रीयांश कुमार जैन, जिन्हें पिछले लगभग एक वर्ष से ब्रह्मचारी दया प्रकाश के नाम से जाना जा रहा है, शीघ्र ही पावन जैनेश्वरी दीक्षा ग्रहण करेंगे। यह ऐतिहासिक एवं आध्यात्मिक क्षण परम पूज्य आचार्य श्री 108 वसुनंदी महाराज के पावन सानिध्य में जैन धर्म के सिद्ध क्षेत्र श्री सम्मेद शिखर में संपन्न होगा। यह वहीं पुण्यभूमि है, जहां अनगिनत साधु-संतों ने आत्मकल्याण की राह पकड़ी और मोक्ष मार्ग को आलोकित किया। बताया जा रहा है कि श्रीयांश कुमार जैन पिछले एक वर्ष से आचार्य श्री के चतुर्विध संघ के सानिध्य में रहकर कठोर ब्रह्मचर्य, संयम, व्रत और नियमों का पालन कर रहे थे। सांसारिक मोह-माया से विरक्त होकर उन्होंने जन्म-मरण के चक्र से मुक्ति पाने हेतु संन्यास मार्ग अपनाने का संकल्प लिया है। जैन परंपरा में दीक्षा को जीवन का सर्वोच्च त्याग माना जाता है, जहां व्यक्ति सांसारिक सुख-सुविधाओं का त्याग कर आत्मा के शुद्धिकरण और मोक्ष की दिशा में अग्रसर होता है। दीक्षा से पूर्व भव्य बिनोली यात्रा का आयोजन किया गया। जैन परंपरा में बिनोली यात्रा दीक्षार्थी के सम्मान, गौरव और भावपूर्ण विदाई का प्रतीक होती है। इस यात्रा में रामपुर जैन समाज सहित आसपास के धर्मप्रेमी भक्तगण उत्साहपूर्वक भाग लेकर दीक्षार्थी को अपनी अनुमोदना दी।



राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में शामिल स्टाफ।

### छात्रा मिलन समारोह कार्यक्रम का आयोजन

**रामपुर।** राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में अपने शैक्षिक जीवन की सुनहरी यादों को ताज़ा करने और उपलब्धियों के अदभुत अनुभव साझा करने के लिए पुरातन छात्रा मिलन समारोह स्मृति संगम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन एवं माल्यार्पण करके किया गया। वर्तमान छात्राओं ने पुरातन छात्राओं को पुष्प भेंट कर उनका स्वागत किया। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. सुनीता ने अपने उद्बोधन में कहा कि इस समारोह में अतीत का सुनहरा अध्याय झलक रहा है। ऐसे मिलन समारोह न केवल अतीत को पुनर्जीवित करते हैं, बल्कि एक दूसरे के अनुभवों से सीख कर भविष्य की राह को भी प्रबुद्ध करते हैं। ऐसे आयोजन हमें बताते हैं कि चाहे समय कितना भी बदल जाए, हमारी जड़ों से जुड़ी यादें और अनुभव हमेशा हमारे साथ रहते हैं और हमें नई ऊंचाइयों तक ले जाते हैं। इसके साथ ही उन्होंने आशा जताई कि आगे भी ऐसे भी आयोजन किए जाएंगे जिससे पुरातन छात्राओं के बीच एकता, समर्थन और सहानुभूति का सृजन हो सके। इस अवसर पर गोरखपुर, शाहजहांपुर, मुरादाबाद, गाजियाबाद, बरेली, दिल्ली स्थानों से पधारी हुई पुरातन छात्राओं नेहा कक्कड़, संगीता चौरसिया, विनीता चौरसिया, प्रीति पाल, रुश्दा रहमान,सबीना, मेघा ठाकुर, फरहा, दीवा, शाजिया, जैनब आदिना, कीर्ति ने अपनी सहभागिता की। संचालन डॉ. रजिया परवीन ने किया।



जिला अस्पताल में लगे शिविर में रक्तदान करते।

### जिला अस्पताल में रक्तदान शिविर

**रामपुर।** समाजसेवी मामून शाह खां ने जिला अस्पताल मे युवाओं से रक्तदान शिविर लगाकर रक्तदान कराया। रक्तदान करने वालों को प्रोत्साहित किया है। मामून शाह खां ने समाज सेवा के कार्यों में सक्रिय रहते हुए रक्तदान को महादान बताते हुए लोगों को प्रेरित किया है। रक्तदान शिविर के दौरान स्वेच्छा से रक्तदान करने वाले रक्तदाताओं को सम्मानित किया गया। जिसमें मामून शाह खां ने विशेष भूमिका निभाई। वे समय-समय पर रक्तदान शिविरों में शामिल होकर रक्तदान के प्रति जागरूकता फैलाने का कार्य करते हैं।

## एक नजर

### मऊ अस्सू रेलवे फाटक तीन दिन के लिए रहेगा बंद

**चन्दौसी।** चन्दौसी से पवांसा मार्ग पर यात्रा करने वाले लोगों के लिए महत्वपूर्ण सूचना है। मऊ अस्सू गांव स्थित रेलवे फाटक संख्या-39/सी पर रेलवे विभाग द्वारा ओवरहॉलिंग (मरम्मत) का कार्य किया जाना निश्चित हुआ है। इस कारण यह फाटक 21 अप्रैल की सुबह 8 बजे से 23 अप्रैल शाम 7 बजे तक यातायात के लिए पूरी तरह बंद रहेगा। विपिन राज सीनियर सेक्शन इंजीनियर (रेल पथ) राजघाट नरौरा ने जिलाधिकारी संभल को पत्र भेजकर इस दौरान पुलिस बल की व्यवस्था और ट्रैफिक डायवर्जन लागू करने का अनुरोध किया है। इसलिए इस रास्ते से निकलने वाले वाहन का डायवर्जन प्लान रेलवे प्रशासन ने यात्रियों की सुविधा के लिए वैकल्पिक मार्गों का इंतजाम किया गया है। जिस पर ट्रक और बसों जैसे बड़े वाहनों को गेट नंबर-37 (मौलागढ़ बाईपास से निकाला जाएगा। कार, बाइक और अन्य छोटे वाहन गेट नंबर-38 (अजीमगंज रोड) या गेट नंबर-40 (मझावली) का उपयोग कर सकेंगे। इस दौरान रेल कार्य सुचारू रूप से चलता रहे, इसके लिए वहां से गुजरने वालेयात्री परेशानी से बचने के लिए डायवर्जन रूट का पालन करें और समय का विशेष ध्यान रखें।

# जल्द ही कार्य में तेजी नहीं लाई गई तो होगा आमरण अनशन : अनुज

## स्टेशन पुनर्विकास में हो रही देरी से जनता में बढ़ रहा आक्रोश

जागरण मोर्चा कार्यालय


रेलवे स्टेशन परिसर में प्रदर्शन करते व्यापारी। –जागरण मोर्चा

**चन्दौसी।** रेलवे स्टेशन पर अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत चल रहे पुनर्विकास कार्यों में अत्यधिक देरी और लापरवाही को लेकर स्थानीय स्तर पर नगरवासियों में काफी असंतोष देखा जा रहा है। शनिवार को अखिल भारतीय युवा उद्योग व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष अनुज वार्ष्णेय अन्नू के नेतृत्त में काफी कार्यकर्ता रेलवे स्टेशन पहुंचे और विरोध करते हुए ठेकेदार के खिलाफ नारेबाजी करके प्रदर्शन किया।

नगर अध्यक्ष अनुज वार्ष्णेय अन्नू ने कहा कि स्टेशन के सौंदर्यीकरण और आधुनिकीकरण के लिए लगभग 21 करोड़ की राशि स्वीकृत की गई थी, लेकिन लगभग तीन वर्ष बीत जाने के बाद भी काम की रफ्तार बेहद धीमी है। प्रवेश मार्ग पर पिलर अधूरे पड़े हैं और बाहर निकली लोहे की सरिया यात्रियों के लिए किसी भी समय हादसे का सबब बन सकती हैं। योजना के तहत संयुक्त प्रतीक्षालय, शौचालय, लिफ्ट और स्वचालित सीढ़ियां जैसी सुविधाएं विकसित होनी थीं, जो निर्माण कार्य अधूरा होने के कारण यात्रियों की पहुंच से बाहर हैं। तत्कालीन डीआरएम ने लगभग 15 बार स्टेशन का निरीक्षण किया और ठेकेदार को निर्देश दिए, फिर भी लापरवाही के कारण कार्य में कोई खास प्रगति नहीं हुई है। स्थानीय नागरिक और यात्री आए दिन हो रही परेशानियों के कारण रोष व्यक्त कर रहे हैं। सबसे बड़ी बात स्टेशन परिसर मूलभूत सुविधा का अभाव है भीषण गर्मी में यात्रियों को पीने के पानी तक व्यवस्था नहीं है, उन्होंने रेलवे विभाग के साथ कार्यदायी संस्था को चेतावनी देते हुए कहा कि अगर जल्द ही कार्य में तेजी नहीं लायी गई तो आमरण अनशन किया जाएगा। इस दौरान शुभम अग्रवाल, अरुण, सोनू, रमाकांत पंडित, राजा कुरैशी, गोविंद, रितिक, मयंक, रतन मेडिकल आदि मौजूद रहे।

## कैरियर गाइडेंस पत्रिका 'आरोहण' का विमोचन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**कांठ।** राजकीय हाई स्कूल कुचावली द्वारा विद्यार्थियों के करियर मार्गदर्शन हेतु तैयार की गई पत्रिका "आरोहण" का भव्य विमोचन जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय में संपन्न हुआ। इसका विमोचन जिला विद्यालय निरीक्षक देवेंद्र कुमार पाण्डेय द्वारा किया गया। उन्होंने इस पहल की सराहना करते हुए इसे ग्रामीण क्षेत्र के छात्रों के लिए मील का पत्थर बताया।

कार्यक्रम में उपस्थित डॉ. अनुज अग्रवाल, अचल त्यागी और डॉ. सुनीता चौधरी जैसे शिक्षाविदों ने छात्रों के सर्वांगीण विकास में करियर काउंसलिंग की महत्ता पर जोर दिया। पत्रिका के प्रकाशन में प्रधानाचार्य शान-ए-आज़म और प्रभारी गीतांजली दक्ष का विशेष योगदान रहा। "आरोहण" का उद्देश्य छात्रों को उनकी रुचि और क्षमता के अनुसार सही करियर चुनने में मदद करना और उनके सपनों को नई उड़ान देना है।


साइबर अपराध विषय पर स्वाध्याय मंडल कार्यक्रम में बोलते अविरल गुप्ता।

## मोबाइल पर किसी अज्ञान नंबर से आने वाले लिंक को न खोले

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** जनपद न्यायालय परिसर स्तिथ स्व. अजीत सिंह एडवोकेट सभागार में अधिवक्ता परिषद ब्रज इकाई द्वारा साइबर अपराध विषय पर स्वाध्याय मंडल का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में अविरल गुप्ता ने कहा कि सूचना तकनीक के माध्यम से किए गए अपराध साइबर अपराध की श्रेणी में आते हैं। यह अपराध अपनी पहचान छिपा कर किए जाते हैं। इन अपराधों के शिकार सबसे ज्यादा बच्चे महिला और कम पढ़े लिखे लोग होते हैं। आजकल सबसे ज्यादा एआई तकनीक के माध्यम से साइबर अपराध किए जा रहे हैं। आनलाइन गेमिंग के माध्यम से भी साइबर अपराध किए जा रहे हैं। सुरक्षा के लिए गूगल एकाउंट में टू फेक्टर आथेंटिकेशन चालू रखना चाहिए। मोबाइल पर प्राप्त होने वाले किसी अज्ञान नंबर से आने वाले लिंक न खोले। सावधान और सतर्क रहेंगे तो शिकार होने से बचे रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विनोद कुमार सिंह व संचालन प्रवीण गुप्ता ने किया। इस दौरान राजीव कुमार शर्मा, विष्णु शर्मा, विक्रम सिंह चौहान विभोर बंसल, आकाश मिश्रा, सुनील सिंह, नवनीत सिंह, मनीष नारायण, योगेंद्र सिंह, अभिषेक, अपूर्व सिंह आदि अधिवक्ता रहे।

# पर्यावरण संगोष्ठी में फाहनूर प्रथम

जागरण मोर्चा कार्यालय


संगोष्ठी का दीप जलाकर शुभारंभ करतीं प्राचार्य। –जागरण मोर्चा

**एनकेबीएमजी कालेज में संपन्न हुई संगोष्ठी**

**चन्दौसी।** एनकेबीएमजी कालेज में सामाजिक, सांस्कृतिक, पर्यावरणीय मुद्दों पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ मां सरस्वती के प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित करके किया।

संगोष्ठी में छात्राओं ने ग्लोबल वार्मिंग, बालश्रम, कन्या भ्रूण हत्या, पर्यावरण संरक्षण, दहेज प्रथा तथा आदि विषयों पर अपने विचार रखे। निर्णायक मंडल की सदस्य डा. अलका ठाकुर ने सेमिनार के विषय में जानकारी दी तथा छात्राओं की अभिव्यक्ति की भी प्रशंका की। प्रोफेसर दीपा पाठक ने 28 मार्च में आयोजित हुई प्रशोत्तरी प्रतियोगिता का परिणाम घोषित किया। डा. सुमिता शर्मा ने छात्राओं को गहन पठन-पाठन को प्रोत्साहित किया।

संगोष्ठी में फाहनूर ने प्रथम, शायमा ने द्वितीय, सेजल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं 28 मार्च को हुई प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में वंशिका रस्तोगी ने प्रथम, नेहा ने द्वितीय व वर्षा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। दोनों प्रतियोगिताओं की विजेता छात्राओं को महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफेसर अलका रानी अग्रवाल व निर्णायक मंडल की सदस्य ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर वंशिका रस्तोगी, डा. प्रियंका, डा. मोनिका राघव आदि मौजूद रहीं।

## शांतिभंग में तीन पर पुलिस की कार्रवाई

जागरण मोर्चा कार्यालय

**कांठ।** कांठ थाना पुलिस ने विभिन्न क्षेत्रों में हुई मारपीट की घटनाओं पर कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पहली घटना ग्राम सलेमपुर की है, जहाँ पवन कुमार और मोहित कुमार का गांव के ही राजीव चौहान व उनकी माता से विवाद हो गया था। इस संघर्ष में मां-बेटे घायल हो गए थे। पुलिस ने मामले में चार लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर इन दोनों आरोपियों को दबोच लिया। एक अन्य मामले में पुलिस ने मोहल्ला ईदगाह नई बस्ती निवासी अरशद को भी मारपीट और हंगामा करने के आरोप में पकड़ा है। पुलिस ने तीनों आरोपियों को शांति भंग की आशंका में गिरफ्तार कर एसडीएम न्यायालय में पेश किया।


विद्यालय में बालिकाओं की माताओं को सम्मानित करतीं शिक्षिकाएं।

# मातृशक्ति का सम्मान

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** सरकार के निर्देश पर विद्यालयों में बालिकाओं की 70 प्रतिशत उपस्थिति होने पर अध्यापकों द्वारा बालिकाओं की माताओं को सम्मानित किया जा रहा है। शनिवार को फव्वारा चौक स्थित गांधी प्राथमिक विद्यालय में नारी शक्ति वंदन सम्मान के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय में जिन बालिकाओं की उपस्थिति 70 प्रतिशत या उससे अधिक रही। उनकी माताओं को विद्यालय बुलाकर अध्यापकों द्वारा सम्मानित किया गया। विद्यालय में बालिकाओं द्वारा महिला वंदन के दृष्टि सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए। इसके अलावा विद्यालय में बच्चों के मध्य खेलकूद प्रतियोगिता का भी आयोजन हुआ। जिसमें बच्चों ने उत्साह से प्रतिभाग किया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य अजय शर्मा, गुंजन बत्रा, स्वाति गुप्ता, अनीता गुप्ता आदि रहे।

## संक्षेप समाचार


गैस एजेंसी का निरीक्षण करते डीएम व एसपी। –जागरण मोर्चा

### डीएम व एसपी ने किया गैस एजेंसी का निरीक्षण

**चन्दौसी/गुन्नौर।** जिलाधिकारी व एसपी ने जनपद के गैस एजेंसियों पर पहुंच निरीक्षण किया। शनिवार को जिलाधिकारी डा. राजेंद्र पैंसिया व एसपी कृष्ण कुमार विश्नोई ने थाना गुन्नौर क्षेत्र में भारत गैस एजेंसी का निरीक्षण किया। जिसमें गैस एजेंसी पर सुरक्षा मानकों, अग्निशमन उपकरणों की उपलब्धता एवं कार्यशीलता, गैस सिलेंडरों के सुरक्षित भंडारण तथा वितरण व्यवस्था का गहनता से निरीक्षण किया। इस दौरान संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देश दिया कि सभी गैस एजेंसियों पर सुरक्षा के मानकों का कड़ाई से पालन कराया जाए। किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए।


मूट कोर्ट का फीता काटकर शुभारंभ करते अतिथि। –जागरण मोर्चा

### मूट कोर्ट: छात्रों ने सीखी अदालती कार्यवाही

**चन्दौसी।** श्यामसुंदर मेमोरियल लॉ कॉलेज में मूट कोर्ट का आयोजन किया गया। जिसमें विधि के छात्र-छात्राओं को मूट कोर्ट के माध्यम से न्यायालय की विधिक कार्रवाई की जानकारी दी गई। शनिवार को श्यामसुंदर मेमोरियल लॉ कॉलेज में मूट कोर्ट का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डा. प्रवीन कुमार सिंह, मूट कोर्ट पैनल के अधिवक्ता ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जविल्त कर किया। महाविद्यालय के मूट कोर्ट पैनल में अधिवक्तों में राजेश कुमार सिंह, शकील वारसी, रंजना शर्मा व हर्ष विवेक मिश्रा शामिल रहे। मूट कोर्ट के माध्यम से विधि के छात्र-छात्राओं को न्यायालय की विधिक कार्रवाई की जानकारी दी गई। इस अवसर पर मूट कोर्ट प्रभारी सचिन मिश्रा सहित महाविद्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।


तहसील लोगों की शिकायतों का निस्तारण करते एडीएम व सीओ।

### समाधान दिवस में आई 58 शिकायतें

**चन्दौसी।** तहसील सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें एडीएम ने फरियादियों की शिकायतें सुनी। जिसमें 58 शिकायतें आई, मौके पर 6 शिकायतों को निस्तारण किया गया। शनिवार को तहसील सभागार में आयोजित हुए संपूर्ण समाधान दिवस में एडीएम प्रदीप कुमार वर्मा, एसडीएम नीतू रानी, सीओ दीपक तिवारी ने फरियादियों की शिकायतें सुनी। जिसमें राजस्व विभाग की 16, पुलिस की 11, चकबंदी की 4, विकास की 6, खाद्य एवं रसद विभाग की 3, समाज कल्याण की 1 तथा अन्य 17 कुल 58 शिकायतें आई। जिसमें मौके पर राजस्व की 3, पुलिस की 1 तथा 2 अन्य शिकायतों का निस्तारण मौके पर कर दिया गया। शेष बची शिकायतों को संबंधित अधिकारियों के सुपुर्द कर शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए। इस अवसर पर संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

### निर्धन कन्या की शादी में किया सहयोग

**चन्दौसी।** जायट्स ग्रुप वुमेन शिखर द्वारा नगर की एक निर्धन बेटी की शादी में सहयोग के लिए अपने हाथ आगे बढ़ाए है। ग्रुप के सदस्यों ने उस बिटिया की शादी के लिए साड़ी, सूट, मेकअप का समान, बेडशीट आदि सामान के साथ 2100 की नगद धनराशि दी गई। इस सहयोग के मिलने पर परिवार के लोगों ने ग्रुप के सदस्यों का आभार व्यक्त किया। ग्रुप के सभी सदस्य ने कहा कि इसी तरह की निर्धन कन्या के विवाह के लिए मदद करते रहते हैं। इस दौरान ग्रुप अध्यक्ष नीतू रस्तोगी, शालिनी शर्मा, सुजाता शर्मा, विमलेश सैनी, शीनू शर्मा, सुमन सैनी, रागिनी सैनी और ग्रुप डायरेक्टर शिखा शर्मा मौजूद रहीं।

# धूमधाम से निकली अंबेडकर शोभायात्रा

जागरण मोर्चा कार्यालय


फीता काटकर शोभायात्रा का शुभारंभ करते सतीश प्रेमी। –जागरण मोर्चा

**चन्दौसी।** बनिया खेड़ा ब्लाक के ग्राम अजीमगंज में संविधान निर्माता बाबा साहब डा. भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर शुक्रवार को शोभायात्रा का आयोजन किया गया।

शोभायात्रा का राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग भारत सरकार के पूर्व प्रदेश कोआर्डिनेटर सतीश प्रेमी ने फीता काटकर शुभारंभ किया। शोभायात्रा में आकर्षक झांकियां, बैंड बाजे,डीजे के साथ अंबेडकर अनुयाई पूरे जोश के साथ बाबा साहब तथा भगवान तथागत बुद्ध की नारे लगाते हुए चल रहे थे,गांव में भ्रमण के दौरान लोगों ने पुष्प वर्षा करके शोभायात्रा का व जलपान से लोगों का स्वागत किया। इस दौरान डा. भीमराव अंबेडकर जिन्दावाद के नारे गूंजते रहे। सतीश प्रेमी ने अंबेडकर अनुयाइयों को संबोधित करते हुए कहा की संविधान निर्माता परम पूज्य बाबा साहब डा. भीमराव अंबेडकर ने देश में दलितों,पिछड़ों तथा संपूर्ण महिला समाज को सम्मान से जीने का अधिकार दिया, वह किसी जाति विशेष के नहीं बल्कि देश की वह धरोहर हैं जिन्होंने दुनिया को समानता, समता व बंधुत्वता का संदेश दिया। इस दौरान खेमकरण भारती, कपिलदेव, मेग सिंह, बदन सिंह, किशनपाल, प्रेम सागर, रिंकू कुमार, विपिन कुमार, राजकुमार, सुरेश पाल, पंकज कुमार, उमेश कुमार, वीर सिंह, चंद्रपाल, प्रेमपाल, शीशपाल, बंटी, संजय कुमार आदि मौजूद रहे।

# पीडीए मजबूती पर विमलेश का जोर

जागरण मोर्चा कार्यालय


शोभायात्रा का फीता काटकर शुभारंभ करते अतिथि। –जागरण मोर्चा

**चन्दौसी।** थाना बनियाठेर क्षेत्र के गांव अमियापुर पाचक में भारत के महान संविधान निर्माता, सामाजिक न्याय के अग्रदूत, वंचितों, पिछड़ों, महिलाओं, अल्पसंख्यकों और दलितों के अधिकारों के लिए आजीवन संघर्ष करने वाले भारतरत्न डा. भीमराव अंबेडकर का जन्मोत्सव पूरे उत्साह और गरिमा के साथ मनाया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ विमलेश कुमारी द्वारा बाबा साहब की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर किया गया। इसके पश्चात गांव शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा दलित अस्मिता के प्रतीक नीले झंडे के साथ यात्रा को रवाना किया गया। गांव के साथ आस पास के ग्रामीण क्षेत्रों से काफी संख्या में लोग शोभायात्रा में शामिल हुए। विमलेश कुमारी ने कहा कि बाबा साहेब का जीवन संघर्ष हम सभी के लिए एक प्रेरणा है। विपरीत परिस्थितियों में जन्म लेकर उन्होंने शिक्षा को अपना सबसे बड़ा हथियार बनाया। आज के दौर में बाबा साहब के सपनों को साकार करने के लिए पीडीए (पिछड़े, दलित, अल्पसंख्यक) की एकता बेहद जरूरी है। जब तक समाज के ये वर्ग एकजुट होकर अपनी राजनीतिक ताकत नहीं पहचानेंगे, तब तक सामाजिक न्याय अधूरा रहेगा। समाजवादी पार्टी हमेशा से बाबा साहेब के विचारों पर चलने वाली पार्टी रही है। इस दौरान विवेक गौतम, राहुल गौतम, वीरपाल सिंह, अजयं कश्यप, विनीत कुमार, राकेश, रामोतार जाटव, डा. राघवेंद्र, धर्मेंद्र जाटव, जितेंद्र सागर, अजय गौतम, हरपाल सिंह, बंटी, मनोज भास्कर, कपिल, ऊदल सिंह, सोनू, रवि, कुंवरपाल सिंह, लालू सिंह, राहुल आदि शामिल रहे।


छात्राओं को संचारी रोग की जानकारी देती डा. गौरी वार्ष्णेय।

## स्वच्छता ही असली स्वास्थ्य : डा. गौरी

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** बीएमजी इंटर कॉलेज में आयोजित 'संचारी रोग नियंत्रण दस्तक अभियान' के तहत छात्राओं को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया गया। मुख्य वक्ता बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. गौरी वार्ष्णेय ने बताया कि बदलते मौसम में डेंगू, मलेरिया और वायरल बुखार जैसी बीमारियों से बचने के लिए व्यक्तिगत स्वच्छता के साथ आसपास सफाई रखना अनिवार्य है। उन्होंने पानी जमा न होने देने और सैनिटाइजर के नियमित उपयोग की सलाह दी।

वहीं डॉ. यश ने सर्वाइकल और माइग्रेन जैसी समस्याओं पर विस्तार से जानकारी दी। प्रधानाचार्य सीमा ने स्वास्थ्य टीम का आभार जताते हुए छात्राओं को इन सुझावों को जीवन में उतारने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर विद्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

**किसान-आक्रोश** कागजी खामियों और बारदाने के बहाने लौटाए जा रहे किसान

# गेहूं खरीद में धांधली पर कड़ी कार्रवाई की मांग

जागरण मोर्चा कार्यालय



संपूर्ण समाधान दिवस में एडीएम प्रदीप कुमार वर्मा को ज्ञापन सौंपते किसान नेता। –जागरण मोर्चा

**चन्दौसी।** राष्ट्रीय किसान संघर्ष समिति द्वारा किसानों की मुख्य समस्याओं को लेकर तहसील सभागार में लगे संपूर्ण समाधान दिवस में एडीएम प्रदीप कुमार वर्मा को ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामेश्वर दयाल शर्मा ने कहा कि पिछले दिनों वर्षा के कारण गेहूं की पैदावार में काफी कमी आई है। 1 एकड़ में लगभग पिछले वर्षों के मुकाबले 7 कुंतल की पैदावार कम हुई है, जबकि लागत औसत पिछले वर्ष के मुकाबले दोगुना हो गया है। जिससे किसान बहुत ही खराब स्थिति से गुजर रहा है। सरकारी तोलो पर केवल नाम मात्र ही किसानों का गेहूं तौला जा रहा है। केंद्रों पर अधिकारी किसानों को कागजों में कमी व वारदाना न होने की बात कहकर किसानों का गेहूं ना खरीद कर व्यापारियों का ही गेहूं खरीद रहे हैं। पूरे उत्तर प्रदेश के अंदर हर गांव में व्यापारियों द्वारा किसानों से मात्र 2100 से 2200 प्रति कुंतल की दर से गेहूं खरीद रहे हैं, सरकारी केंद्रों पर तौल न होने के कारण मजबूरी में किसान व्यापारियों को ही गेहूं बेच रहा है। जिससे किसानों की आर्थिक स्थिति कमजोर होती जा रही है। सरकार व प्रशासनिक अधिकारीयों का दायित्व है कि सरकार द्वारा जारी एमएसपी. पर ही किसानों का गेहूं खरीदा जाए तथा इससे कम पर खरीदी करने वाले व्यापारियों पर कठोर कार्रवाई की जाए। अगर ऐसा नहीं हुआ तो समिति द्वारा आंदोलन किया जाएगा। इस दौरान मुकेश चंद्र शर्मा, राहुल कश्यप,रामपाल सिंह, ओमवीर सिंह कठेरिया आदि किसान नेता शामिल रहे।

एक नजर

## ट्रक की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

**गजरौला।** मंडी धनौरा मार्ग पर एक ट्रक ने बाइक सवार को टक्कर मार दी, जिससे बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। आसपास के लोगों की मदद से युवक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया, जहाँ चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना से परिजनों में चीख पुकार मच गयी। युवक पैथालॉजी लैब चलाता था और साले की शादी में शामिल होने आया था। जानकारी के अनुसार हसनपुर थानाक्षेत्र के गाँव रझौया निवासी गिरीश पुत्र धर्मवीर पैथालॉजी लैब का संचालक था। उसकी ससुराल थाना क्षेत्र गजरौला के गाँव फौंदापुर में है। 20 अप्रैल को उसके साले हितेश की शादी है, शुक्रवार को उसका लग्न रिश्ता रहा था। शनिवार को अपराह्न के समय गिरीश बाइक से धनौरा मार्ग पर जा रहा था, तभी एक ट्रक ने टक्कर मार दी। हादसे में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। आसपास के लोगों की मदद से युवक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया, जहाँ पर चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं घटना की जानकारी मिलते ही फौंदापुर गांव से परिजन थाने पहुंचे और आरोपी ट्रक चालक को गिरफ्तार करने की मांग की। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार ने बताया कि युवक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# टीएमयू में छाया स्प्लैश का जादू

## सांस्कृतिक शंखनाद: 'सेलिब्रेशन ऑफ कल्चर' थीम पर रंगारंग कार्यक्रमों का आगाज

जागरण मोर्चा कार्यालय





**मुरादाबाद।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के कॉलेज ऑफ कम्प्यूटिंग साइंसेज़ एंड इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी-सीसीएसआईटी में भव्य एवम् रंगारंग सांस्कृतिक महोत्सव स्प्लैश-2026 में सेलिब्रेशन ऑफ कल्चर, क्रिएटिविटि एंड टैलेंट थीम पर स्टूडेंट्स ने सांस्कृतिक, कलात्मक और सृजनात्मक प्रस्तुतियों से सभी का दिल जीत लिया।

एकल नृत्य में अक्षरा वर्मा विजेता रहीं। युगल हिप-हॉप नृत्य में ऋषभ कश्यप और अंश सिंह विजेता रहे। गायन प्रतियोगिता में देवांश वशिष्ठ ने छूकर मेरे मन को किया तूने क्या इशारा प्रस्तुति से खूब तालियां बटोरीं। कहानी-वाचन में वृंदा अग्रवाल ने मां तुलसी प्रस्तुति से वाहवाही लूटी। वीडियोग्राफी में मोहम्मद फहद, भारतीय संस्कृति क्विज में महक, रंगोली में अनु चौहान, प्रतीक्षा सारस्वत और मिहिका गुप्ता और फोटोबूथ में फैज़ा खुर्रम विजेता रहीं। स्टॉल श्रेणियों में आर्यन चौहान के गोलगप्पे और पापड़ी चाट, विशाल के कामर्शियल बुक स्टॉल और तनिषा शर्मा ने क्रिएटिव हैंडमेड रेज़िन उत्पाद में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इससे पूर्व फैकल्टी ऑफ इंजीनियरिंग के डीन प्रो. राकेश कुमार द्विवेदी, प्रॉक्टर प्रो. प्रदीप कुमार, एचओडी डॉ. रूपल गुप्ता, इवेंट कोऑर्डिनेटर्स- मिस स्वाति चौहान, डॉ. इंदु त्रिपाठी, मिस निकिता जैन, श्री मोहम्मद सलीम आदि ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित करके सीसीएसआईटी के सभागार में स्प्लैश-2026 का शंखनाद किया।

सांस्कृतिक प्रस्तुतियों की शुरुआत बीटेक-एआई की छात्रा अक्षरा वर्मा के मनमोहक कथक से हुई। अक्षरा की भाव-भंगिमाओं, ताल और लय के अद्भुत समन्वय ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। बीटेक-सीएसई के छात्र मोहित जैन ने राधा-कृष्ण थीम पर बांसुरी वादन करके मधुर धुनों ने पूरे वातावरण को आध्यात्मिक और भावपूर्ण बना दिया। फूड स्टॉल, कमर्शियल स्टॉल, क्रिएटिव लैब स्टॉल और गेमिंग स्टॉल विशेष आकर्षण का केन्द्र रहे। कार्यक्रम में नृत्य, गायन, कहानी-वाचन, स्टैंड-अप प्रस्तुति, रंगोली, वीडियोग्राफी और फोटोबूथ गतिविधियों में स्टूडेंट्स ने अपनी प्रतिभा, रचनात्मकता और आत्मविश्वास का शानदार प्रदर्शन किया। सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं के निर्णायक मंडल में डॉ. प्रीति रानी, डॉ. सीमा मान और डॉ. संदीप वर्मा, स्टॉल मूल्यांकन में डॉ. शालिनी निनोरिया, डॉ. अमित सिंह और डॉ. हिमांशु कुमार आदि शामिल रहे। एफओई के डीन प्रो. आरके द्विवेदी ने कहा, ऐसे सांस्कृतिक आयोजन स्टूडेंट्स को अपनी प्रतिभा पहचानने, उसे निखारने, मंच पर प्रस्तुत करने और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने का अवसर प्रदान करते हैं। डीजे सत्र पर संगीत और नृत्य के संग कार्यक्रम का समापन हुआ। स्प्लैश-2026 में डॉ. पराग अग्रवाल, डॉ. प्रियांक सिंघल, डॉ. नमित गुप्ता, मिस शिखा गंभीर, मिस अवंतिका चौधरी, मिस व्रतिका गुप्ता, श्री पुलकित राज सक्सेना के संग-संग स्टूडेंट्स कोऑर्डिनेटर्स- सिद्धार्थ पारिख, जिया सिंह, गौरी गुप्ता, नमन जैन, नमन दुग्गड़, अतिशय जैन, निशांत जैन, वृंदा अग्रवाल आदि मौजूद रहे। संचालन बीटेक-सीएस के अश्विन जैन और एमसीए की लीजा चौहान ने किया।

# आंधी में मकान गिरा, मां-बेटी जख्मी

जागरण मोर्चा कार्यालय



आंधी तूफान में मकान की गिरी दीवार। -जागरण मोर्चा

**हसनपुर।** गजरौला के मोहल्ला लालबाग मुबारकपुर कला में शुक्रवार देर रात आई तेज आंधी-तूफान ने भारी तबाही मचाई। इस प्राकृतिक आपदा के दौरान एक निर्माणाधीन मकान की दीवार अचानक ढह गई, जो पास स्थित पड़ोसी की छत पर जा गिरी। इस मलबे और छत की पटिया गिरने से कमरे में बैठी माँ-बेटी दबकर गंभीर रूप से घायल हो गईं।

घटना की जानकारी के अनुसार, शबाना और उनकी बेटी उजमा प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मिले अपने निर्माणाधीन मकान के पूरा होने तक पड़ोसी के यहाँ रह रही थीं। देर रात आए तूफान ने निर्माणाधीन दीवार को गिरा दिया, जिससे कमरे की छत टूट गई। चीख-पुकार सुनकर दौड़े पड़ोसियों ने कड़ी मशक्कत के बाद दोनों को मलबे से बाहर निकाला और तत्काल नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में भर्ती कराया। प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उनकी नाजुक हालत को देखते हुए उन्हें हायर सेंटर रेफर कर दिया है। परिजनों ने बताया कि शबाना के पति नदीम की चार माह पूर्व बीमारी से मौत हो चुकी है, जिसके बाद घर की आर्थिक स्थिति बेहद खराब है। शनिवार को राजस्व विभाग की टीम ने मौके पर पहुँचकर नुकसान का जायजा लिया और राहत सहायता के लिए रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को भेज दी है।

## मजदूरों को भड़काने की साजिश, 8 पर मुकदमा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**गजरौला।** गजरौला पुलिस ने फैक्ट्री मजदूरों को आंदोलन के लिए उकसाने और सोशल मीडिया पर भ्रामक मैसेज वायरल करने के आरोप में आठ लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। पुलिस जांच के अनुसार, आरोपियों की योजना मजदूरों को भड़काकर फैक्ट्री के सामने बड़ा प्रदर्शन कराने की थी।

चौपला चौकी इंचार्ज सुधीर कुमार तोमर की तहरीर पर पुलिस ने मोहित त्यागी, गौतम सिंह, अंकुश, अरमान, सचिन, शिवम, मनीष और गगन शर्मा के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की है। पुलिस अब उन मोबाइल नंबरों और ग्रुपों की जांच कर रही है। शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस आरोपियों की धरपकड़ में जुट गई है।

# बारदाने की कमी, भड़के किसानों ने किया प्रदर्शन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**हसनपुर।** हसनपुर क्षेत्र में सरकारी दावों के विपरीत गेहूं क्रय केंद्रों पर अव्यवस्थाओं के चलते किसानों का धैर्य जवाब देने लगा है। नगलिया मुंशी समेत कई केंद्रों पर पिछले चार दिनों से बारदाने (बोरों) की भारी किल्लत के कारण तौल पूरी तरह ठप है। इससे आक्रोशित किसानों ने शनिवार को नगलिया मुंशी में एकत्रित होकर प्रशासन के खिलाफ जोरदार विरोध-प्रदर्शन किया और नारेबाजी की।

किसानों का कहना है कि एक ओर पहले से ही पैदावार कम हुई है, वहीं दूसरी ओर केंद्रों पर तौल न होने से वे अपनी फसल औने-पौने दामों पर बिचौलियों को बेचने को मजबूर हैं। कई किसान ट्रैक्टर-ट्रॉली में गेहूं लादकर कई दिनों से केंद्र पर डेरा डाले हुए हैं। उन्हें डर है कि यदि मौसम बिगड़ा या बारिश हुई, तो उनकी मेहनत की कमाई बर्बाद हो जाएगी। खुले में रखी फसल की सुरक्षा के लिए किसान रात-भर जागने को विवश हैं। प्रदर्शन में शामिल राष्ट्र सेवी संगठन के संयोजक कृष्ण कुमार शर्मा ने कहा कि अधिकारी किसानों को बुनियादी सुविधाएं तक उपलब्ध नहीं करा पा रहे हैं। वहीं, सहकारी संघ कुंदरकी भूड़ के सभापति करण सिंह ने चेतावनी दी कि यदि 24 घंटे के भीतर तौल शुरू नहीं हुई, तो किसान तहसील मुख्यालय पर बड़ा आंदोलन करेंगे। इस दौरान नरेंद्र सिंह, खड़क सिंह और रघुवीर सिंह सहित दर्जनों किसान मौजूद रहे।

# भगवान परशुराम शोभायात्रा संपन्न

जागरण मोर्चा कार्यालय



भगवान परशुराम की शोभायात्रा का शुभारम्भ करते मुख्य अतिथि अभिनव कौशिक।

**गजरौला।** नगर ब्राह्मण सभा के तत्वाधान में गाजे बजे के साथ भव्य रूप में भगवान परशुराम की शोभायात्रा निकाली गयी। शोभायात्रा में भगवान परशुराम के जीवन से जुड़ी झांकियों को कलाकारों ने बहुत ही सुंदर ढंग से प्रस्तुत किया। शोभायात्रा का नगर में कई स्थानों पर पुष्पवर्षा करके स्वागत किया गया।

शनिवार की शाम को नगर के माँ ललिता देवी मंदिर से पूजा अर्चना के बाद भारतीय जनता पार्टी के जिला महामंत्री अभिनव कौशिक ने ब्राह्मण सभा पदाधिकारियों के साथ शोभायात्रा का शुभारम्भ किया। शोभायात्रा में भगवान परशुराम की अलग अलग प्रसंग को प्रस्तुत कर रहीं कई झांकियां आकर्षण का केंद्र बनी रहीं। साथ में चल रहे बैंड बाजे से भगवान परशुराम के जीवन की महत्ता को प्रकट करने वाले भजनों के स्वर गूंजते रहे। मंदिर परिसर से प्रारम्भ होकर शोभायात्र पुराना डाकखाना, अवन्तिकानगर, इंदिरा चौक, डिग्री कॉलेज मार्ग, खादगूजर तिराहे पर पहुंचकर शिव इंटर कॉलेज में पहुंचकर समाप्त हुई। इस मौके पर सभा के अध्यक्ष डॉ-रविभूषण शर्मा , पूर्व चेयरमैन रोहताश शर्मा, डॉ-प्रदीप शर्मा, महामंत्री रोहित शर्मा, डॉ-राजीव शुक्ल, डॉ-रविन्द्र शुक्ल, विपिन कौशिक, शुभम उपाध्याय, अश्वनी शर्मा, विपिन सागर, देवराज शर्मा, समीर प्रभाकर, प्रमोद उपाध्याय, खेमराज शर्मा, योगेश प्रभाकर, विपिन शर्मा, देवेश शर्मा, लोकेश शर्मा, उत्तम शर्मा, संतोष शर्मा, दीपक शर्मा, वीके शर्मा, प्रमोद तिवारी, सार्थक शर्मा, मुकेश शर्मा, निगम वर्मा मौजूद रहे।

# ब्राह्मण समाज की भव्य प्रभात फेरी

जागरण मोर्चा कार्यालय



प्रभातफेरी निकालते ब्राह्मण समाज के लोग। -जागरण मोर्चा

**कांठ।** अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा (पंजी.) के तत्वाधान में भगवान श्री परशुराम जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में लगातार तीसरे दिन भव्य प्रभातफेरी निकाली गई। शनिवार तड़के पांच बजे मोहल्ला विशनपुरा स्थित पंडित बाबू राम शर्मा क्षेत्रीय ब्राह्मण धर्मशाला में समाज के लोग एकत्र हुए, जहाँ भगवान परशुराम के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

श्रद्धालु भजन-कीर्तन और जयकारों के साथ नगर के निर्धारित मार्गों से गुजरे। महिलाओं ने ढोलक-मंजीरों की थाप पर मधुर भजनों से वातावरण को भक्तिमय बना दिया। मार्ग में संजय शर्मा, विशाल शर्मा, रामनरेश चौहान और शेखर वर्मा के परिवारों ने प्रभातफेरी का स्वागत कर जलपान की व्यवस्था की। प्रभातफेरी संयोजिका अनुजा शर्मा और जिलाध्यक्ष भावेश शर्मा ने सफल आयोजन के लिए सभी का आभार व्यक्त किया। इस धार्मिक अनुष्ठान में मंजू शर्मा, सुनीता शर्मा, पंडित विकास शर्मा, राजीव शर्मा और रतेश शर्मा सहित बड़ी संख्या में समाज के गणमान्य लोग और बच्चे शामिल रहे। महासभा ने बताया कि आज रविवार को नगर में भगवान परशुराम जन्मोत्सव अत्यंत हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। इस अवसर पर एक विशाल जनसभा का आयोजन होगा और भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी, जिसकी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

सेवा-संकल्प

## 150 दिव्यांगों का पंजीकरण, विशेषज्ञों ने किया स्वास्थ्य परीक्षण

# प्रोजेक्ट स्नेह व सीएल गुप्ता नेत्र संस्थान का दिव्यांग शिविर

जागरण मोर्चा कार्यालय






**मुरादाबाद।** प्रोजेक्ट स्नेह एवं सीएल गुप्ता नेत्र संस्थान के तत्वाधान में विकलांग प्रमाण पत्र बनाने के शिविर का आयोजन किया गया। इस यूडीआईडी कार्ड कैंप में करीबन 150 लाभार्थियों का पंजीकरण किया गया। संस्थान की ट्रस्टी शिखा गुप्ता एवं वाइस चेयरपर्सन डॉक्टर आशी खुराना ने दीप प्रज्वलन कर इस कैंप का शुभारंभ किया।

जिला अस्पताल मुरादाबाद के कुशल चिकित्सकों द्वारा विकलांगजनों को देखा गया। दृष्टि रोग विशेषज्ञ डॉक्टर जूही सक्सेना, हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉक्टर वसीम खान, कान नाक गला रोग विशेषज्ञ डॉक्टर विपुल कुशवाहा, मानसिक रोग विशेषज्ञ डॉक्टर धनंजय सक्सेना मौजूद रहे। डॉक्यूमेंटेशन के कार्य को जिला अस्पताल के कोऑर्डिनेटर कैलाश जी के ने किया। ऑनलाइन पंजीकरण का कार्य शबीना ने किया। संस्थान की ट्रस्टी शिखा गुप्ता ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को धन्यवाद अर्पित करते हुए कहा कि उनके सहयोग से हम गरीबों व असहाय लोगों के लिए 6 कैंपौ का सफलतापूर्वक आयोजन कर चुके है। संस्था के डायरेक्टर डॉ जी एस तिवारी ने बताया कि संस्था के माध्यम से सभी लाभार्थियों को लाने ले जाने एवं भोजन की सभी सुविधाओं का विशेष रूप से ख्याल रखा जाता है, जिससे किसी भी लाभार्थी को किसी भी प्रकार की परेशानी का अनुभव न करना पड़े। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में एल वी ए डिपार्टमेंट के हेड हिमांशु एवं आसमा का विशेष सहयोग रहा। इस कैंप के आयोजन में गरिमा सिंह, प्रभा शोत्रिय, सुधा कुमारी, शोभा चौधरी, नेहा, डीपी सिंह एवं अन्य कर्मचारियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## नाबालिग को भगाने के मामले में रिपोर्ट

जागरण मोर्चा कार्यालय

**कांठ।** थाना क्षेत्र में नाबालिक 15 वर्षीय किशोरी को पहले फुसलाकर भगा ले जाने के मामले में थाना पुलिस ने एक आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर किशोरी की बरामदगी के लिए प्रयास तेज कर दिए हैं। थाना कांठ के एक गांव की नाबालिग 15 वर्षीय किशोरी को 16 अप्रैल की रात को 8:00 बजे के करीब एक युवक वहला फुसलाकर भगा ले गया। जब उसके बारे में जानकारी की तो पता चला कि उज्जैन उर्फ उबेद पुत्र रशीद निवासी अकबरपुर चैदरी उसे बहला फुसलाकर ले गया है किशोरी के पिता की तहरीर के आधार पर थाना कांठ पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अभियोग पंजीकृत कर मामले की विवेचना शुरू कर दी है।

संक्षेप समाचार

## ईको कार की टक्कर से ताऊ-भतीजा घायल



सड़क हादसे में घायल।

**हसनपुर।** गजरौला के अलीगढ़ मार्ग पर शनिवार दोपहर एक तेज रफ्तार ईको कार ने बाइक को टक्कर मार दी, जिससे ताऊ और भतीजा गंभीर रूप से घायल हो गए। हापुड़ के गांव पलवाड़ा निवासी राजू अपने ताऊ देशराज के साथ सैदनगली क्षेत्र में एक कार्यक्रम में जा रहे थे। हथिया खेड़ा के पास अनियंत्रित कार ने पीछे से जोरदार टक्कर मारी, जिससे दोनों लहूलुहान होकर सड़क पर गिर पड़े। राहगीरों ने घायलों को तत्काल निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहाँ उनकी हालत नाजुक बनी हुई है। घटना के बाद चालक कार समेत फरार हो गया। पुलिस तहरीर मिलने पर कार्रवाई की बात कह रही है।

## करंट की चपेट में आने से भैंस व लवारे की मौत

**हसनपुर।** आदमपुर थाना क्षेत्र के गांव निरयावली खादर में विद्युत विभाग की लापरवाही एक गरीब किसान पर भारी पड़ गई। शनिवार सुबह हाईटेंशन लाइन का इंसुलेटर टूटने से सपोर्ट वायर में करंट उतर आया, जिसकी चपेट में आकर किसान राजबहादुर की एक भैंस और लवारे की तड़प-तड़प कर मौत हो गई। मवेशियों की कीमत एक लाख रुपये से अधिक बताई जा रही है। ग्रामीणों का आरोप है कि सुरक्षा जाल न होने से पहले भी ऐसे हादसे हो चुके हैं। पीड़ित किसान ने लेखपाल को सूचना देकर प्रशासन से आर्थिक मुआवजे की गुहार लगाई है ताकि परिवार को आर्थिक सहारा मिल सके।

## घर में घुसने का विरोध करने पर मारपीट

**हसनपुर।** गजरौला के लुहारी खादर गाँव में शुक्रवार रात पड़ोसी के घर में घुसने का विरोध करने पर एक व्यक्ति पर जानलेवा हमला किया गया। पीड़ित जिले सिंह का आरोप है कि एक युवक संदिग्ध परिस्थितियों में उनके घर की दीवार फांदकर दाखिल हुआ। शनिवार सुबह जब उन्होंने इस हरकत का कारण पूछा, तो आरोपी और उसके भाई ने उन पर हमला कर दिया। आरोप है कि आरोपियों ने सिर पर चाकू से वार कर जिले सिंह को लहूलुहान कर दिया। गंभीर रूप से घायल पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर दी, जिसके बाद पुलिस ने उन्हें सीएचसी में भर्ती कराया। प्रभारी निरीक्षक राजेश तिवारी के अनुसार, मामला दर्ज कर जाँच शुरू कर दी गई है।

## विनय कुमार सैनी बने जीएसटी कमिश्नर



हाई कोर्ट समिति ने किया सम्मानित।


**हसनपुर।** नगर के होनहार युवक विनय कुमार सैनी ने यूपी पीसीएस परीक्षा में सफलता का परचम लहराते हुए कमिश्नर जीएसटी के पद पर चयनित होकर क्षेत्र का मान बढ़ाया है। इस उपलब्धि पर 17 अप्रैल को इलाहाबाद हाई कोर्ट समिति द्वारा उन्हें विशेष रूप से सम्मानित किया गया और सम्मान पत्र भेंट किया गया। विजयपाल सैनी के पुत्र विनय कुमार वर्तमान में वर्ष 2020 से इलाहाबाद हाई कोर्ट में ही समीक्षा अधिवक्ता के पद पर कार्यरत हैं। उनकी प्रारंभिक शिक्षा नगर के सरस्वती विद्या मंदिर से इंटरमीडिएट शिक्षा ग्रहण की , जिसके बाद उन्होंने रायबरेली से कंप्यूटर साइंस में बी .टेक की डिग्री हासिल की।विनय की इस सफलता से उनके परिवार और क्षेत्र में हर्ष की लहर है। उनकी उपलब्धि पर हाई कोर्ट के सहयोगियों और गणमान्य नागरिकों ने उन्हें बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।



संपूर्ण समाधान दिवस में शिकायतें सुनते अधिकारी। -जागरण मोर्चा

## संपूर्ण समाधान दिवस: एडीएम ने सुनीं समस्याएं

**हसनपुर।** शासन के निर्देशानुसार शनिवार को तहसील सभागार में 'संपूर्ण समाधान दिवस' का आयोजन एडीएम धीरेंद्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। सुबह से ही फरियादी अपनी फरियाद लेकर पहुंचे, जहाँ एडीएम के साथ एसडीएम हिमांशु उपाध्याय तहसीलदार श्रीमती लकी सिंह ने फरियादियों की समस्याएं सुनीं। कुल 23 शिकायतों में से 2 का मौके पर निस्तारण किया गया। सबसे अधिक 6 शिकायतें राजस्व विभाग की रहीं, जबकि पुलिस की 5, चकबंदी की 4, विकास विभाग की 2 और अन्य विभागों की 4 शिकायतें प्राप्त हुईं। फरियादी रामपाल ने पैमाइश में हो रही देरी की शिकायत करते हुए लेखपाल पर चक्कर लगवाने का आरोप लगाया, वहीं महताब विकलांग ने राशन कार्ड की समस्या रखी। एडीएम वीरेंद्र प्रताप सिंह ने कड़े लहजे में कहा, लापरवाही पर सख्त कार्रवाई होगी।" इस दौरान बिजली एसडीओ मिथिलेश कुमार और ईओ विजयपाल सिंह वन रेजर नरेश कुमार सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।



फरियादियों की समस्याएं सुनते अधिकारीगण। -जागरण मोर्चा

## 61 फरियादियों की सुनी गईं समस्याएं

**कांठ।** कांठ तहसील में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी अनुज सिंह ने 61 फरियादियों की समस्याएं सुनीं, जिनमें से 7 का मौके पर निस्तारण किया गया। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि हर शिकायत की निष्पक्ष जांच कर त्वरित समाधान करें, विशेषकर ग्राम समाज की भूमि और चकरोड से जुड़े मामलों को प्राथमिकता दें। इस दौरान अनुपस्थित अधिकारियों पर सख्त रुख अपनाते हुए जिलाधिकारी ने उनका एक दिन का वेतन रोकने और स्पष्टीकरण मांगने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि जनसमस्याओं के निस्तारण में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मौके पर एसएसपी सतपाल अंतिल और एसडीएम संत दास पवार सहित अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

## टीबी जांच कैंप, 106 लोगों की स्क्रीनिंग व चैस्ट एक्स-रे

**कांठ।** तहसील क्षेत्र के ग्राम भीकनपुर व छजलैट में स्वास्थ्य विभाग द्वारा टीबी (क्षय रोग) की रोकथाम एवं समय पर पहचान के उद्देश्य से विशेष जांच कैंप का आयोजन किया गया। ग्राम भीकनपुर व छजलैट में आयोजित कैम्प में 70 महिलाओं व 36 पुरुषों सहित कुल 106 लोगों की स्क्रीनिंग की गई, जिनके चैस्ट एक्स-रे भी कराए गए। कैंप के दौरान स्वास्थ्य विभाग की टीम ने ग्रामीणों को टीबी के लक्षणों, इसके संक्रमण से बचाव तथा समय पर जांच और उपचार के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी। साथ ही लोगों से अपील की गई कि यदि किसी को लगातार खांसी, बुखार, वजन कम होना या कमजोरी जैसी समस्या हो तो तुरंत जांच कराएं, ताकि बीमारी का समय रहते उपचार किया जा सके। स्वास्थ्य कर्मियों ने बताया कि ऐसे कैंपों का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में टीबी के मरीजों की जल्द पहचान कर उन्हें उचित उपचार उपलब्ध कराना है, जिससे इस बीमारी पर प्रभावी नियंत्रण पाया जा सके। कैंप में डॉ. जगवीर सिंह, प्रदीप, निहाल खान ने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और जांच कार्य को सफलतापूर्वक संपन्न कराया।

## सम्पादकीय

# नारी सशक्तिकरण की नई राजनीतिक दिशा

केंद्र में नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने 'सबका साथ, सबका विकास' के संकल्प को केवल नारे तक सीमित नहीं रखा, बल्कि उसे योजनाओं और नीतियों के माध्यम से जमीन पर उतारने का प्रयास किया है। विशेष रूप से महिलाओं के सशक्तिकरण के क्षेत्र में बीते वर्षों में कई निर्णायक पहलें देखने को मिली हैं, जिन्होंने सामाजिक सोच और आर्थिक ढांचे, दोनों को प्रभावित किया है। 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' अभियान ने जहां मानसिकता में बदलाव की शुरुआत की, वहीं प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत महिलाओं को घर का स्वामित्व देकर उन्हें सामाजिक सम्मान दिलाया। उज्ज्वला योजना ने रसोई के धुएं से मुक्ति दिलाई, तो सुकन्या समृद्धि योजना ने बेटियों के भविष्य को सुरक्षित करने की दिशा में ठोस आधार तैयार किया। मुद्रा योजना और 'लखपति दीदी' जैसी पहलों ने महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने का अवसर दिया, जबकि ट्रिपल तलाक पर रोक ने मुस्लिम महिलाओं को कानूनी संरक्षण प्रदान किया। इसी क्रम में अब 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' एक ऐतिहासिक कदम के रूप में उभरा है, जो संसद और विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण सुनिश्चित करने का वादा करता है। हालांकि, इसके लागू होने को जनगणना और परिसीमन से जोड़ना राजनीतिक बहस का विषय बना हुआ है। विपक्ष इसे तत्काल प्रभाव से लागू करने की मांग कर रहा है। जबकि दक्षिण भारतीय राज्यों की चिंता परिसीमन के संभावित प्रभावों को लेकर है। इन आशंकाओं के बावजूद, यह समझना आवश्यक है कि परिसीमन का उद्देश्य प्रतिनिधित्व को अधिक संतुलित और प्रभावी बनाना है। सीटों की संख्या बढ़ने से जनप्रतिनिधियों की पहुंच जनता तक अधिक सहज होगी। अतः आवश्यक है कि राजनीतिक मतभेदों से ऊपर उठकर इस पहल को व्यापक राष्ट्रीय हित में देखा जाए, ताकि नारी शक्ति वास्तव में नीति-निर्माण की मुख्यधारा में सशक्त रूप से शामिल हो सके।

# युद्ध से उचित निकासी या नया संकट?

इस्लामाबाद में हुई 21 घंटे की मैराथन शांति वार्ता बेनतीजा रही। उच्चस्तरीय वार्ता में अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस की टीम और ईरानी प्रतिनिधिमंडल के बीच होर्मुज जलडमरूमध्य को तुरंत खोलना, ईरान का यूरेनियम संवर्धन कार्यक्रम और परमाणु हथियार न बनाने की गारंटी अनसुलझे रह गए। वार्ता विफल होते ही तनाव एक बार फिर चरम पर पहुंच गया है। अब पूरा फोकस स्ट्रेट ऑफ होर्मुज पर केंद्रित हो गया है, जहां अमेरिका ने ईरानी बंदरगाहों और तटीय क्षेत्रों की नाकेबंदी शुरू कर दी है। यह घटनाक्रम महज क्षेत्रीय टकराव नहीं, बल्कि वैश्विक शक्ति संतुलन, ऊर्जा सुरक्षा और कूटनीतिक चतुराई की नई परीक्षा है। युद्ध की शुरुआत में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने आक्रामक बयानबाजी की थी। उन्होंने चेतावनी दी थी कि अगर समझौता नहीं हुआ तो एक पूरी सभ्यता रातोंरात मिट जाएगी, जिसे कभी वापस नहीं लाया जा सकेगा। लेकिन अब उनकी रणनीति में नरमी दिख रही है। पहले ईरान को पूरी तरह कुचलने की धमकी देने वाले ट्रंप अब अपना दायरा होर्मुज तक सीमित कर चुके हैं। विश्लेषक इसे ट्रंप की पीछे हटने की रणनीतिक चाल मान रहे हैं।

दरअसल, होर्मुज जलडमरूमध्य दुनिया का सबसे महत्वपूर्ण चोकपॉइंट है। यहां से रोजाना लगभग 20 मिलियन बैरल कच्चा तेल और प्राकृतिक गैस गुजरती है, जो वैश्विक आपूर्ति का करीब एक पांचवां हिस्सा है। ईरान ने युद्ध शुरू होते ही रणनीतिक रूप से इस मार्ग पर नियंत्रण कर लिया था, जिससे तेल की कीमतें आसमान छू गईं। परिणामतः अमेरिका पर वैश्विक दबाव बना और उसे युद्धविराम तक आना पड़ा, अब अमेरिका ने खुद ईरानी बंदरगाहों की नाकेबंदी लागू कर दी है। इसका मकसद ईरान की आय को रोकना और उसे दबाव में लाना है। ट्रंप प्रशासन इसे अपनी कूटनीतिक जीत बता रहा है और दुनिया को बताना चाहता है कि समस्या ईरान की जिद है, न कि अमेरिका की अड़ियल नीति। हालांकि, यूरोपीय संघ समेत अधिक देशों ने किसी भी तरह की नाकेबंदी का विरोध किया है। फ्रांस, ब्रिटेन और संयुक्त राष्ट्र ने होर्मुज को तुरंत खोलने की अपील की है। इजराइल ने अमेरिका



का साथ देते हुए इस कदम का समर्थन किया है। विशेषज्ञ चेतावनी दे रहे हैं कि अगर टकराव बढ़ा तो वैश्विक ऊर्जा संकट और गहरा हो सकता है। खाद्य श्रृंखला और मुद्रास्फीति पर भी इसका असर पड़ेगा।

बहरहल, अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के सामने दो बड़ी चुनौतियां हैं। पहली, घरेलू मोर्चा, मिडटर्म इलेक्शन नजदीक हैं और युद्ध का लंबा खिंचाव अमेरिकी जनता में बढ़ते विरोध को जन्म दे रहा है। दूसरी, पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा द्वारा 2015 में किए गए ईरान परमाणु समझौते की तुलना में ट्रंप उस स्तर का मजबूत समझौता अभी तक नहीं कर पाए हैं। 2015 से कमतर समझौता उनकी छवि को नुकसान पहुंचा सकता है। इसीलिए इस्लामाबाद वार्ता ने उन्हें बिना किसी ठोस डील के युद्ध से बाहर निकलने का सुविधाजनक रास्ता खोल दिया है। वार्ता विफल होने के बावजूद ईरान पर हमला के बजाय ट्रंप का ध्यान होर्मुज तक सीमित रहना अमेरिका की कोशिश लग रही है। ट्रंप अब जल्दबाजी नहीं करना चाहते। वे प्रक्रिया को धीरे-धीरे आगे बढ़ाना चाहते हैं, ताकि घरेलू राजनीति संभली रहे। इस संघर्ष ने खाड़ी देशों को भी सचेत किया है। सऊदी अरब ने सुरक्षा के लिए 13 हजार पाकिस्तानी सैनिकों को रियाद बुलाया है। कुवैत, यूएई और कतर भी स्वतंत्र सुरक्षा इंतजाम में जुट गए। दरअसल इन्हें आभास है कि अमेरिका उन्हें अधूरे युद्ध में छोड़कर जा सकता है। नतीजतन, वे हथियार खरीदारी बढ़ाने और क्षेत्रीय सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की तैयारी में जुट गए हैं।

इधर, ट्रंप प्रशासन मिडिल ईस्ट को पूर्ण युद्ध में नहीं घसीटना चाहता, बल्कि उसे एक नियंत्रित संकट में बदलकर उससे बाहर निकलना चाहता है। लेकिन जोखिम कम नहीं है। चीन की चालबाजी भी अमेरिका की दुविधा का कारण है। इस्लामाबाद वार्ता भले ही ठोस परिणाम नहीं दे सकी हो, लेकिन उसने अमेरिका को एक सम्मानजनक निकासी का रास्ता जरूर दिखाया है। वाशिंगटन से मिल रहे संकेत बताते हैं कि बिना किसी औपचारिक समझौते के भी अमेरिका इस युद्ध से बाहर हो सकता है। यह एक ऐसी पटकथा है, जो धीरे-धीरे मिडिल-ईस्ट की जमीन पर लिखी जा रही है। फिलहाल, सबसे बड़ा सवाल यही है कि क्या होर्मुज का यह टकराव किसी बड़े युद्ध में तब्दील होगा या कूटनीति इसे थाम लेगी। इसका जवाब भविष्य के गर्भ में है, लेकिन इतना तय है कि दुनिया की नजरें अब इसी संकरे जलमार्ग पर टिकी हैं, जहां से गुजरती हर लहर वैश्विक अर्थव्यवस्था की दिशा तय कर सकती है।

■ राममनोहर रायकवार

## दैनिक राशिफल

- **मेष राशि**:- समय की अनुकूलता लगातार बनी हुई है। कार्यक्षेत्र बढ़िया रहेगा। प्रेम संबंध शानदार बने रहेंगे।
- **वृषभ राशि**:- सितारों की अनुकूलता लगातार आपके पक्ष में आ चुकी है। विरोधी पक्ष कमजोर रहेगा। कामकाज बढ़िया रहेगा।
- **मिथुन राशि**:- समय आज से सामान्य हो रहा है। तनाव और परेशानियों में कमी आ सकती है, परंतु जरूरी काम अभी भी करने से बचें।
- **कर्क राशि**:- समय कमजोर हो रहा है। अनावश्यक बाधाएं उत्पन्न होने से मन तनाव से ग्रस्त रह सकता है। प्रेम संबंधों से बचें।
- **सिंह राशि**:- सितारे आज से आपके पक्ष में आ रहे हैं। परेशानियां कम होंगी। लोग आपकी सहायता करेंगे।
- **कन्या राशि**:- समय आज दोपहर से शुभ हो रहा है। सुबह मन अशांत रह सकता है। बहस करने से बचें। शाम से समय बेहद शानदार है।
- **वृश्चिक राशि**:- समय की अनुकूलता जारी है। जितने आपके आवश्यक कार्य हैं, एक-दो दिन में अवश्य कर लें। प्रॉपर्टी से जुड़े हुए कार्यों में लाभ होगा।
- **धनु राशि**:- सितारे आज दोपहर बाद से बेहद शुभ होने जा रहे हैं। जितने जरूरी काम हैं, दोपहर बाद ही करें। माता से जुड़े हुए कार्यों में सफलता प्राप्त होगी।
- **मकर राशि**:- सितारों की प्रतिकूलता लगातार आपके पक्ष में बनी रहने के चलते कामकाज बाधित हो रहे हैं, पर चिंता न करें शाम से समय स्वतः ही ठीक होगा।
- **कुंभ राशि**:- ग्रहों की अनुकूलता आज पूरे दिनभर बनी रहेगी, इसका भरपूर लाभ उठाकर अपने जरूरी निर्णय और कार्य तेजी से संपन्न करें।
- **मीन राशि**:- समय बेहद शानदार बना हुआ है। स्वास्थ्य बढ़िया रहेगा। कामकाज बढ़िया रहेगा। प्रेम संबंध शानदार रहेंगे।
- **तुला राशि**:- समय की अनुकूलता आज बेहद शानदार बनी रहेगी। लोग आपकी प्रशंसा करेंगे। विरोधी पक्ष कमजोर रहेंगे।

# पश्चिम एशिया में पाक सेना तैनाती के मायने



सऊदी अरब में पाकिस्तानी सेना की तैनाती महज एक सैन्य समझौता नहीं, बल्कि पश्चिम एशिया की बदलती भू-राजनीति का संकेतक है। इसके पीछे छिपे रणनीतिक समीकरण अमेरिका, ईरान और चीन के प्रभावों से जुड़े हैं। यह कदम क्षेत्रीय संतुलन, कूटनीतिक भूमिका और पाक की 'सक्रिय तटस्थता' की क्षमता को नए सिरे से परखने वाला साबित हो सकता है।

सऊदी अरब में पाकिस्तानी सेना की तैनाती पश्चिम एशिया की जटिल भू-राजनीति में एक नया आयाम जोड़ती है। पहली नजर में यह कदम पारंपरिक सैन्य सहयोग जैसा लगता है, लेकिन इसकी परतें खोलने पर रणनीतिक, कूटनीतिक और सामरिक संकेत स्पष्ट होते हैं। यह केवल दो देशों का सुरक्षा समझौता नहीं, बल्कि क्षेत्रीय शक्ति संतुलन, अमेरिका-ईरान-सऊदी समीकरण और चीन की बढ़ती सक्रियता से गहराई से जुड़ा हुआ है। यह समझना जरूरी है कि सऊदी अरब सैन्य दृष्टि से कमजोर नहीं है। उसकी रक्षा व्यवस्था अत्याधुनिक अमेरिकी प्रणालियों थाड और पैट्रियट पर आधारित है। साथ ही, वह विविध स्रोतों से हथियार खरीदकर अपनी सैन्य क्षमता को बहुआयामी बनाए हुए है। ऐसे में पाकिस्तान की सेना की तैनाती को केवल 'सैन्य जरूरत' मानना अधूरा दृष्टिकोण होगा। यह कदम अधिकतर एक स्पष्ट राजनीतिक और रणनीतिक संदेश देता है, विशेषकर ईरान के संदर्भ में।

**पाकिस्तान** और सऊदी अरब के बीच सुरक्षा सहयोग का इतिहास पुराना है, पर 2025 के समझौते ने इसे एक नए स्तर पर पहुंचा दिया है। अब किसी एक पर हमला, दोनों पर हमला माना जाएगा। इस पृष्ठभूमि में सऊदी द्वारा पाक सैन्य उपस्थिति को स्वीकार करना बताता है कि वह क्षेत्रीय अनिश्चितताओं के बीच अपने सुरक्षा नेटवर्क को और व्यापक बनाना चाहता है। इसका सबसे रोचक पहलू पाक की सक्रिय तटस्थता की नीति है। एक ओर वह सऊदी अरब के साथ खड़ा दिखता है, वहीं दूसरी ओर ईरान और अमेरिका के बीच मध्यस्थता की भूमिका निभाने की कोशिश करता है। यह संतुलन साधना आसान नहीं है। ईरान के साथ उसके सांस्कृतिक और सामरिक संबंध हैं, जबकि सऊदी अरब उसके लिए आर्थिक और राजनीतिक रूप से अहम साझेदार है। ऐसे में जरा सा झुकाव भी उसकी कूटनीतिक विश्वसनीयता को प्रभावित कर सकता है।

**तकनीकी** स्तर पर भी यह तैनाती कई चुनौतियां लेकर आती है। पाक की सैन्य प्रणाली का बड़ा हिस्सा चीनी तकनीक पर आधारित है, जबकि सऊदी मुख्यतः अमेरिकी रक्षा प्रणालियों का उपयोग करता है। इन दोनों के बीच तालमेल स्थापित करना आसान नहीं है। खासकर हवाई रक्षा और लड़ाकू अभियानों में 'फ्रेंडली फायर' जैसी आशंकाएं बनी रहती हैं। हालांकि पाक को अमेरिकी तकनीक के साथ काम करने का अनुभव है, फिर भी इस मिश्रित ढांचे में उच्च स्तर के समन्वय की जरूरत होगी। इसके बावजूद, इस तैनाती के सकारात्मक पहलू भी हैं। यह पाक के लिए वैश्विक मंच पर अपनी भूमिका मजबूत करने का अवसर है। जब कतर और ओमान जैसे पारंपरिक मध्यस्थ देश निष्पक्ष भूमिका निभाने में सीमित दिख रहे हैं, तब पाकिस्तान एक वैकल्पिक मध्यस्थ के रूप में उभरने की कोशिश कर रहा है। उसकी भौगोलिक स्थिति, चीन से निकटता और इजराइल से दूरी उसे इस भूमिका के लिए अनुकूल बनाती है।

**फिर** भी, सबसे बड़ा प्रश्न यही है कि क्या पाकिस्तान इस दोहरी भूमिका को सफलतापूर्वक निभा पाएगा? उसकी आंतरिक राजनीतिक व आर्थिक चुनौतियां इस रास्ते को कठिन बनाती हैं। कुल मिलाकर यह तैनाती केवल एक सैन्य कदम नहीं, बल्कि व्यापक रणनीतिक खेल का हिस्सा है। जब तक सऊदी अरब आक्रामक रुख नहीं अपनाता, इसकी प्रकृति रक्षात्मक ही रहेगी। लेकिन यदि क्षेत्रीय तनाव बढ़ता है, तो पाक की सक्रिय तटस्थता की वास्तविक परीक्षा तय करेगी कि वह संतुलन साध पाता है या नहीं।

■ हरिनारायण मिश्रा


## विशेष...

**विश्व धरोहर दिवस**

# इतिहास, कला और अध्यात्म को दर्शाती मध्यप्रदेश की अमर विरासत


विश्व धरोहर दिवस, जिसे अंतरराष्ट्रीय स्मारक और स्थल दिवस भी कहा जाता है, प्रतिवर्ष 18 अप्रैल को मनाया जाता है। इसका उद्देश्य दुनिया भर में मानव सभ्यता से जुड़े ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और प्राकृतिक धरोहर स्थलों के संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाना है। इस दिवस को 1983 में यूनेस्को द्वारा मान्यता प्राप्त हुई थी। इस दिवस के अवसर आप जानिए मध्यप्रदेश की कुछ खास ऐतिहासिक धरोहरों के बारे में।

### खजुराहो के मंदिर: शिल्प और सौंदर्य की बेजोड़ अभिव्यक्ति



खजुराहो के मंदिर भारतीय स्थापत्य कला के अद्वितीय उदाहरण हैं, जो अपनी सूक्ष्म नक्काशी और जीवंत मूर्तियों के लिए विश्वभर में प्रसिद्ध हैं। चंदेल वंश द्वारा निर्मित ये मंदिर मानव जीवन के विविध आयामों को अभिव्यक्त करते हैं। यहां की मूर्तिकला केवल कामुकता तक सीमित नहीं, बल्कि आध्यात्मिकता, संगीत, नृत्य और सामाजिक जीवन का भी सजीव चित्रण करती है। यूनेस्को विश्व धरोहर सूची में शामिल यह स्थल भारतीय संस्कृति की समृद्धता और रचनात्मकता का प्रतीक है।

### भीम बैठका: प्रागैतिहासिक मानव की जीवंत गाथा



भीम बैठका की गुफाएं मानव सभ्यता के प्रारंभिक चरणों का अनमोल दस्तावेज हैं। यहां पाई जाने वाली शैल चित्रकला हजारों वर्षों पुरानी है, जो उस समय के मानव के जीवन, शिकार, नृत्य और सामाजिक गतिविधियों को दर्शाती है। यह स्थल बताता है कि कला और अभिव्यक्ति की प्रवृत्ति मानव में कितनी प्राचीन है। यूनेस्को द्वारा संरक्षित यह धरोहर न केवल पुरातात्विक महत्व रखती है, बल्कि मानव इतिहास की जड़ों को समझने का महत्वपूर्ण माध्यम भी है।



### भोजपुर मंदिर: अधूरी भव्यता का प्रतीक


भोजपुर मंदिर, जिसे भोजेश्वर मंदिर भी कहा जाता है, अपनी विशालता और अद्वितीय स्थापत्य के लिए प्रसिद्ध है। राजा भोज द्वारा निर्मित यह मंदिर अधूरा होने के बावजूद अपनी भव्यता से लोगों को आकर्षित करता है। यहां स्थित शिवलिंग भारत के सबसे बड़े शिवलिंगों में से एक है। पत्थरों के विशाल खंडों से निर्मित यह संरचना उस समय की उन्नत इंजीनियरिंग का उदाहरण प्रस्तुत करती है और भारतीय धार्मिक आस्था का प्रतीक भी है।

### सांची के स्तूप: बौद्ध धरोहर का प्रकाश स्तंभ



सांची के स्तूप भारतीय बौद्ध वास्तुकला के उत्कृष्ट उदाहरण हैं, जिनका निर्माण सम्राट अशोक के काल में हुआ था। यहां के तोरण द्वारों पर की गई नक्काशी बुद्ध के जीवन और उनके उपदेशों को दर्शाती है। यह स्थल बौद्ध धर्म के प्रसार और उसके दर्शन को समझने का महत्वपूर्ण केंद्र है। यूनेस्को विश्व धरोहर के रूप में मान्यता प्राप्त सांची शांति, अहिंसा और आध्यात्मिक ज्ञान का प्रतीक है।

### उदयगिरि गुफाएं: प्राचीन धर्म और कला का संगम



उदयगिरि की गुफाएं गुप्तकालीन कला और धार्मिक आस्था का उत्कृष्ट उदाहरण हैं। यहां की शिलाकृतियों में भगवान विष्णु के वराह अवतार की भव्य मूर्ति विशेष रूप से उल्लेखनीय है। ये गुफाएं हिंदू धर्म के प्रारंभिक रूप और उसकी प्रतीकात्मक अभिव्यक्तियों को दर्शाती हैं। ऐतिहासिक दृष्टि से यह स्थल भारतीय संस्कृति के विकास और धार्मिक समन्वय को समझने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

### सोनारी के स्तूप: बौद्ध विरासत का केंद्र



विदिशा के पास स्थित सोनारी के स्तूप बौद्ध धर्म की प्राचीन परंपरा के महत्वपूर्ण केंद्र हैं। ये स्तूप सांची के आसपास स्थित बौद्ध स्थलों की श्रृंखला का हिस्सा हैं। यहां प्राप्त अवशेष और संरचनाएं उस समय के धार्मिक और सामाजिक जीवन को उजागर करती हैं। अपेक्षाकृत कम प्रसिद्ध होने के बावजूद यह स्थल ऐतिहासिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है और बौद्ध संस्कृति के शांतिपूर्ण संदेश को आगे बढ़ाता है।

### मांडू के स्मारक: प्रेम और स्थापत्य की कहानी



मांडू के स्मारक मध्यकालीन स्थापत्य कला और प्रेम कथाओं का अनूठा संगम प्रस्तुत करते हैं। यहां के जहाज महल, हिंडोला महल और रूपमती महल अपनी विशिष्ट शैली और सुंदरता के लिए प्रसिद्ध हैं। बाज बहादुर और रानी रूपमती की प्रेम कहानी इस स्थल को और भी रोमांचक बनाती है। प्राकृतिक सौंदर्य से घिरा यह स्थान इतिहास, कला और रोमांस का अद्भुत मिश्रण है, जो पर्यटकों को एक अलग ही दुनिया में ले जाता है।

### बाघ गुफाएं: चित्रकला और अध्यात्म का संगम



विंध्य पर्वतमाला में स्थित बाघ गुफाएं अपनी भित्ति चित्रकला के लिए जानी जाती हैं, जो अजंता शैली से प्रभावित हैं। इन गुफाओं में बौद्ध भिक्षुओं के जीवन और धार्मिक विषयों का चित्रण मिलता है। यहां की चित्रकला में रंगों का संतुलन और भावों की गहराई अद्भुत है। यह स्थल भारतीय चित्रकला के विकास को समझने में महत्वपूर्ण योगदान देता है और कला प्रेमियों के लिए आकर्षण का केंद्र है।

### बटेश्वर मंदिर: पुनर्जीवित होती प्राचीन धरोहर

ग्वालियर के पास स्थित बटेश्वर मंदिर समूह प्राचीन भारतीय स्थापत्य का एक अनूठा उदाहरण है। यहां सैकड़ों छोटे-बड़े मंदिर एक समूह में स्थित हैं, जो कभी खंडहर में परिवर्तित हो चुके थे। पुरातत्व विभाग के प्रयासों से इनका पुनर्निर्माण किया गया, जिससे यह स्थल पुनः जीवंत हो उठा। यह धरोहर बताती है कि सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करने के लिए सतत प्रयास कितने आवश्यक हैं और यह भारत की ऐतिहासिक समृद्धि का सशक्त प्रतीक है।



# अगले हफ्ते धोनी आईपीएल में वापसी कर सकते हैं

## वानखेड़े या चेपॉक में खेल सकते हैं; अभी काफ इंजरी से रिकवरी कर रहे हैं



चेन्नई (एजेंसी)। चेन्नई सुपर किंग्स के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी अगले हफ्ते आईपीएल में वापसी कर सकते हैं। टाइम्स ऑफ इंडिया ने टीम सूत्रों के हवाले से खबर दी है कि उनकी चोट में तेजी से सुधार हो रहा है और वह आने वाले बड़े मुकाबलों के लिए उपलब्ध हो सकते हैं। धोनी को आईपीएल शुरू होने से करीब एक हफ्ते पहले प्रैक्टिस सेशन के दौरान पिंडली में खिंचाव आ गया था। इसी वजह से वह टूर्नामेंट के शुरुआती तीन हफ्तों में नहीं खेल पाए।

अब उनकी वापसी को लेकर कयास तेज हो गए हैं। संभावना है कि धोनी 23 अप्रैल को मुंबई इंडियंस के खिलाफ वानखेड़े स्टेडियम में मैदान पर उतर सकते हैं। अगर ऐसा नहीं होता, तो वह 26 अप्रैल को गुजरात टाइटन्स के खिलाफ चेपॉक स्टेडियम में खेलते नजर आ सकते हैं।

### इम्पैक्ट प्लेयर के तौर पर हो सकता है इस्तेमाल

धोनी की वापसी के बाद सीएसके उन्हें किस भूमिका में रखेगी, यह देखना दिलचस्प होगा। वर्तमान में संजू सैमसन विकेटकीपिंग की जिम्मेदारी संभाल रहे हैं और संभावना है कि वे ही इसे जारी रखेंगे। ऐसे में टीम धोनी को 'इम्पैक्ट प्लेयर' के तौर पर इस्तेमाल कर सकती है। इससे धोनी पर विकेटकीपिंग और दौड़ने का अतिरिक्त दबाव नहीं पड़ेगा और टीम उनकी पावर-हिटिंग का फायदा उठा सकेगी।

**सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ मैच में नहीं खेलेंगे** – चेन्नई सुपर किंग्स का अगला मुकाबला शनिवार को सनराइजर्स हैदराबाद से होना है। हालांकि, इस मैच में धोनी प्लेइंग इलेवन का हिस्सा नहीं होंगे। टीम मैनेजमेंट उनकी फिटनेस को लेकर कोई जल्दबाजी नहीं करना चाहता। सीएसके के सूत्रों ने कहा, धोनी अभी रिहैब प्रक्रिया से गुजर रहे हैं। हम उनकी फिटनेस के साथ कोई जोखिम नहीं लेना चाहते, इसलिए उन्हें पूरी तरह फिट होने का समय दिया जा रहा है।

**प्रैक्टिस सेशन में की लंबी बल्लेबाजी, रेंज हिटिंग पर फोकस** – भले ही धोनी मैच नहीं खेल रहे हैं, लेकिन वे नेट प्रैक्टिस में लगातार पसीना बहा रहे हैं। धोनी ने हाल ही में नेट्स पर लंबी बल्लेबाजी की है। इस दौरान उन्होंने अपनी रेंज हिटिंगपर खास काम किया। नेट सेशन के दौरान धोनी पुराने अंदाज में लंबे छक्के लगाते दिखे, जिससे संकेत मिल रहे हैं कि वे अपनी लय हासिल कर चुके हैं।


# निहाल नें जीता मेनोर्का मास्टर्स रैपिड शतरंज का खिताब

**मेनोर्का, स्पेन (एजेंसी)।** भारतीय शतरंज ग्रैंड मास्टर निहाल सरीन नें पाँचवें मेनोर्का मास्टर्स शतरंज का खिताब अपने नाम कर लिया है , उन्होंने छह खिलाड़ियों के बीच हुए 10 राउंड के दोहरे राउंड रोबिन मुक़ाबले में 6 अंक बनाते हुए पहला स्थान हासिल किया वहीं विश्व चैंपियन डी गुकेश अंतिम चार बाज़ियों में 3 हार के चलते 4.5 अंक बनाकर चौंथे स्थान पर रहे । निहाल नें 10 बाज़ियों के दौरान चार




बाजियाँ जीती जिसमें उन्होंने गुकेश के ख़िलाफ़ दोनों बाजियाँ जीती जबकि हंगरी के रिचर्ड रापोर्ट और भारत के पेंटाला हरिकृष्णा के ख़िलाफ़ उन्होंने एक एक बाजी जीती , चार बाजियाँ ड्रा रही जबकि दो बाज़ियों में उन्हें हार का सामना करना पड़ा । यूक्रेन के रुसलान पोनोमारियोव और हंगरी के रिचर्ड रापोर्ट 5.5 अंक बनाकर टाईब्रेक के आधार पर क्रमश : दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे , गुकेश नें चौंथे राउंड में हरिकृष्णा , छटे राउंड में डोमिंगेज के ख़िलाफ़ जीतकर रफ़्तार पकड़ी थी पर वह उसे बरकरार नहीं रख पाये हालांकि नौवे राउंड में उन्होंने हरिकृष्णा को मात देकर तीसरी जीत दर्ज की थी , गुकेश नें कुछ दिन पहले क्लासिकल शतरंज से थोड़ा ब्रेक लेने का निर्णय लिया था और इस साल के अंत में उन्हें अब उज़्बेकिस्तान के जवोखीर सिंदारोव के खिलाफ़ अपने खिताब की रक्षा करने के लिए उतरना है।

# डी कॉक ने पंजाब किंग्स के खिलाफ जड़ा धमाकेदार शतक, टूट गया धोनी का रिकॉर्ड



**आईपीएल में विकेटकीपर के तौर पर सबसे ज्यादा 50+ स्कोर**

31 - केएल राहुल
25 - क्विंटन डी कॉक*
24 - एमएस धोनी
21 - दिनेश कार्तिक
21 - ऋषभ पंत
20 - संजू सैमसन

**मुंबई (एजेंसी)।** आईपीएल 2026 में मुंबई इंडियंस के ओपनर क्विंटन डी कॉक ने धमाकेदार बल्लेबाजी की. आईपीएल 2026 में पहला मैच खेल रहे डी कॉक ने पंजाब किंग्स के खिलाफ शतक जड़ा. यह इस सीजन का दूसरा शतक और डी कॉक का तीसरा शतक है. वहीं आईपीएल में मुंबई इंडियंस के लिए डी कॉक का यह पहला शतक है। डी कॉक ने 53 बॉल में अपना शतक पूरा किया. यह उनका तीसरा आईपीएल शतक है. इससे पहले उन्होंने दिल्ली कैपिटल्स और लखनऊ सुपरजायंट्स के लिए खेलते हुए यह कारनामा किया था. डी कॉक ने 60 बॉल में 112 रन की पारी खेली. उनकी इस पारी में आठ चौके और सात छक्के शामिल थे. 2014 में मोहाली में लेंडल सिमंस के 100* (61) के बाद आईपीएल में पीबीकेएस के खिलाफ मुंबई के किसी बल्लेबाज की तरफ से बनाया गया यह दूसरा शतक है डी कॉक ने नमन धीर (50) के साथ 122 रन की साझेदारी की, जिससे मुंबई इंडियंस की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में पांच विकेट पर 195 रन बनाए ।

### आईपीएल में डी कॉक का शतक

- 108 (51), डीडी बनाम आरसीबी, बेंगलुरु, 2016
- 140* (70), एलएसजी बनाम केकेआर डीबाय पाटिल , 2022
- 101* (53), मुंबई बनाम पीबीकेएस बानखेड़े , 2026

### डी कॉक ने तोड़ा धोनी का रिकॉर्ड

डी कॉक ने इस पारी के साथ एमएस धोनी का रिकॉर्ड भी तोड़ डाला. वह आईपीएल में बतौर विकेटकीपर सबसे ज्यादा 50 प्लस स्कोर बनाने वाले बल्लेबाज बन गए. उन्होंने 25 बार यह कारनामा किया है. धोनी ने बतौर विकेटकीपर आईपीएल में 24 बार 50 प्लस का स्कोर बनाया है।

## अर्शदीप सिंह का मुंबई के खिलाफ डबल-स्ट्राइक, लगाई शानदार 'सेंचुरी'

इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 का 24वां मैच मुंबई इंडियंस और पंजाब किंग्स के बीच खेला जा रहा है. मुंबई के वानखेड़े मैदान पर खेले जा रहे इस मैच में श्रेयस अय्यर ने टॉस जीतकर मुंबई को बल्लेबाजी का न्योता दिया. मुंबई की शुरुआत अच्छी नहीं रही और अर्शदीप सिंह ने उन्हें बैकफुट पर धकेल दिया. अपने दूसरे ही ओवर में उन्होंने मुंबई को लगातार गेंदों पर दो झटके दे दिए. इसके साथ ही उन्होंने आईपीएल में अपने 100 विकेट भी पूरे कर लिए।



- **आईपीएल में 100 विकेट पूरे किए** – मुंबई की पारी के तीसरे ओवर में बाएं हाथ के इस पेसर ने पहले रियान रिकल्टन का विकेट लिया. बाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने ऑन साइड की गेंद पर हवाई फ्लिक किया. यह गेंद बहुत अच्छी नहीं थी लेकिन रिकल्टन इसका फायदा नहीं उठा पाए. गेंद टप्पा खाने के बाद उनके पैड पर आई. रिकल्टन का शॉट हालांकि सीधा फील्डर के हाथों में गया. डीप स्क्वेअर लेग पर खड़े शशांक सिंह ने आसान सा कैच लपका.
- **हार्दिक पंड्या के आईपीएल में 150 सिक्स पूरे** – 18वें ओवर की पहली गेंद पर हार्दिक पंड्या ने छक्का लगाकर आईपीएल में अपने 150 सिक्स पूरे किए। मार्को यानसन की बैक ऑफ लेंथ गेंद पर हार्दिक ने सामने की ओर शॉट खेला और गेंद बाउंड्री के पार गई। 18वें ओवर की तीसरी गेंद पर हार्दिक पंड्या आउट हो गए।

# विपराज ने कहा-स्टेट लीग के अनुभव ने बढ़ाया मेरा कॉन्फिडेंस

## आईपीएल जैसे हाई-प्रेशर टूर्नामेंट में तैयारी के लिए मिलता है बहुत कम समय



**नईदिल्ली (एजेंसी)।** आईपीएल जैसी दुनिया की सबसे तेज और हाई-प्रेशर लीग में खेलने के लिए यंग प्लेयर्स को मानसिक रूप से मजबूत होना पड़ता है। 21 साल के दिल्ली कैपिटल्स के खिलाड़ी विपराज ने बताया कि इस लेवल पर परफॉर्म करने के लिए स्टेट लीग का अनुभव और प्रैक्टिस कैंप की प्लानिंग सबसे ज्यादा काम आती है। दिल्ली कैपिटल्स के ऑलराउंडर विपराज निगम ने आईपीएल 2026 के राइवलरी वीक के दौरान गुरुवार को जियोस्टार प्रेस रुम में मीडिया से बात की।

### प्रैक्टिस सेशन में ही मैच की प्लानिंग

विपराज ने कहा, आईपीएल एक बहुत ही फास्ट लीग है, जहां खिलाड़ियों को अपनी तैयारी और खेल के बारे में सोचने के लिए बहुत कम समय मिलता है। इसी वजह से वे अपने प्रैक्टिस सेशन्स और कैंप्स के दौरान ही यह तय कर लेते हैं कि मैच में किस तरह का प्रदर्शन करना है। वे अपनी प्लानिंग के अनुसार ही प्रैक्टिस सेशन में खुद को ढालते हैं।इसके अलावा विपराज ने अपनी सफलता में स्टेट लीग की भूमिका को अहम बताया।

### कौन हैं विपराज निगम?

विपराज निगम का जन्म 28 जुलाई, साल 2004 में उत्तर प्रदेश में हुआ था। आईपीएल 2025 के लिए हुए ऑक्शन में दिल्ली कैपिटल्स की फ्रेंचाइजी ने उन्हें 50 लाख रुपए में अपने साथ जोड़ा था। विपराज दाहिने हाथ से बल्लेबाजी के साथ-साथ लेगब्रेक गेंदबाजी करने में माहिर हैं।

### डेब्यू पर सुर्खियां बटोरीं

विपराज का डेब्यू शानदार रहा था। उन्होंने आईपीएल 2025 में दिल्ली कैपिटल्स के लिए डेब्यू करते हुए रुस्त्र के खिलाफ मैच में 15 गेंदों में 39 रन की विस्फोटक पारी और एक विकेट (ऐडन मार्करम) लेकर सुर्खियां बटोरीं। विपराज ने यह पारी तब खेली जब दिल्ली कैपिटल्स 13वें ओवर में 113/6 पर थी और 210 के टारगेट का पीछा कर रही थी।

### विपराज का घरेलू करियर

विपराज ने करियर की शुरुआत बतौर बैटिंग-ऑलराउंडर की थी। उन्होंने फर्स्ट क्लास क्रिकेट में अब तक 6 मैच खेले हैं। इस बीच उनको 10 पारियों में 20 विकेट लिए हैं। इसके अलावा लिस्ट में 16 मैच में 19, जबकि 31 टी-20 33 विकेट चटकाए हैं। फर्स्ट क्लास की 9 पारियों में 135, लिस्ट ए की 7 पारियों में 48 और टी-20 में 241 रन बनाए हैं।

# क्रिकेट कनाडा में करप्शन को लेकर आईसीसी की जांच

## टी-20 वर्ल्डकप में न्यूजीलैंड और कनाडा का मैच भी शक के दायरे में



**नईदिल्ली (एजेंसी)।** आईसीसी की एंटी-करप्शन यूनिट (एसीयू) क्रिकेट कनाडा से जुड़े भ्रष्टाचार के दो मामलों की जांच कर रही है। इस जांच के दायरे में हाल ही में भारत और श्रीलंका में खेले गए टी-20 वर्ल्ड कप का एक मैच भी शामिल है। इसके अलावा, इंटरनेशनल और घरेलू लेवल पर एंटी-करप्शन कोड के संभावित उल्लंघनों की भी पड़ताल की जा रही है। आईसीसी ने यह जांच कनाडा के पब्लिक ब्रॉडकास्टर सीबीसी के कार्यक्रम में प्रसारित डॉक्यूमेंट्री 'करप्शन, क्राइम एंड क्रिकेट' में लगाए गए आरोपों के बाद शुरू की। 43 मिनट की इस फिल्म में कनाडा क्रिकेट के प्रशासन और उसकी कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठाए गए हैं।

**न्यूजीलैंड के खिलाफ मैच का एक ओवर शक के घेरे में** – डॉक्यूमेंट्री में टी-20 वर्ल्ड कप के दौरान कनाडा और न्यूजीलैंड के बीच हुए मैच का जिक्र किया गया है।

# रिकॉर्ड जीत के साथ 'कैंडिडेट्स' जीते 20 साल के सिंदारोव

## अब 19 वर्षीय गुकेश से सामना; दोपहर में नींद से बचने के लिए चुना था चेस

**पेजिया (साइप्रस) (एजेंसी)।** उज्बेकिस्तान के 20 वर्षीय ग्रैंडमास्टर जावोखिर सिंदारोव ने 'कैंडिडेट्स चेस टूर्नामेंट' जीता। 13 मैचों में अजेय रहते हुए उन्होंने 6 जीत दर्ज की, जो 2013 में राउंड रॉबिन फॉर्मेट आने के बाद से इस टूर्नामेंट का रिकॉर्ड है। अब वर्ल्ड चैम्पियनशिप में उनका सामना भारत के मौजूदा चैम्पियन 19 साल के डी. गुकेश से होगा। सिंदारोव के पास 2004 के बाद उज्बेकिस्तान को पहला और ओवरऑल सिर्फ दूसरा चैम्पियन देने का मौका है। दूसरी ओर, गुकेश



इन दिनों फॉर्म से जूझ रहे हैं और टॉप-10 से भी बाहर हो गए हैं।

**सिंदारोव - कभी वीडियो गेम्स की लत लग गई थी** - सिंदारोव ने साढ़े चार साल की उम्र में किंडरगार्टन में दोपहर की नींद से बचने के लिए शतरंज चुना। ट्रेनिंग के बाद 6 महीने में ही दादाजी को हराने लगे और 12 की उम्र में दुनिया के सबसे कम उम्र के ग्रैंडमास्टर्स में शुमार हो गए। बीच में वीडियो गेम्स की लत के कारण उनकी रेटिंग गिर गई। हालांकि, कोविड में वापस करियर पटरी पर लाए।

- **गुकेश - चैम्पियंस का वॉलपेपर लगाकर तैयारी करते** - गुकेश के लैपटॉप का वॉलपेपर दुनिया के 16 विश्व चैम्पियनों की तस्वीरों से सजा था। वे रोज उसे देखते और उन्हीं के बीच होने का सपना बुनते। दिसंबर 2024 में जब खुद विश्व चैम्पियन बने, तो उस ऐतिहासिक फेहरिस्त में उनका नाम भी जुड़ गया। 2021 के लॉकडाउन में उन्हें फिल्मों की ऐसी लत लगी कि वे दिन में दो-दो फिल्में देखने लगे। जैसे ही अहसास हुआ कि यह शतरंज को नुकसान पहुंचा रहा है, उन्होंने तुरंत फिल्मों पर ब्रेक लगा दिया। दही-चावल खाने के शौकीन गुकेश को शतरंज का जुनून ऐसा था कि क्लास टॉपर होने के बावजूद चौथी क्लास के बाद स्कूल छोड़ दिया था।

# भारत बना दुनिया का भरोसेमंद निवेश ठिकानाः सेबी प्रमुख का दावा- वैश्विक अनिश्चितताओं में भी पूंजी बाजार मजबूत

नई दिल्ली। वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच भारत का पूंजी बाजार स्थिर और भरोसेमंद निवेश गंतव्य बनकर उभर रहा है।



सेबी प्रमुख तुहिन कांत पांडे ने बताया कि भारत का बाजार पूंजीकरण 4.4 लाख करोड़ डॉलर पहुंचा। 2025-26 में इक्विटी और ऋण बाजार से 154 अरब डॉलर जुटे। तकनीक, स्वास्थ्य और ऊर्जा क्षेत्रों में निवेश से भरोसा और बढ़ा है।

वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच भारत के पूंजी बाजार को स्थिर तथा भरोसेमंद निवेश के रूप में देखा जा रहा है। उद्योग जगत के प्रतिनिधियों के साथ एक उच्चस्तरीय बैठक के दौरान सेबी प्रमुख तुहिन कांत पांडे ने कहा कि भारत अब वैश्विक स्तर पर एक स्थिर पूंजी केंद्र के रूप में उभर रहा है।

देश का कुल बाजार पूंजीकरण लगभग 4.4 लाख करोड़ डॉलर तक पहुंच गया है। तकनीक, स्वास्थ्य सेवा और ऊर्जा जैसे विविध क्षेत्रों में निवेश के अवसरों ने इस धारणा को और मजबूत किया है। वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान भारत ने इक्विटी और ऋण बाजारों के जरिए कुल 154 अरब डॉलर की पूंजी जुटाई है।

वर्ष 2025 में भारत प्रारंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) की संख्या के मामले में दुनिया में पहले स्थान पर, जबकि जुटाई गई पूंजी के मामले में तीसरे स्थान पर रहा। आरबीआई के मुताबिक, 2025-26 में देश की आर्थिक वृद्धि दर 7.6 फीसदी रहने का अनुमान है, जो बाजार की मजबूती को और पुख्ता करता है। शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों की परिसंपत्तियां करीब 780 अरब डॉलर तक पहुंच गई हैं। कॉरपोरेट बॉन्ड बाजार का आकार भी बढ़कर करीब 650 अरब डॉलर के स्तर पर पहुंच गया है।

# स्मार्टफोन निर्यात में गिरावटः 2026 की शुरूआत में शिपमेंट 3% घटा, छह साल का सबसे कमजोर प्रदर्शन

**एजेंसी समाचार**

नई दिल्ली। 2026 की पहली तिमाही में भारत के स्मार्टफोन बाजार में सुस्ती साफ दिखी। काउंटरपॉइंट की रिपोर्ट के मुताबिक शिपमेंट में सालाना 3% गिरावट आई, जो छह साल में सबसे कमजोर प्रदर्शन है। बढ़ती कीमतें, लागत में इजाफा और कमजोर मांग इसके मुख्य कारण हैं। खासकर 15,000 रुपये से कम वाले फोन की बिक्री ज्यादा गिरी।

जनवरी से मार्च 2026 तक भारत के स्मार्टफोन निर्यात में गिरावट दर्ज की गई है। काउंटरपॉइंट रिसर्च की रिपोर्ट के मुताबिक, 2026 के पहले तीन महीनों के दौरान भारत के स्मार्टफोन शिपमेंट में सालाना आधार पर 3 फीसदी की गिरावट आई। ये पिछले छह वर्षों में सबसे कमजोर प्रदर्शन है। आपूर्ति लागत में बढ़ोतरी, कंपनियों द्वारा कीमतें बढ़ाना और कमजोर उपभोक्ता मांग इन तीनों कारकों ने बाजार पर दबाव डाला। बढ़ते दामों के कारण खुदरा बिक्री पर असर पड़ा, जबकि लॉन्च गतिविधियां अधिक होने के बावजूद बिक्री में अपेक्षित तेजी नहीं आई।

15,000 रुपये से कम वाले फोन की बिक्री में सबसे अधिक कमी आई है। काउंटरपॉइंट रिसर्च के निदेशक तरुण पाठक ने कहा कि लगातार तीन तिमाहियों में स्मार्टफोन महंगे हुए हैं और उपभोक्ता अपने फोन बदलने का समय टाल रहे हैं। ऐसे में निकट भविष्य में भी बाजार पर दबाव बना रह सकता है। इस साल दूसरी तिमाही में शिपमेंट दहाई अंक तक गिर सकता है, क्योंकि कीमतों में तेज वृद्धि और सस्ते स्मार्टफोन की मांग कमजोर बनी हुई है। वर्ष 2026 के लिए लगभग 10 फीसदी गिरावट का अनुमान है।

# जमीन बिक्री करने के नाम पर धोखाधड़ी, मुकदमा दर्ज

## आरोपियों ने दूसरो से तय कर दिया भूमि का सौदा

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**पूरनपुर।** जमीन बिक्री करने के नाम पर युवक से ठगी कर ली गई। रुपये वापस मांगने पर विवाद कर धमकी दी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। जिला सहारनपुर के थाना ननौता के गांव टिकरोल निवासी विश्वास कुमार ने वताया कि उसको व उसके साथियों को माधोटांडा में जमीन की आवश्यकता थी।इसके चलते उसकी व साथियों की मुलाकात माधोटांडा निवासी अतुल कुमार, जीशान शाह से मई 2022 में अतुल कुमार के आवास पर हुई।दोनो ने माधोटांडा क्षेत्र परशरामपुर निवासी जोगेंद्र सिंह की कृषि भूमि को जोगेंद्र सिंह व इकवाल सिंह की मौजूदगी में दिखवाई। भूमि देखने के बाद उसी दिन जोगेंद्र सिंह व इकबाल सिंह ने अपनी कृषि भूमि गाटा संख्या 186 से 189 तक,रकवा 0.820 हैक्टेयर का सोदा 16 लाख 50 रुपये में तय किया।वयाना के तौर पर एक लाख रुपये दिए। इसके बाद शीघ्र ही इकरारनामा तैयार कराने की बात कही थी।29-7-2022 को जोगेंद्र सिंह ने अपने पुत्रो की मौजूदगी में पीडित व उसके साथी अमरीश व श्रीजोशुआ आयजाया के नाम अपनी कृषि भूमि गाटा संख्या 186 से 189 तक रक्वा 0.82 है. स्थित ग्राम केसरपुर ता.माधोपुर तहसील पूरनपुर का इकरारनामा दस लाख रुपये प्राप्त करके पीडित व उसके साथियों के पक्ष में निष्पादित किया गया था। छह माह के अंदर शेष धनराशि 6 लाख 50 हजार रुपये प्राप्त करके कृषि भूमि का बैनामा पीडित व साथियों के पक्ष में किया जाना तय हुआ था।लेकिन छह की अवधि से पहले ही जोगेन्दर सिंह की मौत हो गई। उसके बाद भूमि के विधिक वारिस मृतक की पत्नी जसवीर कौर,पुत्र गुरबाज सिंह.व इकबाल सिंह हो गए। पीडित व साथियों ने बैनामा कराने के लिए कहा लेकिन टाल मटौल करना शुरू कर दिया। कुछ दिन बाद बैनामा कराने से मना कर दिया।रुपये मांगने पर पांच पाच लाख रुपये के चेक फर्जी व कूटरचित साइन करके धोखाधड़ी करने की नीयत दिए तथा जिस बैंक के चैक दिए गए वह इकबाल सिंह ने पीडित व साथियों को धोखा देने की नीयत से वंद कर दिया गया। आरोपियों ने उसी भूमि का सौदा अन्य लोगो के साथ कर दिया। मामले की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया गया है।

# असम हाईवे पर कार की टक्कर से बाइक सवार की मौत

## पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**पूरनपुर।** सडक हादसे में वाइक सवार की मौत हो गई।जिससे खलवली मच गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। पुलिस जांच कर रही है। शनिवार को असम हाईवे पर सिंहपुर के पास एक भयावह सड़क हादसा हुआ। तेज गति आ रही कार ने बाइक को टक्कर मार दी, टक्कर इतनी तेज थी कि वाइक सवार उछल कर दूर जा गिरा। हादसे में वाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया, पुलिस और एम्बुलेंस घटनास्थल पर पहुंची,लेकिन इलाज के लिए ले जाने के दौरान युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान पूरनपुर कोतवाली क्षेत्र के गांव अमरैयाकला निवासी इन्द्रजीत (55) के रूप में हुई है। हादसे को लेकर खलवली मच गई। कई लोग मौके पर एकत्र हो गए। सूचना पर परिवार में कोहराम मच गया। रोते विखलते परिजन मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। घटना से परिवार में चीत्कार मची हुई है।पुलिस ने वताया हादसे में एक युवक की मौत हुई है।शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। कार चालक की तलाश की जा रही है। वाइक पूरी तरह से छतिग्रस्त हो गई। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। हादसा हाईवे पर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। स्थानीय लोगों ने बताया कि यह मार्ग अक्सर तेज रफ्तार वाहनों के लिए खतरनाक साबित होता रहा है। पुलिस ने आम जनता से सावधानी बरतने और सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने की अपील की है।

# नरई में आग लगाने के विरोध पर किसान को दी धमकी

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**पूरनपुर।** खेत में फसल खडी होने के बाद भी पडोसी खेत स्वामी ने नरई में आग लगा दी। विरोध पर आग में फैंकने की धमकी दी। कोतवाली क्षेत्र के गांव नवदिया मुजफ्फरनगर निवासी बलबीर सिंह ने बताया कि उसके खेत में गेहूं की फसल खड़ी हुई है। पड़ोसी खेत स्वामी ने खेत में खडी नरई में आग लगा दी। कुछ ही देर बाद आग ने बिकराल रुप धारण कर लिया। आरोप है कि नरई जलाने वाले ने अपने खेत में चैनी धान लगाने की नीयत से आग लगाई। जबकि पड़ोस में स्थित उसके खेत पर गेहूं की फसल खड़ी है। वमुश्किल उसकी फसल जलने से बची। जानकारी पर जब पीड़ित मौके पर पहुंचा और आग लगाने का विरोध किया तो आरोप है कि आग लगाने वालों ने उनके साथ गाली गलौज की और आग में डालकर जान से मारने की धमकी दी। इसको लेकर खलवली मच गई। पीड़ित किसान ने कोतवाली पहुंचकर पुलिस को तहरीर दी है। पुलिस ने वताया मामले की तहरीर मिली है। जिसकी जांच की जा रही है। इसके अलावा घुंघचाई, माधोटांडा, सेहरामऊ, हजारा में अभी किसानों की फसल खडी हुई है। उसके वावजूद खडी नरई में आग लगाई जा रही है। जिससे फसल में आग लगने की आशंका वनी हुई ।

# जंगल में घूम रहा क्लच वायर फंसा घायल बाघ, फोटो वायरल

## पीटीआर का बताया जा रहा फोटो, वन विभाग के अधिकारी रहे नकार, किसी व्यक्ति ने घायल बाघ का फोटो इंटरनेट पर किया प्रसारित

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**पूरनपुर।** जंगल में विचरण कर रहे गंभीर रूप से घायल एक बाघ का फोटो इंटरनेट पर प्रसारित हुआ है। इसमें बाघ की बाघ की गर्दन पर क्लच वायर फंसा है और गहरा जख्म है। इंटरनेट पर प्रसारित फोटो पीलीभीत टाइगर रिजर्व का बताया जा रहा है। हालांकि वन विभाग के जिम्मेदारी अधिकारी इस बात को सिरे से नकार रहे हैं। प्रसारित फोटो पीटीआर का है। जागरण मोर्चा इसकी पुष्टि नहीं करता है। हालांकि वन विभाग के जिम्मेदारों को इस मामले में ठोस कदम उठाना चाहिए। ताकि समय से घायल बाघ को उपचार मिले और वह स्वस्थ्य हो सके। पीलीभीत टाइगर रिजर्व का जंगल 73 हजार हेक्टेयर में फैला है। इसकी सीमा जिला लखीमपुर के दुधवा टाइगर रिजर्व के जंगल और पड़ोसी राज्य उत्तराखंड के जंगल से लगी है। वन एवं वन्यजीवों की निगरानी के दावे किए जा रहे हैं लेकिन कभी-कभी इंटरनेट साइट पर वायरल वीडियो और फोटो जिम्मेदारों की जिम्मेदारी की पोल खोल देते हैं। कुछ ऐसा ही एक फोटो इंटरनेट पर प्रसारित हुआ है जो पीटीआर की बराही रेंज की सेल्हा बीट में साइफन के पास का बताया जा रहा है। हालाँकि जागरण मोर्चा इसकी पुष्टि नहीं करता है। वायरल फोटो में बाघ की गर्दन पर गंभीर घाव दिख रहा है। आशंका जताई जा रही है कि बाघ के गले में वन्यजीवों के शिकार में प्रयुक्त किया जाने वाला क्लच वायर फंसा हुआ है। आशंका यह भी है कि बाघ आपसी संघर्ष में घायल हुआ हो। कुछ वन्यजीव प्रेमियों का कहना है कि जंगल सफारी के दौरान किसी पर्यटक ने यह बाघ देखा और उसने फोटो खींच कर इंटरनेट पर प्रसारित कर दिया। हालांकि घायल बाघ को देख वन्यजीव प्रेमियों में रोष है। उनका कहना है कि कि घायल बाघ के प्रासारित फोटो को लेकर पीटीआर के जिम्मेदार अफसर गंभीर नहीं है। शायद इसलिए फोटो प्रसारित होने के बाद भी जिम्मेदार अफसरों ने जंगल में कांबिंग की जहमत नहीं उठाई। ताकि इस बाघ की पुष्टि हो सके कि यह बाघ पीटीआर का है या किसी अन्य अभ्यारण्य का।



जंगल में घूम रहे गंभीर रूप से घायल बाघ का फोटो इंटरनेट पर प्रसारित हुआ है।

> पीलीभीत टाइगर रिजर्व को इस प्रकार का कोई भी फोटो किसी के द्वारा उपलब्ध नहीं कराया गया है। न ही इंटरनेट पर ऐसा फोटो देखा है। हो सकता है कि वायरल फोटो किसी दूसरे अभ्यारण्य का हो। जंगल में ट्रैप कैमरे लगे हैं। उनको दिखवाया जाएगा।
>
> **मनीष सिंह**
> **डीएफओ, पीलीभीत**

# जमीन विक्रेता का अपहरण करने का किया प्रयास

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**पूरनपुर।** नगर के रजिस्ट्री कार्यालय के पास जमीन विक्रेता का जबरन अपहरण करने का प्रयास किया। शोर मचाने पर लोगों ने उसे बचाया, जिसके बाद आरोपी मौके से भाग गए। तहसील क्षेत्र के गांव चित्तरपुर निवासी बाबूराम ने बताया कि उसने अपनी जमीन का सौदा किया था। इसी के तहत वह शनिवार को नगर पूरनपुर के उप निबंधक कार्यालय में लिखापढ़ी थी। विक्रेता और खरीदार पहुंच गए। विक्रेता बाबूराम का आरोप है कि दोपहर करीब दो बजे अचानक से खरीदार और उसके साथियों ने उसे जबरन कार में बैठा लिया। अपहरण कर जमीन का 90 लाख रुपये देने के बजाय उसे जबरन ले जाने लगे। आरोपियों के मंसूबे देखकर बाबूराम ने शोर मचाया। इस पर आसपास मौजूद लोग एकत्र हो गए और कार को रोक लिया। आरोपियों के चंगुल से बाबूराम को छुड़ा लिया गया। इस बीच मौका पाकर खरीदार और अन्य लोग भाग गए। दिनदहाड़े हुई इस घटना से अफरातफरी मच गई। सूचना पर पहुंची पुलिस जांच में जुटी है। पुलिस ने वताया मामले की जानकारी लगी है। जांच शुरू कर दी गई है। जांच में जो पाया जाएगा। उसी के तहत कार्रवाही की जाएगी।

# मॉडिफाइड साइलेंसर पर सख्ती, गैराज संचालकों को चेतावनी

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**पीलीभीत।** मोटरसाइकिलों में मॉडिफाइड साइलेंसर और पटाखा जैसी आवाज करने वाले वाहनों पर नियंत्रण को लेकर एआरटीओ कार्यालय में बैठक आयोजित की गई। सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी वीरेंद्र सिंह ने गैराज संचालकों व सर्विस सेंटर इंचार्ज को ऐसे साइलेंसर लगाने पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी।उन्होंने बताया कि तेज ध्वनि से आमजन, विशेषकर बच्चों व बुजुर्गों पर प्रतिकूल असर पड़ता है और सड़क दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ता है। अभियान के तहत अब तक दो वाहनों का चालान किया जा चुका है और आगे भी कार्रवाई जारी रहेगी।



बाइक में पटाखों को लेकर बैठक करते एआरटीओ

# मरौरी के ग्रामीणों ने विधायक का किया घेराव, एफआईआर न होने पर धरने की चेतावनी




विधायक से वन विभाग के कर्मचारी की शिकायत करते ग्रामीण

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**गजरौला।** वन विभाग की कार्रवाई से नाराज मरौरी गांव के ग्रामीणों ने शनिवार को बरखेड़ा विधायक स्वामी प्रवक्तानंद के खमरिया पुल स्थित आश्रम पहुंचकर उनका घेराव किया। बड़ी संख्या में महिलाओं सहित ग्रामीणों ने वन विभाग के कर्मचारियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की मांग उठाई और चेतावनी दी कि मांग पूरी न होने पर वे अनिश्चितकालीन धरना शुरू करेंगे। ग्रामीणों के मुताबिक, 3 मार्च को कुछ बच्चे होलिका दहन के लिए जंगल किनारे सूखी लकड़ियां इकट्ठा कर रहे थे। इसी दौरान वन विभाग की टीम वहां पहुंची और बच्चों को पकड़ लिया। शोर सुनकर पहुंचे ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि वन कर्मियों ने उनके साथ मारपीट की। महिलाओं के साथ भी अभद्रता और मारपीट के आरोप लगाए गए हैं। घटना के बाद ग्रामीण थाने पहुंचे, जहां उनका मेडिकल तो कराया गया, लेकिन अब तक गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज नहीं हुआ है। इससे आक्रोशित ग्रामीणों ने प्रशासन को 19 अप्रैल तक का अल्टीमेटम दिया है। चेतावनी दी कि कार्रवाई न होने पर 20 अप्रैल से धरना शुरू किया जाएगा। घेराव में बाबूराम सागर, कुशवीर, बेनीराम, लालाराम, कालीचरन, ओमप्रकाश सहित सैकड़ों ग्रामीण मौजूद रहे।

> मरौरी प्रकरण में मुख्यमंत्री से मिलकर पूरा मामला अवगत कराया था प्रमुख सचिव के भी संज्ञान में मामला है जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक से बात चल रही है। ग्रामीणो ने मुझे मांग पत्र देकर न्याय की मांग की है।
>
> **स्वामी प्रवक्तानंद विधायक**
> **बरखेड़ा विधानसभा**

# हजारा क्षेत्र में अज्ञात वाहन की टक्कर से तेंदुए की मौत

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**पूरनपुर।** हजारा क्षेत्र में एक दर्दनाक हादसे में तेंदुए की मौत हो गई। तेंदुआ किसी अज्ञात वाहन की चपेट में आ गया।जिससे उसकी मौके मौत हो गई। घटना ट्रांस शारदा हजारा इलाके की बताई जा रही है। जो जंगल से सटा हुआ क्षेत्र है और यहां अक्सर वन्यजीवों की आवाजाही बनी रहती है। तेंदुआ सड़क पार कर रहा था,तभी तेज रफ्तार वाहन ने उसे टक्कर मार दी। हादसे के बाद चालक वाहन समेत मौके से फरार हो गया। सूचना मिलने पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और तेंदुए के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वन अधिकारियों ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला सड़क दुर्घटना का लग रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों की पुष्टि हो सकेगी। वन विभाग ने क्षेत्र में गश्त बढ़ाने के साथ ही लोगों से रात के समय सतर्क रहने और तेज गति से वाहन न चलाने की अपील की है, ताकि वन्यजीवों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

# मायके पहुंच कर पति ने पत्नी को पीटा, पति पर केस दर्ज

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**पूरनपुर।** विवाहिता को मारपीट कर घर से निकालने के मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। कोतवाली क्षेत्र के गांव पिपरिया दुलई निवासी उपाशना शर्मा ने बताया कि उसकी शादी शाहजहांपुर के ग्राम खुदागंज व हाल निवासी मंगलम कालौनी फुलचंगा चौराह रुद्रपुर जिला उधमसिंह नगर निवासी अमित कुमार के साथ हुई थी। शादी के बाद पति आए दिन गाली गलौज कर मारपीट करना शुरू कर दिया। जान से मारने का प्रयास किया। उस दौरान पंचायत में कुछ लोगों ने समझौता करा दिया था। इसी दौरान उसके पति का दूसरी महिला के साथ संबंध है। इस पर उसने अपने पति अमित कुमार से पूछा तो उसके साथ गाली गलौज कथ मारपीट की। इसके बाद उसका खाना पीना भी पति ने बंद कर दिया। आए दिन उसको पति वंद रखता था। 16 अप्रैल को सुवह पति उसको पिपरिया दुलई छोडने आया। जंहा मारपीट कर जान से मारने की धमकी देकर भाग गया। मारपीट करने से विवाहिता घायल हो गई। मामले की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस ने बताया मामले में पति के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर विवेचना शुरू कर दी गई है।




# गाड़ी पर जबरन भैंस को लादकर ले गए, मुकदमा दर्ज

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**पूरनपुर।** रात्रि के दौरान गाडी पर जबरन भैंस को लाद कर ले जाने लगा। रोकने पर उसको धक्का मारकर गिरा दिया। पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर दो अज्ञात सहित तीन पर मुकदमा दर्ज किया है। माधोटांडा थाना क्षेत्र के गांव बंगला मित्रसेन निवासी हेमराज ने बताया कि वह बिकलांग व्यक्ति है। उसके घर पर एक सप्ताह पहले बरखेड़ा थाना क्षेत्र के गांव पंडरी खमरिया निवासी सलमान आया और भैंस खरीदने की बात करने लगा। जब पीड़ित ने भैंस बेचने से मना कर दिया। तो आरोपी जबरन भैंस ले जाने की बात कह कर चला गया। 26 दिसंबर 2025 को रात्रि करीव 11 बजे वह सो रहा था।इस दौरान उसको आहट सुनाई दी। चारपाई से उठकर धीरे-धीरे बाहर आया तो उसने देखा कि चार पहिया वाहन गाड़ी खड़ी थी। सलमान व दो अज्ञात भैंस को जबरन उस पर चढ़ा रहे थे। जब उसने रोकने का प्रयास किया तो उसके साथियों ने धक्का मारा जिससे वह जमीन पर गिर पड़ा। शोर मचाने पर गांव के लोग एकत्र हो गए। तब तक आरोपी उसकी भैंस को लाद कर ले जा चुके थे। मामले की तहरीर पुलिस को दी गई। लेकिन कार्रवाई नहीं हुई। इसके बाद पीड़ित ने कोर्ट की शरण ली। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने सलमान व दो अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस ने वताया कोर्ट के आदेश पर केस दर्ज कर लिया गया है।विवेचना शुरू कर दी गई है।

# खेत में खड़ी गेंहू की फसल जोती, मुकदमा दर्ज

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**पूरनपुर।** खेत में खड़ी गेहूं को जबरन जोत दी। विरोध करने पर खेत स्वामी व उसके पुत्रों के साथ मारपीट की। पुलिस ने केस दर्ज किया है। घुंघचाई थाना क्षेत्र के गांव पिपरिया मझरा निवासी रामसरन ने बताया कि उसका लगभग ढाई एक-ड़ खेत है। उसमें गेहूं की फसल खड़ी हुई थी। 13 अप्रैल को गांव के रहने वाले कुछ लोग दोपहर को ट्रैक्टर और हैरो को लेकर खेत पर पहुंच गए। देखते-देखते पूरा खेत जोत डाला। जब उनको पता चला तो इस पर उनके पुत्र अमर सिंह व संदीप मौके पर पहुंचे,उन्होंने खेत जोतने का विरोध किया तो वह गाली गलौज करने लगे, विरोध करने पर मारपीट शुरू कर दी। शिकायत पर जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित ने मामले की तहरीर पुलिस को दी। पुलिस ने गांव निवासी वीर सिंह, अखिलेश, बीपी व इंद्रजीत के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। थाना प्रभारी जयशंकर सिंह ने बताया मामले में रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी गई है।

# पेड़ से लटका मिला युवक का शव, मचा कोहराम

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**पूरनपुर।** तहसील क्षेत्र के एक गांव निवासी एक युवक कई साल से अपनी बहन के घर पर रहता था। इस दौरान उसकी संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। उसका शव गांव के बाहर एक पेड़ पर लटका मिला। जिससे खलबली मच गई। कई लोग मौके पर एकत्र हो गए। जानकारी लगने पर परिवार के लोग रोते हुए मौके पर पहुंच गए। शव को नीचे उतार कर आनन फानन में उसका अंतिम संस्कार कर दिया गया। घटना को लेकर परिवार में कोहराम मचा हुआ है। हांलाकि परिवार ने पुलिस कार्रवाई नही की। पुलिस ने बताया इस तरह की कोई भी सूचना नही आई है।

# नोयडा में आंदोलनकारी मजूदरों पर कहर बरपाने से आक्रोश

**शनिवार को भाकपा माले ने तहसील में प्रदर्शन कर दिया ज्ञापन ,मजदूरों की मांगों व हिंसा की उच्च स्तरीय जांच कराने की मांग**



पूरनपुर में भाकपा माले ने प्रदर्शन कर एसडीएम को ज्ञापन दिया

**जागरण मोर्चा कार्यालय**
**पूरनपुर**। प्रदेश व्यापी आवाहन पर शनिवार को भारत की कम्यूनिस्ट पार्टी (माले) ने तहसील पहुंचकर प्रदर्शन किया। इसके बाद राज्यपाल को संबांधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा। इसमें नोयडा के मजदूरो के आंदोलन, मांगों और वहां हुई हिंसा की उच्च न्यायालय के न्यायधीश की अध्यक्षता में जांच कराने आदि की मांग की गई है। भाकपा माले के पदाधिकारियों व कार्यकताओं ने कहा कि नोयडा के आंदोलनकारी मजदूरों पर लाठीचार्ज, गोली चलाने और आंदोलन को कुचलने के लिए आरएएफ व पीएसी का प्रयोग करने की कार्यवाही बेहद निदंनीय है। श्रम व पारिश्रमिक पर रोक लगाने व जीवन यापन के लायक वेतन की गारंटी के साथ बेहतर कार्य स्थिति, सामाजिक सुरक्षा की गारंटी के बजाए सरकार मजदूरों के दमन पर उतारू है। एलपीजी व जरूरी सामान की कीमतों में वृद्धि व कम वेतन की समस्या को लेकर नोयडा के विभिन्न कंपनियों के मजदूर अपनी मांगों को लेकर आंदोलन कर रहे हैं। मजदूरों की जायज मांगे पूरी कराने के बजाए उनपर लाठीचार्ज कर मकदमें लिखाने व गिरफ्तारी की जा रही है। ऐसा करना गलत है। ट्रेड यूनियन के नेताओं को गिरफ्तार किया गया जो चिंताजनक है। मजदूरो की मदद करने वाले वकीलों, राजनीतिक कार्यकताओं को भी पुलिस परेशान कर रही है। जबकि नोयडा के अलावा देश के कई हिस्से में मजदूर 12 घंटे के कार्यदिवस के खिलाफ, ओवरटाइम काम के लिए डबल रेट से पेमेंट कराने, कांट्रैक्ट कर्मचारियों के शोषण पर रोक लगाने आदि जायज मांगों को लेकर संघर्ष कर रहे हैं। ज्ञापन में मजदूरों के आंदोलन, मांगों व वहां हुई हिंसा की उच्च न्यायालय के न्यायधीश की अध्यक्षता में जांच कराने, गिरफ्तार मजदूरों च यूनियन के नेताओं को रिहा करने, प्रदेश में आठ घंटे के काम की न्यूनतम मजदूरी 34 हजार रुपये प्रतिमाह और ओवरटाइम की मजदूरी दोगुना करने आदि की मांग की गई है। प्रदर्शन कर ज्ञापन देने वालों में जिला सचिव देवाशीष राय, सईद खां, अफरोज आलम, ब्लाक सचिव देवीदयाल आदि शामिल रहे।

# बीसलपुर में समाधान दिवस, 65 में से 5 शिकायतों का मौके पर निस्तारण


बीसलपुर में समाधान दिवस में शिकायतें सुनते जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह

**जागरण मोर्चा कार्यालय**
**पीलीभीत**। तहसील बीसलपुर में जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित हुआ, जिसमें 65 शिकायतें प्राप्त हुईं। इनमें से 5 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया गया। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी शिकायतों का गुणवत्तापरक व समयबद्ध समाधान कर रिपोर्ट पोर्टल पर अपलोड करें। उन्होंने राजस्व मामलों में आवश्यकता अनुसार पुलिस की मदद लेकर निस्तारण करने के निर्देश भी दिए। कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक सुकीर्ति माधव सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# नवागत तहसीलदार की सख्ती: दलालों और भ्रष्टाचारियों को सख्त चेतावनी

**तहसील परिसर में दिखे दलाल तो होगी कड़ी कार्रवाई, जनता से सीधे संपर्क की अपील**



**जागरण मोर्चा कार्यालय**
**बिसौली, बदायूं**। नवागत तहसीलदार सुरेंद्र कुमार ने चार्ज संभालते ही सख्त तेवर दिखाने शुरू कर दिए हैं। उन्होंने स्पष्ट कहा कि तहसील परिसर में किसी भी प्रकार का भ्रष्टाचार या दलाली बर्दाश्त नहीं की जाएगी। यदि कोई भी दलाल परिसर में दिखाई देता है तो उसके खिलाफ तत्काल कड़ी कार्रवाई की जाएगी। तहसीलदार ने जनता से अपील करते हुए कहा कि अपने कार्य के लिए सीधे उनसे या संबंधित अधिकारियों से संपर्क करें और किसी को भी रिश्वत न दें। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि सभी कर्मचारी समय से कार्यालय पहुंचे, अन्यथा लापरवाही बरतने वालों के खिलाफ सख्त कदम उठाए जाएंगे। चार्ज संभालने के तुरंत बाद तहसीलदार सुरेंद्र कुमार ने पूरे तहसील परिसर का निरीक्षण किया और साफ-सफाई व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि परिसर में गंदगी किसी भी हालत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी और शासन की मंशा के अनुरूप कार्य होना चाहिए। सूत्रों के अनुसार, तहसीलदार सुरेंद्र कुमार ईमानदार और तेजतर्रार अधिकारी के रूप में जाने जाते हैं, जो जनता के कार्यों का त्वरित निस्तारण करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। वहीं, नवागत उपजिलाधिकारी ने भी पदभार ग्रहण करते ही तहसील का दौरा कर प्रशासनिक व्यवस्था का जायजा लिया। तहसीलदार और उपजिलाधिकारी के सख्त रुख के चलते भ्रष्ट कर्मचारियों में हड़कंप मचा हुआ है। अब देखना यह होगा कि प्रशासन की यह सख्ती कितनी प्रभावी साबित होती है और भ्रष्टाचार पर कितनी लगाम लग पाती है।

# वन विभाग की टीम पर जानलेवा हमले के मामले में मुकदमा दर्ज

**पीटीआर की बराही रेंज की सिमरा बीट में चार दिन पहले हुई थी वारदात ,बीट प्रभारी की तहरीर पर पुलिस ने दो नामजद व अज्ञात के खिलाफ दर्ज किया केस**

**जागरण मोर्चा कार्यालय**
**माधोटांडा**। चार दिन पहले बुधवार की रात बराही रेंज की सिमरा बीट में वन्यजीव तस्करों द्वारा वन विभाग की टीम पर हुए जानलेवा हमले के मामले में पुलिस ने राघवपुरी के दो आरोपियों के अलावा अज्ञात पर मुकदमा दर्ज किया है। यह कार्रवाई सिमरा वीट प्रभारी की तहरीर पर की गई है। इससे पहले वन विभाग की तरफ से भी हमलावरों क खिलाफ केस दर्ज किया जा चुका है। पीलीभीत टाइगर रिजर्व की बराही रेंज की सिमरा द्वितीय बीट प्रभारी रामचंद्र लाल निवासी टांडा छत्रपति ने माधोटांडा थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा कि 15 अप्रैल की रात करीब 11 बजे मुखबिर से सूचना मिली कि थाना हजारा के गांव राघवपुरी के हरजिंदर सिंह, बलजीत सिंह ने कुछ अपने साथियों के साथ वन्यजीव का शिकार करने के लिए जंगल में घुसपैठ की है। तत्काल वन दरोगा कपिल अपने टीम वन रक्षक अनिल कुमार, न्यूनतम वेतन कर्मी रनवीर कुमार व अन्य के साथ तराई कक्ष 11 बफर जोन रेंज बराही में काबिंग शुरू की। इस दौरान फायर की आबाज सुनाई दी। वन विभाग की टीम ने घेराबंदी की। टार्च की रोशनी डाली तो देखा कि तस्कर एक वन्यजीव को उठाकर बाइक के पास ले जाने का प्रयास कर रहे हैं। आरोप है कि टार्च की रोशनी पड़ने और अपने को घिरा हुआ देख तस्करों ने फायरिंग करनी शुरू कर दी। वन टीम ने पेड़ों के पीछे छिपकर अपनी जान बचाई। हिम्मत जुटाकर तस्करों को पकड़ने की कोशिश की लेकिन वह बाइक और जंगली सुअर का शव छोड़कर फायर करते हुए फरार हो गए। टीम ने बाइक व सुअर का शव कब्जे में लिया। वन विभाग द्वारा तस्करों पर वन्यजीव अपराध की धाराओं में केस दर्ज किया और तस्करों की तलाश में जुटी गई। तस्करों पर कड़ी कार्रवाई कराने के लिए थाने में तहरीर दी गई। इसपर पुलिस ने राघवपुरी के हरजिंदर सिंह पुत्र कक्का सिंहख बलजीत सिंह पुत्र रतन सिंह व उनके अज्ञात साथियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस भी आरोपियों की तलाश में जुट गई है।

# जिला अस्पताल में लापरवाही का आरोप, बुजुर्ग की मौत पर हंगामा


हंगामा के बाद पहुंची पुलिस पड़ताल करती हुई

**जागरण मोर्चा कार्यलय**
**पीलीभीत**। जिला अस्पताल में बुजुर्ग कुंदन लाल की मौत के बाद परिजनों ने इलाज में लापरवाही और अभद्र व्यवहार का आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा किया। ग्राम बगवा निवासी कुंदन लाल को जहरीला पदार्थ निगलने के बाद दोपहर करीब 12:35 बजे इमरजेंसी वार्ड में भर्ती कराया गया था, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। परिजनों का आरोप है कि मरीज को समय पर समुचित उपचार नहीं मिला और डॉक्टरों व स्टाफ ने गंभीरता नहीं दिखाई। साथ ही अभद्र भाषा के प्रयोग का भी आरोप लगाया गया है। घटना के बाद आक्रोशित परिजन और स्थानीय लोग अस्पताल परिसर में एकत्र हो गए और नारेबाजी शुरू कर दी, जिससे अफरा-तफरी का माहौल बन गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने स्थिति को नियंत्रित किया। मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. रमाकांत सागर मौके पर पहुंचे और परिजनों को समझाकर शांत कराया। उन्होंने बताया कि परिजनों की शिकायत के आधार पर मामले की जांच के लिए वरिष्ठ डॉक्टरों की टीम गठित की जाएगी और दोषी पाए जाने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। वहीं पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# इंडियन गैस एजेंसी पर अवैध वसूली और अनियमितता के आरोप, उपभोक्ता परेशान




**जागरण मोर्चा कार्यालय**
**बिसौली, बदायूं**। क्षेत्र की एक इंडियन गैस एजेंसी पर उपभोक्ताओं से अवैध वसूली और गैस वितरण में अनियमितता के आरोप सामने आए हैं। गैस सिलेंडर न मिलने से परेशान उपभोक्ताओं में रोष व्याप्त है। सूत्रों व उपभोक्ताओं की शिकायत के अनुसार, जिन ग्राहकों की केवाईसी पहले से पूर्ण है, उनसे भी दोबारा केवाईसी के नाम पर लगभग 200 रुपये लिए जाने का आरोप है। इसके अलावा गैस पाइप के नाम पर भी करीब 200 रुपये वसूले जाने की बात कही जा रही है। उपभोक्ताओं का आरोप है कि उन्हें निर्धारित संख्या के अनुसार सिलेंडर उपलब्ध नहीं हो पा रहे हैं। कुछ लोगों का कहना है कि दो सिलेंडर के स्थान पर एक ही सिलेंडर दिया जा रहा है, जबकि दूसरे सिलेंडर के ब्लैक में बेचे जाने की आशंका जताई जा रही है। हालांकि, इन आरोपों की आधिकारिक पुष्टि नहीं हो सकी है। लगातार सामने आ रही इन शिकायतों के कारण उपभोक्ताओं में नाराजगी बढ़ती जा रही है। लोगों का कहना है कि उन्हें समय पर गैस नहीं मिल पा रही है और अतिरिक्त भुगतान के लिए दबाव बनाया जा रहा है। स्थानीय लोगों ने नवागत उपजिलाधिकारी से पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच कराकर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है, ताकि उपभोक्ताओं को राहत मिल सके।

# नारी शक्ति वंदन अभियान में निकाली पैदल जागरूकता रैली


जागरूकता रैली निकालती छात्रायें

**जागरण मोर्चा कार्यालय**
**पीलीभीत**। नारी शक्ति वंदन अभियान के तहत शनिवार को महिलाओं ने जागरूकता के लिए पैदल रैली निकाली। जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह ने गांधी सभागार से आशा वर्करों व शिक्षिकाओं की रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया, जो टनकपुर रोड होते हुए कलेक्ट्रेट पहुंची। इसके बाद आयोजित गोष्ठी में महिला सशक्तिकरण, आत्मनिर्भरता और अधिकारों के प्रति जागरूकता पर जोर दिया गया। वक्ताओं ने नारी शक्ति वंदन को सशक्त बनाने के लिए राष्ट्रपति व प्रधानमंत्री को ज्ञापन भेजने की बात भी कही। कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी, उप जिलाधिकारी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी सहित कई अधिकारियों व शिक्षिकाओं ने भाग लिया।

# अवैध टैक्सी स्टैंड से सिटी बस सेवा प्रभावित, कार्रवाई की मांग

**जागरण मोर्चा कार्यालय**
**शाहजहांपुर**। शहर में अवैध टैक्सी स्टैंड और जबरन वसूली के कारण सिटी बस सेवा प्रभावित हो रही है। इस संबंध में सिटी ट्रांसपोर्ट सर्विसेज लिमिटेड के प्रबंधक संचालन ने पुलिस अधीक्षक को पत्र भेजकर कार्रवाई की मांग की है। पत्र में बताया गया है कि सदर बाजार थाना क्षेत्र के निगोही रोड और पुवायां रोड पर कुछ लोग अवैध रूप से टैक्सी स्टैंड चलाकर डग्गामार वाहनों से जबरन वसूली कर रहे हैं। जबकि इन स्थानों पर वसूली के लिए कोई अधिकृत ठेका नहीं दिया गया है। बताया गया कि छावनी परिषद की ओर से केवल दो स्थानों पुलिस लाइन गेट और बसेरा डॉर्मेंट्री के पास पर ही वसूली की अनुमति है। इसके बावजूद अन्य स्थानों पर अवैध वसूली की जा रही है, जिससे टैक्सी और टेंपो की पार्किंग बाधित हो रही है। अवैध स्टैंड के कारण महिला थाना के पास दिनभर जाम की स्थिति बनी रहती है, जिससे सिटी बसों का संचालन भी प्रभावित हो रहा है और विभाग को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। प्रबंधक संचालन ने पुलिस प्रशासन से अवैध टैक्सी स्टैंड हटवाने की मांग की है, ताकि बस सेवा सुचारू रूप से चल सके और आम लोगों को सुविधा मिल सके।

# वित्त मंत्री ने रोजा सैटलाइट बस अड्डे का किया निरीक्षण



**जागरण मोर्चा कार्यालय**
**शाहजहांपुर**। वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना एवं जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने रोजा स्थित सैटलाइट बस अड्डे का निरीक्षण कर वहां विकसित की गई सुविधाओं का जायजा लिया। इस दौरान इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन लिमिटेड (आईओसीएल) की सीएसआर योजना के अंतर्गत निर्मित मल्टीपर्पज हॉल एवं नगर निगम के जोनल कार्यालय का विस्तार से निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने भवन की गुणवत्ता, उपलब्ध सुविधाओं, साफ-सफाई तथा संचालन व्यवस्था की जानकारी ली। संबंधित विभागीय अधिकारियों से निर्माण कार्य की प्रगति और उपयोगिता के बारे में भी जानकारी प्राप्त की गई। वित्त मंत्री और जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी व्यवस्थाएं सुचारु रूप से संचालित हों और आम जनता को किसी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने यह भी कहा कि इस तरह की सुविधाओं से क्षेत्र के लोगों को बेहतर सेवाएं मिलेंगी और प्रशासनिक कार्यों में भी गति आएगी। अधिकारियों ने बताया कि मल्टीपर्पज हॉल का उपयोग विभिन्न सामाजिक व प्रशासनिक कार्यक्रमों के लिए किया जा सकेगा, जबकि जोनल कार्यालय के शुरू होने से नगर निगम से जुड़े कार्यों का निस्तारण स्थानीय स्तर पर आसानी से हो सकेगा। निरीक्षण के दौरान संबंधित विभागों के अधिकारी व कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

# ज्ञान इंटरनेशनल स्कूल के छात्रों का शानदार प्रदर्शन, मेधावियों का सम्मान



ज्ञान इंटरनेशनल स्कूल में समारोह पूर्वक मेधावी छात्रों को किया गया सम्मानित

**जागरण मोर्चा कार्यालय**
**पीलीभीत**। ज्ञान इंटरनेशनल स्कूल के विद्यार्थियों ने सीबीएसई 10वीं बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इस उपलब्धि पर विद्यालय में सम्मान समारोह आयोजित कर मेधावी छात्रों को सम्मानित किया गया। आरुष भारती ने प्रथम, अभिनव शर्मा ने द्वितीय व आयुष शर्मा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। अन्य विद्यार्थियों ने भी बेहतर अंक हासिल कर विद्यालय का नाम रोशन किया। प्रधानाचार्या पूजा छाबड़ा, प्रबंध निदेशक देवेंद्र सिंह छाबड़ा व उप-प्रधानाचार्य डॉ. आरिज अल्वी ने छात्रों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में अभिभावक व शिक्षकगण मौजूद रहे।





# नोएडा हिंसा का मास्टरमाइंड गिरफ्तार: UP STF ने तिरुचापल्ली स्टेशन से पकड़ा, लगातार ठिकाने बदल रहा था आदित्य

**एजेंसी समाचार**

**ग्रेटर नोएडा।** पुलिस के अनुसार श्रमिकों के धरना-प्रदर्शन के दौरान भड़काऊ गतिविधियों और हिंसा को संगठित करने में आदित्य आनंद की मुख्य भूमिका सामने आई थी। जांच में उसे पूरे घटनाक्रम का मास्टरमाइंड पाया गया था।

नोएडा में श्रमिक आंदोलन के दौरान हुई हिंसक घटनाओं के मुख्य साजिशकर्ता और एक लाख के इनामी आरोपी आदित्य आनंद को पुलिस ने आखिरकार गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर और एसटीएफ की संयुक्त टीम ने उसे तमिलनाडु के तिरुचापल्ली रेलवे स्टेशन से दबोचा है। लंबे समय से फरार चल रहे इस आरोपी की गिरफ्तारी को पुलिस बड़ी सफलता मान रही है।

पुलिस के अनुसार श्रमिकों के धरना-प्रदर्शन के दौरान भड़काऊ गतिविधियों और हिंसा को संगठित करने में आदित्य आनंद की मुख्य भूमिका सामने आई थी। जांच में उसे पूरे घटनाक्रम का मास्टरमाइंड पाया गया था। जिसके बाद थाना फेज-2 में उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था। घटना के बाद से ही वह लगातार ठिकाने बदलकर पुलिस से बचता फिर रहा था।

आरोपी की गिरफ्तारी सुनिश्चित करने के लिए न्यायालय द्वारा गैर-जमानती वारंट (एनबीडब्ल्यू) जारी किया गया था। इसके बाद पुलिस और एसटीएफ की टीमें अलग-अलग राज्यों में उसकी तलाश में लगातार दबिश दे रही थीं। पुलिस ने इलेक्ट्रॉनिक सर्विलांस, लोकेशन ट्रैकिंग और अन्य तकनीकी संसाधनों का सहारा लेकर उसकी गतिविधियों पर नजर बनाए रखी।

आरोपी की लोकेशन तमिलनाडु में ट्रेस होने के बाद विशेष टीम को वहां भेजा गया। टीम ने सटीक सूचना के आधार पर तिरुचापल्ली रेलवे स्टेशन पर घेराबंदी कर उसे गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के दौरान आरोपी ने बचने की कोशिश भी की, लेकिन पुलिस की सतर्कता के चलते वह सफल नहीं हो सका।






पुलिस के अधिकारियों ने बताया कि आदित्य आनंद की गिरफ्तारी से श्रमिक आंदोलन के दौरान हुई हिंसा के पूरे नेटवर्क और साजिश का खुलासा होने की उम्मीद है। उससे पूछताछ कर अन्य शामिल लोगों की पहचान और गिरफ्तारी के प्रयास तेज किए जाएंगे। फिलहाल पुलिस ने गिरफ्तार आरोपी के खिलाफ अग्रिम विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है और उसे ट्रांजिट रिमांड पर लाकर स्थानीय न्यायालय में पेश करने की तैयारी की जा रही है।

गौरतलब है कि हाल ही में नोएडा और ग्रेटर नोएडा के औद्योगिक क्षेत्रों में श्रमिकों द्वारा वेतन वृद्धि समेत विभिन्न मांगों को लेकर प्रदर्शन किया गया था, जो कुछ स्थानों पर हिंसक हो गया था। इस दौरान तोड़फोड़, आगजनी और कानून-व्यवस्था बिगाड़ने की घटनाएं सामने आई थीं।

# सेंट्रल मार्केट: महिलाओं के धरने पर सख्ती, पुलिस बोली- खत्म करें प्रदर्शन, मुकदमे की चेतावनी से भड़के व्यापारी

मेरठ। मेरठ के सेंट्रल मार्केट में सीलिंग कार्रवाई के विरोध में महिलाओं और व्यापारियों का धरना जारी है। पुलिस ने धरना खत्म करने को कहा है और चेतावनी दी है कि शांति भंग करने की कोशिश पर मुकदमा दर्ज किया जा सकता है।

मेरठ के शास्त्रीनगर स्थित सेंट्रल मार्केट में सीलिंग और ध्वस्तीकरण की कार्रवाई के विरोध में चल रहा धरना अब पुलिस और व्यापारियों के बीच तनातनी का कारण बनता जा रहा है। पुलिस ने व्यापारियों से धरना खत्म करने को कहा है, जबकि व्यापारियों का आरोप है कि धरना जारी रखने पर मुकदमा दर्ज करने की धमकी दी जा रही है। इससे व्यापारियों में नाराजगी बढ़ गई है।

सेंट्रल मार्केट में प्रभावित व्यापारी और उनके परिजन पिछले कई दिनों से धरना-प्रदर्शन कर रहे हैं। धरनास्थल पर बड़ी संख्या में महिलाएं भी बैठी हुई हैं। पुलिस द्वारा धरना खत्म करने के लिए कहे जाने के बाद व्यापारियों में गुस्सा बढ़ गया। नाराज व्यापारी तिरंगा बाजार बंद कर धरनास्थल की ओर पहुंचने लगे, जिससे माहौल और गरमा गया।

सेंट्रल मार्केट में आवासीय भूखंडों पर बने व्यावसायिक भवनों के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर ध्वस्तीकरण और सीलिंग की कार्रवाई की जा रही है। इस कार्रवाई के कारण बड़ी संख्या में व्यापारियों और उनके परिवारों के सामने रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो गया है। प्रभावित व्यापारी इस दौरान अवैध निर्माण के समय लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों के खिलाफ भी कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

पुलिस ने कुछ लोगों को बीएनएसएस की धारा 168 के तहत नोटिस दिए हैं। इस धारा के तहत पुलिस को आशंका होने पर संभावित अपराध या शांति भंग की स्थिति को रोकने के लिए पहले से कार्रवाई करने का अधिकार होता है।




सीलिंग के दौरान करीब 20 लोगों को नोटिस देकर पूछा गया है कि सर्वोच्च न्यायालय के आदेश के अनुपालन में की जा रही कार्रवाई में बाधा डालने और लोगों को उकसाने के मामले में उनके खिलाफ मुकदमा क्यों न दर्ज किया जाए।

पुलिस अधीक्षक सिटी विनायक गोपाल भोसले ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश के तहत सेंट्रल मार्केट में कार्रवाई की जा रही है। प्रभावित व्यापारी अपनी मांग रख रहे हैं, लेकिन ऐसे लोगों को नोटिस दिए जाएंगे जो व्यापारी नहीं हैं और लोगों को उकसाने की कोशिश कर सकते हैं।

# यूपी पंचायत चुनाव 2026: फिर बढ़ गई मतदाता सूची की तारीख, अब 10 जून को प्रकाशित होगी अंतिम लिस्ट

**एजेंसी समाचार**



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की मतदाता सूची के अंतिम प्रकाशन की तारीख एक बार फिर बढ़ गई है। अब अंतिम सूची 10 जून को प्रकाशित की जाएगी। राज्य निर्वाचन आयोग ने इसकी जानकारी दी है। ये पांचवीं बार है जब मतदाता सूची प्रकाशन की तारीख बढ़ाई गई है। संशोधित कार्यक्रम के अनुसार 21 अप्रैल से 28 मई तक मतदाता सूचियों का कंप्यूटरीकरण और डुप्लीकेशन से जुड़ा काम किया जाएगा। 29 मई से 9 जून तक मतदेय स्थलों की मैपिंग, वार्डों का क्रमांकन और फोटो प्रतियां तैयार करने का काम पूरा किया जाएगा। इसके बाद 10 जून को अंतिम सूची प्रकाशित की जाएगी। मालूम हो कि सबसे पहले इस सूची का प्रकाशन 15 जनवरी को होना था। उसके बाद इसमें लगातार तारीखें बढ़ती गईं। 15 जनवरी के बाद इसकी तारीख 6 फरवरी, फिर 28 मार्च, फिर 15 अप्रैल और आखिर में 22 अप्रैल तय की गई थी। तमाम कार्य अभी भी बाकी रह गए हैं, इसलिए पांचवीं बार प्रकाशन की तारीख आगे बढ़ा दी गई है। मालूम हो कि 23 दिसंबर 2025 में आयोग ने पुनरीक्षण की अंतिम सूची जारी की थी। अनंतिम सूची में 12.69 करोड़ मतदाता दर्ज थे, जो पिछले चुनाव के मुकाबले 40.19 लाख अधिक हैं। आयोग ने इस पर दावे और आपत्तियां मांगे थे। प्रदेश भर से लाखों आपत्तियां मिलीं। दावे और आपत्तियों पर आयोग ने सुनवाई पूरी की। अब अन्य कार्य चल रहा है। अब जब अंतिम सूची जारी होगी तब मतदाताओं की वास्तविक बढ़ोतरी की संख्या व कुल मतदाताओं का पता चलेगा।

# मेरठ से प्रयागराज जाना होगा आसान : गंगा एक्सप्रेसवे रफ्तार भरने को तैयार

## महज 6 घंटें पूरा करेंगे सफर, आपात स्थिति में उतर सकेंगे लड़ाकू विमान

**एजेंसी समाचार**

**लखनऊ:** उत्तर प्रदेश का सबसे लंबा और आधुनिक गंगा एक्सप्रेसवे अब पूरी तरह तैयार है। 594 किलोमीटर लंबे इस हाई-स्पीड कॉरिडोर का रन ट्रायल सफलतापूर्वक पूरा कर लिया गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 29 अप्रैल 2026 को हरदोई के सलेमपुर में इसका औपचारिक उद्घाटन करेंगे।

यह एक्सप्रेसवे मेरठ से प्रयागराज तक पूर्व-पश्चिम को जोड़ेगा। लंबे सफर में ड्राइवरों को नींद न आए और थकान न हो, इसके लिए एक्सप्रेसवे के दोनों ओर रंबल स्ट्रिप्स लगाई गई हैं। वाहन जब इन स्ट्रिप्स पर चढ़ेंगे तो कंपन पैदा होगा, जिससे चालक तुरंत सतर्क हो जाएगा। इससे थकान के कारण होने वाले दुर्घटनाओं का खतरा काफी हद तक कम हो जाएगा।

**आधुनिक सुविधाओं से लैस एक्सप्रेसवे**

एक्सप्रेसवे पर यात्रियों की सुविधा के लिए कई आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध होंगी, जिनमें शामिल हैं:

- विश्राम स्थल
- चिकित्सा केंद्र और ट्रॉमा सेंटर
- भोजनालय
- सीसीटीवी कैमरों की निगरानी
- पथ प्रकाश व्यवस्था
- हरे-भरे प्लांटेशन

ज्यादा जानें

भारतीय संस्कृति यात्रा

राजनीति

ई-पेपर प्रीमियम एक्सेस

पूरे 594 किमी मार्ग पर चप्पे-चप्पे पर सीसीटीवी कैमरे लगे हैं, जो यातायात नियमों का उल्लंघन, स्टंटबाजी या किसी भी आपराधिक गतिविधि पर तुरंत नजर रखेंगे।

15 टोल प्लाजा, 120 किमी/घंटा की स्पीड लिमिट

मेरठ से प्रयागराज के बीच कुल 15 टोल प्लाजा बनाए गए हैं। यूपीडा के अधिशासी अभियंता राकेश के अनुसार टोल प्लाजा पर कर्मचारी तैनात कर दिए गए हैं, साइनबोर्ड लगाए जा चुके हैं और स्पीड मॉनिटरिंग सिस्टम भी सक्रिय है। एक्सप्रेसवे की अधिकतम गति सीमा 120 किलोमीटर प्रति घंटा तय की गई है।

गंगा एक्सप्रेसवे की सबसे खास बात यह है कि यह सिर्फ सड़क नहीं, बल्कि रणनीतिक महत्व का इंफ्रास्ट्रक्चर भी है। आपातकाल या युद्ध जैसी स्थिति में चार जगहों पर लड़ाकू विमानों को उतारा जा सकेगा। इनमें शाहजहांपुर के जलालाबाद में 3.5 किलोमीटर लंबी हवाई पट्टी बनाई गई है।

एक्सप्रेसवे के बिजौली स्थित इंटरचेंज को फिलहाल मिट्टी डालकर बंद रखा गया है। उद्घाटन से एक दिन पहले ही इन मार्गों को खोल दिया जाएगा। अभी आम जनता के लिए एक्सप्रेसवे पर वाहन चलाना या पैदल चलना पूरी तरह प्रतिबंधित है।

यूपीडा के अधिशासी अभियंता राकेश मोगा ने कहा, ह्लगंगा एक्सप्रेसवे अब पूरी तरह तैयार है।

सीसीटीवी, लाइटिंग, हरियाली और टोल प्लाजा जैसी सभी सुविधाएं लग चुकी हैं। उद्घाटन के बाद यात्री फर्राटे भरते हुए सफर का आनंद ले सकेंगे। एजेंसी

ह्व यह एक्सप्रेसवे न सिर्फ यात्रा का समय बचाएगा, बल्कि उत्तर प्रदेश को नई विकास गति भी देगा।

# भीषण गर्मी में भी लोगों को बिजली की नहीं होगी समस्या, निर्बाध आपूर्ति को सरकार का पूरा प्लान तैयार

**एजेंसी समाचार**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में भीषण गर्मी में बिजली उपभोक्ताओं के लिए 34 हजार मेगावॉट बिजली उपलब्ध कराने की सरकार ने रणनीति तैयार कर ली है। पीक ऑवर की डिमांड को पूरा करने के लिए सभी नए थर्मल पावर प्लांट यूनिट्स को शुरू कर दिया गया है। उत्तर प्रदेश में भीषण गर्मी में लोगों को निर्बाध बिजली की आपूर्ति मिलेगी। ऊर्जा विभाग ने डिमांड पूरी करने के लिए 34 हजार मेगावॉट बिजली उपलब्ध कराने की रणनीति बनाई है। इसके लिए सभी नए थर्मल पावर प्लांट यूनिट्स को चालू कर दिया गया है। अतिरिक्त मांग को बिजली एक्सचेंज के जरिये पूरा किया जाएगा। यूपीपीसीएल के एमडी पंकज कुमार ने बताया कि अप्रैल से सितबंर के बीच बिजली की मांग बढ़ेगी। जून में पीक डिमांड लगभग 33,375 मेगावाट तक पहुंच सकती है, जो अब तक के उच्चतम स्तरों में से एक होगी। मई और जुलाई में भी मांग 31 से 32 हजार मेगावाट के बीच रहने की संभावना है। उन्होंने बताया कि इसको देखते हुए करीब 34 हजार मेगावाट बिजली उपलब्ध कराने की रणनीति तैयार कर ली गई है। घाटमपुर, खुर्जा, पनकी, ओबरा और जवाहरपुर जैसे प्रमुख परियोजनाओं से उत्पादन शुरू हो चुका है। वहीं, घाटमपुर की तीसरी यूनिट 30 अप्रैल तक चालू हो जाएगी। इससे बिजली आपूर्ति को और मजबूती मिलेगी। एमडी ने बताया कि कुछ राज्यों के साथ लगभग 4,663 मिलियन यूनिट (एमयू) बिजली की बैंकिंग व्यवस्था की गई है। ऐसे में जरूरत पड़ने पर अन्य राज्यों से बिजली ली जा सकेगी। बाद में वापस की जाएगी। यह व्यवस्था भी आपूर्ति को स्थिर बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।



# 74 जिलों के 1053 केंद्रों पर होगी होमगार्ड भर्ती परीक्षा, 41 हजार पदों के लिए 25 लाख अभ्यर्थी देंगे एग्जाम

**एजेंसी समाचार**

**लखनऊ।** यूपी में 74 जिलों के 1053 केंद्रों पर होमगार्ड भर्ती परीक्षा होगी। केंद्र पर मोबाइल, ब्लूटूथ डिवाइस, स्मार्ट कनेक्टिविटी वाले उपकरण प्रतिबंधित रहेंगे। 25, 26 व 27 अप्रैल को 41 हजार पदों के लिए 25 लाख अभ्यर्थी परीक्षा देंगे। आगे पढ़ें पूरी खबर....

उत्तर प्रदेश में होमगार्ड भर्ती परीक्षा की तैयारियां तेज हो गई हैं। 25, 26 और 27 अप्रैल को प्रस्तावित परीक्षा को सकुशल, पारदर्शी और नकलविहीन कराने के लिए यूपी पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड ने शनिवार को बैठक की। बोर्ड ने 74 जनपदों के नोडल अधिकारियों और पर्यवेक्षकों को विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। श्रावस्ती जिले में परीक्षा केंद्र नहीं बनाया गया है। 41 हजार पदों के लिए होने वाली परीक्षा में 25 लाख अभ्यर्थी शामिल होंगे।



बोर्ड के अधिकारियों के मुताबिक, 1053 केंद्रों पर होने वाली परीक्षा की सीसीटीवी से निगरानी की जाएगी। अभ्यर्थियों के प्रवेश से पहले आधार सत्यापन और बायोमेट्रिक जांच अनिवार्य की गई है। महिला अभ्यर्थियों की जांच अलग कक्ष में महिला पुलिसकर्मियों द्वारा की जाएगी।

अभ्यर्थियों को केवल प्रवेश पत्र, आधार कार्ड और नीले या काले पेन के साथ ही केंद्र पर आने के निर्देश हैं, जबकि मोबाइल फोन, ब्लूटूथ डिवाइस और स्मार्ट कनेक्टिविटी वाले उपकरणों पर पूरी तरह प्रतिबंध रहेगा। वहीं, धार्मिक चिह्नों जैसे कलावा, मंगलसूत्र आदि को नहीं हटाया जाएगा।

परीक्षा केंद्रों को प्रत्येक पाली से पहले और बाद में सुरक्षा व शुचिता के मद्देनजर सैनिटाइज किया जाएगा। केंद्रों पर भारी पुलिस बल तैनात रहेगा, जो चेकिंग-फ्रिस्किंग के साथ संदिग्ध गतिविधियों और अनुचित साधनों पर नजर रखेगा। किसी भी गड़बड़ी पर केस दर्ज करने के निर्देश हैं।







जागरण मोर्चा राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक स्वामी, किरन दीक्षित के लिए प्रकाशक, मुद्रक, मनोज कुमार दीक्षित द्वारा लक्ष्य प्रिन्टर्स 158/ 4 भानमती चौराहा मॉडल हाउस हुसैनगंज लखनऊ, ( उ०प्र० ) से मुद्रित एवं मीडिया हाउस 20ए शिवाजीमार्ग हुसैनगंज लखनऊ, ( उ०प्र० ) से प्रकाशित । सम्पादक योगेश कुमार वर्मा मो0- 7579849555,9627739857 E-mail: www.jagranmorchadaily@gmail.com RNI.No.-UPHIN/2022/82743 समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ मान्य होगा ।


CMYK